रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 5 अगस्त 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-348 मूल्य 3.00 ₹




# भूमि पूजन आज अयोध्या सजकर तैयार

## प्रधानमंत्री समेत 175 मेहमानों को न्योता

एजेंसी < अयोध्या
www.dailypioneer.com



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 12.30 बजे राम मंदिर के लिए भूमि पूजन करेंगे**

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए चल रहे तीन दिन के अनुष्ठान का आज दूसरा दिन है। अयोध्या में धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन राम जन्मभूमि में रामार्चा पूजा हुई। काशी और अयोध्या के 9 वेदाचार्य ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई। यह छह घंटे चली। यजमान के रूप में अशोक सिंघल के करीबी महेश बालचंदानी और उनकी पत्नी सुनीता बालचंदानी मौजूद रहीं। उधर, अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन में अब सिर्फ कुछ ही घंटे बचे हैं। 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर की नींव रखेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां करीब पूरी हो चुकी हैं। इस बीच, शहर में एसपीजी ने सुरक्षा संभाल ली है। शहर की सीमाएं सील कर दी गई हैं।

### भूमि पूजन समारोह देगा एकता का संदेश, जय सियाराम : प्रियंका



**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भगवान राम के चरित्र को भारतीय संस्कृति, दर्शन, सभ्यता का प्रतीक और भारतीय भूभाग में मानवता को जोड़ने का सूत्र बताते हुए कहा है कि अयोध्या में रामलला के मंदिर का भूमि पूजन समारोह राष्ट्रीय एकता बंधुत्व और सांस्कृतिक समागम का कार्यक्रम साबित होगा। श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कामना ➢शेष पेज 8 पर

### अयोध्या में कार्यक्रम

- 5 अगस्त की सुबह दिल्ली से प्रस्थान.
- 9.35 बजे दिल्ली से उड़ेगा विशेष विमान.
- 10.35 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग.
- 10.40 बजे हेलिकॉप्टर से अयोध्या के लिए प्रस्थान.
- 11.30 बजे अयोध्या साकेत कॉलेज के हेलीपैड पर लैंडिंग.
- 11.40 बजे हनुमान गढ़ी पहुंचकर 10 मिनट दर्शन-पूजन.
- 12 बजे राम जन्मभूमि परिसर पहुचने का कार्य म.
- 10 मिनट में रामलला विराजमान का दर्शन-पूजन.
- 12.15 बजे रामलला परिसर में पारिजात का पौधारोपण.
- 12.30 बजे भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ.
- 12.40 बजे राम मंदिर की आधारशिला की स्थापना.
- 2.05 बजे साकेत कॉलेज हेलीपैड के लिए प्रस्थान.
- 2.20 बजे लखनऊ के लिए उड़ेगा हेलिकॉप्टर।

### रायपुर के राम मंदिर में मनाया जाएगा उत्सव, 9 हजार दीपों से होगा जगमग

**रायपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के शिलान्यास की तैयारी पूर्णता की ओर है. 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में होने वाले शिलान्यास का उत्सव रायपुर के श्रीराम मंदिर में भी मनाया जाएगा. कोरोना की वजह से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सीमित संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर 9 हजार दीपों से जगमग होगा.राम मंदिर के पुजारी अजय पांडेय ➢शेष पेज 8 पर

### राम मंदिर भूमि पूजन में शामिल होने अयोध्या रवाना हुए संत युद्धिष्ठिर

**रायपुर।** राम की नगरी अयोध्या में राम मंदिर का भूमि पूजन 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है. जिन्हें आमंत्रण मिला है, वो अयोध्या के लिए रवाना हो रहे हैं. राम मंदिर भूमिपूजन समारोह के लिए छत्तीसगढ़ से एकमात्र संत युधिष्ठिर को न्यौता मिला है. इसके अलावा किसी को भी आमंत्रण नहीं मिला है. मंगलवार सुबह संत युधिष्ठिर रायपुर एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए रवाना हो गए हैं।

## यूपीएससी परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित, प्रदीप सिंह को पहला स्थान

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com


संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2019 का अंतिम परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया जिसमें प्रदीप सिंह ने पहला स्थान हासिल किया, दूसरे स्थान पर जतिन किशोर और तीसरे स्थान पर प्रतिभा वर्मा रही हैं। आयोग ने इस बार कुल 829 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। इन उम्मीदवारों में 304 उम्मीदवार सामान्य वर्ग, 78 उम्मीदवार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, 251 उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग, 129 अनुसूचित जाति और 67 उम्मीदवार अनुसूचित जनजाति के शामिल हैं। यूपीएससी ने सिविल सेवा के लिए सितंबर ➢शेष पेज 8 पर

## छत्तीसगढ़ से 5 छात्रों ने यूपीएससी में लहराया परचम, सिमी करण ने हासिल किया 31वां रैंक



**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने (यूपीएससी) सिविल सर्विस परीक्षा-2019 का रिजल्ट जारी किया है. छत्तीसगढ़ से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 5 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है. जिसमें सिमी करण ने 31वां रैंक, उमेश प्रसाद गुप्ता ने 162वां रैंक, सूथान ने 209वां रैंक, आयुष खरे ने 267वां रैंक और योगेश कुमार पटेल ➢शेष पेज 8 पर

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं को दी बधाई



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में छत्तीसगढ़ से चयनित हुए 6 छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। ➢शेष पेज 8 पर




# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज हितग्राहियों के खाते में जारी करेंगे गोबर खरीदी की राशि

## महेन्द्र कर्मा के नाम होगी योजना : 46 हजार 964 हितग्राहियों को 1.65 करोड़ का होगा भुगतान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 5 अगस्त को अपने रायपुर निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार की अभिनव योजना 'गोधन न्याय योजना' के तहत गोबर खरीदी का पहला भुगतान हितग्राहियों के खाते में अंतरित करने की प्रक्रिया का शुभारंभ करेंगे। बघेल इस अवसर पर प्रदेश में शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना का भी शुभारंभ करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री बघेल दोपहर 3 बजे शहीद महेन्द्र कर्मा की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और वन मंत्री मोहम्मद अकबर का उद्बोधन होगा। बघेल 3.15 बजे गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी की राशि का हितग्राहियों के खाते में अंतरण प्रक्रिया का शुभारंभ करेंगे। बघेल इसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। दोपहर 3.35 बजे मुख्यमंत्री शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा दोपहर 3.50 बजे राम वन गमन पथ पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री बघेल गोधन न्याय योजना के तहत 20 जुलाई से 1 अगस्त तक गोबर खरीदी की पहली किश्त की राशि 5 अगस्त को सहकारी बैंक के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में अंतरित करेंगे। राज्य में कुल 4140 गौठानों में पंजीकृत 65 हजार 694 हितग्राहियों में से 46 हजार 964 हितग्राही द्वारा 82 हजार 711 क्विंटल गोबर का विक्रय किया गया, जिसकी कुल राशि 2 रूपए प्रति किलो की दर से 1 करोड़ 65 लाख रूपए पशुपालकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इस योजना का लाभ प्रदेश के अंतिम छोर के पशुपालकों तक पहुंचाया जा रहा है, जिसमें 38 प्रतिशत महिला हितग्राही, 48 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 39 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 8 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति एवं 5 प्रतिशत सामान्य वर्ग के हितग्राही हैं। गोबर खरीदी का आगामी भुगतान 15 अगस्त को किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी और बालोद जिलों में सबसे अधिक गोबर विक्रय किया गया है। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में रायपुर एवं दुर्ग के पशुपालकों ने सबसे ज्यादा गोबर विक्रय किया गया है।

गोधन न्याय योजना देश में अपने तरह की प्रथम योजना है, जिसमें पशुपालकों, किसानों से 2 रूपए प्रति किलो (परिवहन व्यय सहित) की दर पर गौठानों में खरीदी की जा रही है। खरीदे गए गोबर से गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर इसका सहकारी समितियों के माध्यम से विक्रय किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से एक ओर पशुपालकों को आर्थिक लाभ होगा। दूसरी ओर प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा।

**शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना :** शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना में तेंदूपत्ता संगहण कार्य में लगे पंजीकृत संग्राहक परिवार के मुखिया (50 वर्ष से अधिक आयु नहीं होने की स्थिति में) की सामान्य मृत्यु पर नामांकित व्यक्ति अथवा उत्तराधिकारी को 2 लाख रूपए की अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। दुर्घटना से मृत्यु होने पर दो लाख रूपए अतिरिक्त प्रदान किया जाएगा। दुर्घटना में पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रूपए और आंशिक विकलांगता की स्थिति में एक लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि दी जाएगी।

योजना के अंतर्गत यदि संग्राहक परिवार के मुखिया की 50 से 59 आयु वर्ष के बीच सामान्य मृत्यु होती है, तो 30 हजार रूपए, दुर्घटना में मृत्यु होने पर 75 हजार रूपए, दुर्घटना में पूर्ण विकलांगता की स्थिति पर 75 हजार रूपए और आंशिक विकलांगता की स्थिति में 37 हजार 500 रूपए की सहायता अनुदान राशि परिवार के नामांकित व्यक्ति अथवा उत्तराधिकारी को दी जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से वन विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के समन्वय से यह योजना प्रारंभ की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा किया जाएगा, जिसमें संबंधित जिला यूनियन द्वारा ही एक माह के अंदर प्रकरणों का निराकरण करते हुए सहायता अनुदान की राशि सीधे संग्राहकों के बैंक खातों में प्रदाय की जाएगी, जिससे प्रकरणों का निराकरण सुगमता एवं शीघ्रता से किया जा सकेगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों के सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सुदृढ़ता सुनिश्चित करने हेतु वचनबद्ध है। राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण दर 2500 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा की गई है।

# डिग्री प्राप्त करने से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि करूणा का भाव भी आवश्यक : उइके



■ राज्यपाल 'उच्च शिक्षा का सामाजिक सरोकार' विषय पर आयोजित वेबिनार में हुई शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सिर्फ डिग्री प्राप्त करने से ही सफलता नहीं मिलती है, बल्कि इसके साथ अनुशासन, संवेदनशीलता, दया और करूणा का भाव भी आवश्यक है, यह भाव आने से जीवन में निश्चित ही सफलता मिलती है। हमें यह प्रयास करना चाहिए कि विश्वविद्यालय शिक्षा में ऐसे गतिविधियों को शामिल करें जिससे उनका समाज से जुड़ाव हो। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कही। वे आज हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा ''उच्च शिक्षा का सामाजिक सरोकार'' विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रही थी।

राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा हो अथवा शालेय शिक्षा, दोनों ही का सामाजिक सरोकार अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसमें विद्यमान समाजों की प्रगति पर निर्भर होती है। कोई भी शिक्षित समाज ही किसी प्रदेश अथवा देश की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा सकता है। उच्च शिक्षा का दायित्व इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि हमारे भारतीय समाज का लगभग 30 प्रतिशत, युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। यही युवा महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर समाज को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं अथवा वर्तमान सामाजिक दशा में रचनात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कोविड-19 की संकट की घड़ी में तथा उसके पश्चात भी हमेशा ''बहुजन सुखाय-बहुजन हिताय'' की अवधारणा पर कार्य करें। एनएसएस के स्वयंसेवक जब वार्षिक शिविरों में शामिल होते हैं, तो समाज के प्रति उनकी सोच में तथा समाज को देखने के नजरिए में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

राज्यपाल ने कहा कि एनएसएस जैसी संस्थाएं युवाओं में सामाजिक चेतना और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करता है। मैं स्वयं एनएसएस से जुड़ी थी और इनके शिविर में शामिल होकर जब सेवा करने का मौका मिला तो समाज के प्रति सेवा की प्रेरणा मिली। मैं अपने सहपाठियों से सेवा में सहभागी होने आग्रह करती थी और कहती थी कि कोई भी काम छोटा नहीं होता मानव मात्र की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा कार्य है। ऐसी भावना जिस व्यक्ति में होती है वह किसी भी क्षेत्र में हो अवश्य सफल होता है। एनएसएस में 'हम होंगे कामयाब'' का गीत गाया जाता है, ऐसी भावना से व्यक्ति कर्तव्य के प्रति जागरूक होता है।

## अमित जोगी बने पिता, निजी अस्पताल में ऋचा जोगी ने दिया बेटे को जन्म, कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) के अध्यक्ष अमित जोगी के घर खुशी आई है. उनकी पत्नी ऋचा जोगी ने निजी अस्पताल में बेटे को जन्म दिया है. अमित जोगी ने ट्वीट कर खुशी के पल को साझा किया. उन्होंने लिखा कि आज ऋचा और मेरे जीवन का सबसे यादगार क्षण है. हमे माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. बिना पापा के आज यह खुशी अधूरी है. अपने पोते की नन्ही आँखें खुलने के बस कुछ दिन पहले पापा की आँखें बंद हो गई. लगता है मानो,पापा फिर से एक नया जीवन,नई उमंग के साथ,छतीसगढ़ महतारी की इस पावन मिट्टी में हमारे बच्चे के रूप में जन्म लेकर आये हैं. बिल्कुल वही आँखें, वही मुस्कान और वही उत्साह! सभी शुभचिंतकों एवं वरिष्ठजनों की प्रार्थनाओं और आशीर्वाद के लिए बहुत बहुत आभार। अमित जोगी को प्रथम पुत्र रत्न की प्राप्ति पर प्रदेशभर से बधाई संदेश मिल रहे हैं. सागौन बंगले के बाहर कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है. खुशी में लोगों को मिठाई बांटकर बधाई दी. पार्टी प्रवक्ता भगवानु नायक ने बताया कि जोगी परिवार में उत्साह का माहौल है. पार्टी के नेता जश्न मना रहे हैं. कार्यकर्ता इसे जोगी जी की वापसी मान रहे हैं।

# विधर्मियों को भी राम के चरणों में आने पर मजबूर होना पड़ा : बृजमोहन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



श्रीराम मंदिर का श्रेय लेने वाली कांग्रेसी विधायक की टिप्पणी पर बीजेपी का पलटवार

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण पर छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायक और संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के उस बयान पर सियासत गर्मा गई है, जिसमें उन्होंने मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दिया था। इस बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया है। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विधर्मियों को भी प्रभु राम के चरणों में आने पर मजबूर होना पड़ा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि ये खुशी की बात है कि जो लोग कल तक प्रभु राम के अस्तित्व को नकारते थे, जो लोग राम को काल्पनिक कहते थे, जिनके नेता कोर्ट में राम मंदिर की सुनवाई को आगे बढ़ाते रहे, जिस पार्टी के नेता राम काम नाम सुनकर आपा खो बैठते थे. जो कहते थे हमारे राम अलग है, उनके राम अलग है. वो लोग आज पोस्टर लगाकर श्रेय लेने की होड़ में लग गए हैं. राम के नाम पर दिए जला रहे हैं. उन्हें भी आज राम के चरणों में आने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जब से हमने होश संभाला है, तब से देखा है कि राजनीतिक स्वार्थों के लिए लोग विरोध प्रकट करते थे। राम जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण का शुभारंभ होने पर पूरे विश्व में राम को मानने वाले लोगों में हर्ष है। 500 सालों की प्रताड़ना के बाद राम मंदिर की शुरूआत हो रही है। हम कहते थे राम लला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। यह सपना साकार हो रहा है, भावना पूरी हो रही है. बृजमोहन अग्रवाल ने काह कि आज हम जनता से आह्वान करते हैं कि आज और कल दिवाली मनाएं। उत्सव मनाएं. दीपक जलाए, रोशनी करें। अपनी भावना का प्रकटीकरण करें।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने अपने बयान में कहा था कि कहा उच्चत्तम न्यायालय राम मंदिर निर्माण को लेकर निर्णय नहीं देती तो भाजपा आगे भी इस मुद्दे को अपने राजनीतिक फायदे के लिए ही उपयोग करते रहती। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण यदि आज होने जा रहा है, तो कांग्रेस पार्टी इसके लिये पहला हकदार है। ये बात और है कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए राम मंदिर को कभी मुद्दा नहीं बनाया, जबकि भाजपा नेताओं की जुबानी से भी ये बात पूरे सोशल मीडिया में सुनी जा सकती है कि राम मंदिर निर्माण के पहले प्रणेता व असली हीरो राजीव गाँधी ही थे. 1986 में जब फ़ैज़ाबाद के ज़िला जज ने विवादित मजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद को लेकर कोर्ट से फ़ैसला सुनाया तो राजीव गांधी ने ही इस विवादित स्थल का ताला खुलवाया था और इसके बाद राम मंदिर बनाये जाने शिलान्यास भी किया।

### रायपुर स्मार्ट सिटी के फेसबुक लाइव-शो पर पहुंची आर्टिस्ट अनुराधा दुबे ने कहा-

# शब्दों की बाजीगरी, साज व आवाज की गूंज के लिए जरूरी है मनोभाव पर संयम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर स्मार्ट सिटी के फेसबुक लाइव-शो के माध्यम से जानी-मानी टीवी सीरियल्स व फिल्म अदाकारा, दूरदर्शन की न्यूज रीडर, श्रीमती अनुराधा दुबे ने शहरवासियों से शब्दों की बाजीगरी, संगीत व स्वर लहरियों की धुनों के बीच अदाकारी, भाव अनुरूप स्वरों के परिवर्तन और संवाद के सरल व सहज तरीकों के संबंध में विस्तार से बात की। बुधवार 5 अगस्त को स्मार्ट सिटी रायपुर की बाल कवियत्री भव्या सूर्या अपने लेखन की बारीकियों व अपनी स्वर लहरियों के साथ दर्शकों से रूबरू होंगी।

कोरोना के इस दौर में जब हर व्यक्ति घर पर है, ऐसे में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. सभी के लिए अपने फेसबुक पेज से समय का सदुपयोग कैसे कर अपनी अभिरूचियों से जीवन को नई दिशा देने देने के लिए विशेषज्ञों के साथ जन संवाद स्थापित करा रहा है। लाइव-शो के पिछले तीन एपिसोड में जहां आईटी एक्सपर्ट मोनाली गुहा से सायबर सुरक्षा व अपराध से जु?ी महत्वपूर्ण जानकारी शहरवासियों से साझा कीं, वहीं लाइफ डिजाइन व मोटिवेशनल स्पीकर शिल्पा नाहर ने सामाजिक व मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।

फिल्म अदाकारा, वाइस ओवर आर्टिस्ट व पर्यटन विकास मंडल में जनसंपर्क अधिकारी अनुराधा ने इस दौरान हर उम्र वर्ग के लिए प्रेरक बातें भी कीं, कलाकार के मनोभाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि समस्याओं को चुनौतियों के रूप में लेकर कठिन राह को भी आसान बनाया जा सकता है। रंगमंच और जीवन यात्रा की समानता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कठिन समय में अपनी मनोदशा को संयमित व व्यवस्थित कर हर परिस्थितियों को बेहतर बनाया जा सकता है। उनका मानना है कि विपरीत परिस्थितियों में कठिन राह से मिली जीत ही व्यक्ति को सफल इंसान के रूप में स्थापित करती है। पालकों से भी उन्होंने कहा कि बच्चे की रचनात्मकता को कभी खोने न दें, बल्कि उनके मनोभावों में ऐसे गुणों की तलाश कर उसके तराशने का काम करें, जो उनकी रूचियों में शामिल हैं। अनुराधा मानती हैं कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती इसलिए जीवन के हर पड़ाव में कुछ नया करने और सीखने के लिए हमेशा तैयार होना चाहिए।

### त्रिवेणी संगम स्थल पर कुलेश्वर महादेव के संबंध में प्रचलित है किवदंती

# राजिम संगम में वनवास काल में माता सीता ने की थी कुल देवता की पूजा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजिम को छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी के नाम से जाना जाता है. राजिम में महानदी के तट पर राजीव लोचन मंदिर परिसर से लगी सीताबाड़ी है. राजिम को धर्म नगरी और लोक कला संस्कृति का गढ़ कहा जाता है. राजिम में पैरी, सोंढूर और महानदी का पवित्र संगम स्थल त्रिवेणी है. इसी त्रिवेणी संगम स्थल पर कुलेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है। कुलेश्वर महादेव के संबंध में किवदंती है कि 14 वर्ष के वनवास काल में माता सीता ने संगम स्थल में स्नान कर अपने कुल देवता की नदी के रेत से विग्रह बनाकर पूजा अर्चना की थी. इसी कारण उनका नाम कुलेश्वर महादेव है।

राजिम छत्तीसगढ़ के लिए जन आस्था का केन्द्र है, यहां प्रतिवर्ष माघी पुन्नी मेला से महाशिवरात्रि तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. यहां देश विदेश से साधु-संतों एवं दर्शनार्थियों का शुभागमन होता है. कुलेश्वर महादेव मंदिर के समीप लोमश ऋषि का आश्रम है. उसी के समीप एक माह तक लोग कल्पवास करते है. राजिम क्षेत्र को छत्तीसगढ़ की पंचकोशी परिक्रमा के नाम से भी जाना जाता है. पंचकोशी परिक्रमा में 5 स्वयंभू शिवलिंग की लोग साधना पूर्वक परिक्रमा करते हैं. जिनमें प्रमुख कुलेश्वर महादेव, राजिम, पठेश्वर महादेव, पटेवा, चम्पेश्वर महादेव, चंपारण, फणिकेश्वर महादेव, फिंगेश्वर और कोपेश्वर महादेव कोपरा है. राजिम पुरातत्वों एवं प्राचीन सभ्यता के लिए प्रसिद्ध है. यहाँ भगवान राजीव लोचन की भव्य प्रतिमा स्थापित है.



सीताबाड़ी में उत्खन्न कार्य किया रहा है. जिसमें सम्राट अशोक के काल का विष्णु मंदिर, मौर्य कालीन अवशेष, 14वीं शताब्दी का स्वर्ण सिक्का, अनेक मूर्तियाँ और सिंधुघाटी सभ्यता से जुड़ी अनेक कलाकृतियां मिल रही है. राजिम माघी पुन्नी मेला महोत्सव में पूरे छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति का दर्शन होता है।

छत्तीसगढ़ का प्रयागराज राजिम जहां सोंढुर, पैरी और महानदी का संगम है. कहा जाता है कि राम वन गमन के दौरान भगवान रामचन्द्र सीता और भाई लक्ष्मण के साथ लोमश ऋषि आश्रम में ठहरे थे. वे पंचकोशी धाम के स्थलों से भी गुजरे थे. वनवास काल में राम ने इस स्थान पर अपने कुलदेवता महादेव की पूजा-अर्चना की थी. त्रिवेणी संगम राजिम की पहचान पहले से ही आस्था, धर्म और संस्कृति नगरी के रूप में स्थापित हैं. राजिम नगरी की धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक मान्यता है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राम वन गमन परिपथ को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है. पर्यटन विभाग द्वारा इसके लिए लगभग 137 करोड़ रूपए का कॉन्सेप्ट प्लान बनाया गया है. प्रथम चरण के लिए चिन्हित 9 स्थलों में गरियाबंद जिले का प्रयागराज के नाम से विख्यात राजिम भी शामिल है. राजिम को पर्यटन की दृष्टि से बनाए गए प्लान में राम वन गमन पथ के लिए राजिम को चिन्हांकित किया गया है।

कुलेश्वर मंदिर और राजीव लोचन मंदिर और लोमश ऋषि आश्रम का सौंदर्यकरण कर वहां जरूरी सुविधाएं विकसित करने योजना तैयार की गई है. इस योजना में राजिम के आस-पास 25 किलोमीटर परिधि में पंचकोशी धाम यात्रा के प्रमुख स्थलों में मूलभूत सुविधाएं- पेयजल, यात्री प्रतीक्षालय, पर्यटन सुविधा केंद्र सहित अनेक सुविधाएं विकसित की जाएगी।

# आस्था को राजनीति से जोड़कर भाजपा ने किया पाप : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

देश के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के मंदिर निर्माण पर हर भारतीय को हर्ष, प्रसन्नता और गर्व की अनुभूति हो रही है।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी हमारी आस्था का प्रतीक हैं मगर भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार इस निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम का राजनीतिकरण करने में लगी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत मे सनातन धर्म को मानने वाला देश का हर नागरिक श्रीराम भक्त है, भाजपा राम भक्त होने का प्रमाण पत्र बांटने की कोशिश ना करे।

घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम जी का ननिहाल माता कौशल्या की धरती है। भगवान श्री राम जी वनवास के 14 साल में 12 साल छग से जुड़े हैं।

15 वर्षों तक भाजपा सत्ता पर रही रमन सिंह मुख्यमंत्री रहे उनके मंत्रिमंडल में बृजमोहन अग्रवाल जी पर्यटन, संस्कृति धर्मस्य जैसे विभिन्न विभागों के मंत्री रहे परंतु कभी भी छत्तीसगढ़ की पहचान माता कौशल्या की धरती, श्रीराम वनपथ गमन को राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने कोई प्रयास नहीं किये और आज समूची भाजपा प्रभु श्रीराम के नाम पर राजनीति पर उतारू है।

छत्तीसगढ की जनता इसे लेकर पूर्ववर्ती रमन सरकार और भाजपा को कभी माफ नही करेगी।

# वेस्ट से बनाई बेस्ट राखी, स्वच्छ नगर के वादे के साथ दीदी ने बांधी राखी

■ इस अनोखे कार्यक्रम की हो रही तारीफ

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण के चलते राखी का त्यौहार थोड़ा फीका जरूर पढ़ गया हो लेकिन नगर पालिका में स्वच्छता दीदीयों के द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम की हर तरफ तारीफ हो रही है। दरअसल स्वच्छता महिला मित्रों के द्वारा वेस्ट से बेस्ट राखी बनाई गई और स्वच्छ नगर के वादे के साथ राखी बांधी गई।

नगर पालिका सुकमा में स्वच्छता का संस्कार कोरोना पर वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्वच्छता दीदीयों के द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम में कलेक्टर चंदन कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी व एएसपी सुनील शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वच्छता दीदीयों के द्वारा वेस्ट यानि की कचरे के ढेर से बेस्ट राखी बनाई गई थी। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों की पूजा के साथ विधि विधान से हाथों में राखी बांधी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू, सुरेन्द्र चांडक, सीबी बंसोड़, रमेश राठी, शेख गुलाम, राजेश नारा, कपिल सिंह, आशीष कोर्राम, नागराज कर्मा मौजूद थे।

### अलग हटकर थी राखी

इस कार्यक्रम में उपयोग ली जाने वाली राखी बेहतरीन थी। इस राखी की खासबात यह थी कि कचरे के ढेर से बनाई गई थी। यानि की घर-घर कचरा उठाने वाली स्वच्छता दीदीयो के समूह ने वेस्ट से बेस्ट राखी अपने हाथों से बनाई। जिसकी तारीफ हर कोई कर रहा था।

### उपहार में मांगा स्वच्छ नगर

सफाईमित्र महिला समूह ने अतिथियों के हाथों में राखी बांधी। राखी बांधने के बाद उपहार के तौर पर महिलाओं ने नगर को स्वस्छ रखने में सहयोग मांगा है। क्योंकि नगर को स्वच्छ रखने में सफाई के साथ-साथ लोगो में जागरूकता की जरूरत है। लिहाजा नगर के प्रमुखों लोगो को राखी बांध कर लोगो में अच्छा संदेश देने की कोशिश की गई।

घर-घर जाकर कचरा उठाने वालों को में हमेशा सफाई वाला बोलता हूं क्योंकि यही लोग हमारे नगर को साफ रखते है। कार्यक्रम भले ही छोटा हो लेकिन संदेश बड़ा है। नगर को साफ रखने में सफाईकर्मियों के अलावा हम सब की भागीदारी जरूरी है। यही उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था।
**- राजू साहू,** अध्यक्ष नपा सुकमा

नगर को साफ-सुधरा रख सफाईकर्मी हमे बीमारी से बचा रहे है। हमारी नजर में आप लोग असली कोरोना वारियर्स हो। हमारी शुभकामनाऐं है कि आप व आपके परिवार सुरक्षित रहे। पुलिस हमेशा आप लोगो की मदद के लिए तत्पर है। आपके हर कदम के साथ हम खड़े है। आपका यह प्रयास सहारनीय है।
**- सुनील शर्मा,** एएसपी नक्सल आप्स सुकमा

सुकमा को स्वच्छ रखने में आप लोगो की भूमिका महत्वूपर्ण है। कोरोना संक्रमण में आप लोगो की मेहनत व सेभाभाव तारीफे काबिल है। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आप सभी स्वस्थ रहे और आपके सहयोग के लिए हम हमेशा तैयार है। इस कार्यक्रम से पुरे नगर में एक अच्छा संदेश जाऐंगा। मेरी नगरवासियों से अपील है कि नगर को साफ रखने में अपनी भूमिका अदा करे।
**- हरीश कवासी,** जिप अध्यक्ष

नगर की सफाई करने वालों की संख्या भले ही कम हो लेकिन आप लोगों के समर्पण, तत्परता, कटिबद्धता देखते ही बनती है। बडे हर्ष की बात है कि रक्षा बंधन पर कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम छोटा है लेकिन संदेश बहुत बड़ा हैं। क्योंकि वर्तमान समय में नगर को साफ-सुधरा रखना अनिर्वाय है। हर तरफ कोरोना संक्रमण फैल रहा है। लेकिन हमारे यहां पर अभी कम है जिसके पीछे मुख्य वजह है नगर की साफ-सफाई। में कार्यक्रम के माध्यम से नगरवासियों से अपील करूंगा की मास्क पहनकर ही बाहर निकले साथ ही सोशल डिस्टेंस का पालन करे और घर व नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करे।
**- चंदन कुमार,** कलेक्टर सुकमा

# मोर्चे पर तैनात जवानों ने एक-दूसरे को बांधा रक्षासूत्र

■ बहनों से दूरभाष पर की बात, क्षेत्र की सुरक्षा का दिया वचन

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



नक्सल मोर्चे पर तैनात जवान वर्तमान में दोहरी चुनौती से लड़ रहे है। एक तरफ नक्सलियों का शहीदी सप्ताह तो दूसरा कोरोना संक्रमण से निपट रहे है। ऐसे में जवानों को ना तो घर जाने का अवकाश मिला और ना ही घर से राखी जवानों तक पहुंच पाई। ऐसे में जवानों ने कलाई को सूनी ना रखते हुए आपस में ही राखी बांध रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया और क्षेत्र की सुरक्षा का वचन दिया। रक्षाबंधन पर जवानों ने दूरभाष पर ही बहनों से बातचीत की।

कोरोनाकाल में रक्षा बंधन जैसे भाई बहन के पवित्र त्यौहार का रंग भी फीका पड़ गया साल का यह त्यौहार ऐसा होता है जब भाई की कलाई पर राखी बांधकर अपनी सुरक्षा का वचन मांगती है लेकिन सुकमा जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात जवानों तक ना तो बहन की राखी पहुंच पाई है। ऐसे में केरलापाल व गादीरास थाने में तैनात जवानों ने एक-दुसरे को राखी बांधी और क्षेत्र की सुरक्षा का वचन दिया। ज्ञात हो कि जिले में जवान दोहरी चुनौती से निपट रहे है। एक तरफ नक्सलियों का शहीदी सप्ताह चल रहा है तो दूसरी और कोरोना संक्रमण का कहर ऐसे में जवान दिन-रात डयूटी कर रहे है। और लाक डाउन व आवागमन के साधन नहीं होने के कारण जवानों को उनकी बहनों की राखी नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में जवान सिर्फ दूरभाष पर बात कर अपनी बहनों बात कर त्यौहार मनाया।

# पूरा देश रक्षाबंधन की रेशमी डोरी से बंध गया

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

रक्षाबंधन पर्व भाई और बहनों की स्नेह का पर्व हैं इस पावन दिन पर बहनें अपनी भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर भाइयों की लंबी आयु,स्वस्थ जीवन और खुशहाली की कामना हेतु भाई बहन का अटूट बंधन सदैव बनी रहे यही धारणा को संजोय व पिरोय रखते हुये पूरे देश भर में भाई बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता हैं । कोरोना काल की इस वैश्विक महामारी में भी लौह नगरी किरंदुल में भाई बहनों का पर्व रक्षाबन्धन त्यौहार मनाया गया । तो हम देख सकते है कि कोरोना काल की इस महामारी में भी बहने अपने भाइयों की खुशहाली दीर्घायु और स्वस्थ रखने कलाइयों पर रक्षाबंधन की डोर बांधकर इस पावन पर्व को सार्थक बनाया ।



## महिलाओं ने रक्षा सूत्र बांधकर पौधों की लंबी आयु की कामना की



वन जल संरक्षण समिति के द्वारा कारगिल के वीर शहीदों के नाम से एक लघु वन आमोद आरण्य विकसित किया जा रहा है। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर महिलाओं ने रक्षा सूत्र बांधकर पौधों की लंबी आयु की कामना करने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया । तो हम देख सकते है कि कोरोना काल की इस वैश्विक महामारी में भी रक्षाबंधन पर्व भाइयों की कलाइयों से लेकर पेड़ पौधों पर भी रक्षा की डोर बाँधी गई तो कहीं ना कहीं कोरोना काल मे रक्षाबंधन का यह पवित्र त्यौहार कोरोना पर भारी पड़ा ।

# विधायक प्रतिनिधि ने बांधी पेड़ में राखी, जंगल बचाने की खाई कसम

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले में वन परिक्षेत्र माकड़ी के शामपुर जंगल में वन परिक्षेत्र अधिकारियों ग्रामीणों के साथ गजेंद्र राठौर विधायक प्रतिनिधि द्वारा वृक्षों को राखी बांधी गई। व जिस तरह रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जहां भाई बहनों का पवित्र रिश्ता, भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र कच्चा धागा बांधकर बहनों की सुरक्षा की कसम खाई जाती है। उसी तरह ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, वन विभाग द्वारा पेड़ों पर राखी बांधकर सुरक्षा की कसम खाई। ग्रामीणों, वन सुरक्षा समिति, वन अभिकरण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से निवेदन किया। रक्षाबंधन भाई-बहनों के पवित्र रिश्ता की याद दिलाता है

दक्षिण वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार पेड़ में राखी बांधकर जंगल की सुरक्षा याद दिला रहे, वनपाल बी रामाराव ने बताया कि रक्षाबंधन पर हर वर्ष भाई बहनों के पवित्र रिश्ता की याद दिलाते रहता है, तथा बहनों की सुरक्षा के लिए भाई हमेशा तत्परतापूर्वक साथ रहता है, इसी तारतम्य में वन मंडल के अधिकारियों द्वारा वनों की कटाई को रोकने हेतु, रखी के पावन पर्व पर जंगल के वृक्षों की सुरक्षा के लिए वन परीक्षेत्र माकड़ी के शामपुर बीट पर ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पेड़ों पर राखी बांधकर जंगल बचाने की कसम खाई।

इस कार्यक्रम में उपस्थित टोकेश्वरी नेताम, सरपंच सुकली पोयम, हरा पटेल, गंगा पटेल, निरंजन वैष्णव, हरीश चौहान, भानु शंकर ठाकुर, जगदीश नेताम, जागेश्वर मरकाम, नारायण पांडे, फूलचंद पटेल वन परीक्षेत्र शामपुर वनपाल वीरा मारा, राव मंगत मरकाम चौकीदार दयालु राम पटेल आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# बहनों ने ऑनलाइन बांधी राखी, भाइयों ने भेजी गिफ्ट डिजिटल पेमेंट के जरिए

■ कोरोना भाई-बहन के पवित्र प्यार में नहीं बन पाया बाधा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में हर्षोल्लास के साथ बहनों ने मनाया राखी का त्योहार। रेशम की इस पवित्र डोर से बंधा यह त्योहार जिलेभर में उत्साह सहित कोरोना डर के माहौल में मनाया गया। वहीं कोरोना संकट काल मे यातायात बन्द होने के कारण कई भाई बहन मिल नहीं पाए। ऐसे में इस वर्ष राखी का त्योहार मनाने के तरीके में भी बदलाव आया है। ज्यादातर लोग ऑनलाइन राखी बांधने के साथ ही गिफ्ट भी ऑनलाइन मिला।

ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण के कारण पिछले चार महीने में केवल व्यापार ही नहीं बल्कि त्योहार भी प्रभावित हुए हैं। दूसरे साल के अपेक्षा इस वर्ष बाजार में राखी की खरीदारी पर भारी असर पड़ा है। पिछले कुछ दिनों में कोंडागांव जिले में संक्रमण के मामले अचानक से बढ़ने लगे हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने 31जुलाई से 06अगस्त तक जिले में लॉक डाउन किया है। ऐसे में लोग भीड़ भरे बाजारों में जाने से बच रहे हैं। भाई-बहन के आपसी प्रेम के इस पर्व को देखते हुए, जिला प्रशासन ने राखी मिठाई व कपड़ा खरीदी के लिए समय में परिवर्तन करते हुए लॉकडाउन में ढील दी थी।

कोरोना संकट काल मे मोबाईल हुआ सहायक

कोरोना काल में जारी लॉकडाउन के कारण कई बहनें अपने भाइयों के घर नहीं पहुंच सकी। भाई बहन लॉकडाउन के चलते मिल नहीं पाए, तो क्या हुआ इस वर्ष लोग मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन राखी बांधते दिखे, वहीं बहनों को गिफ्ट भी ऑनलाइन ही मिला। कई भाइयों ने बातचीत में बताया कि उनकी बहन पास में नहीं है। ऐसे में वो अपना गिफ्ट डिजिटल पेमेंट के जरिए भेज रहे हैं। इसके लिए पेटीएम, गुगल पे, फोन पे, अमेजॉन पे आदि का इस्तेमाल किया



जा रहा है। इसके अलावा लोग अपनी बहन को ऑनलाइन गिफ्ट कुपन भी भेज रहे हैं।

## रक्षा का संकल्प लेकर वृक्षों में रक्षा सूत्र बांधा गया

# वृक्ष रक्षा सूत्र एक संकल्प वृक्ष को बचाने कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



दक्षिण कोंडागांव वनमंडल अंतर्गत वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देशन में प्रतिवर्ष की भांति वृक्ष रक्षा सूत्र एक संकल्प वृक्ष को बचाने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर 3जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे वनमंडल कार्यालय परिसर में साल वृक्ष में विशालकाय राखी देवचन्द मातलाम जिला पंचायत अध्यक्ष, वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता एवं तरूण गोलछा पार्षद नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका परिषद कोंडागांव के द्वारा बांधी गई ।

साथ ही वृक्ष रक्षा का संकल्प लेते हुये कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं वन कर्मचारियों के द्वारा परिसर में खड़े वृक्षों में रक्षा सूत्र बांधा गया। दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत वृक्षा रक्षा सूत्र कार्यक्रम वर्ष 2005 से अनावरत् 16 वर्षो से इस वनमंडल में उत्सव की भांति बनाया जा रहा है। इस वर्ष वनमंडल के समस्त परिक्षेत्रों में वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा एक संकल्प वृक्ष को बचाने का, वृक्ष रक्षा जीवन सुरक्षा, के तहत जन जागरूकता लाने हेतु क्षेत्र में ग्रामीणो द्वारा गार्डलिंग किये गये वृक्षों को बचाने वृक्षों की रक्षा करने एवं पर्यावरण में सुधार लाने का संदेश देते हुये वृक्ष रक्षा पर्व मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में दक्षिण वनमंडल के उपवनमंडलाधिकारी पूर्व कोंडागांव लोकनाथ पटेल, केजूराम पोयाम परिक्षेत्र अधिकारी अमरावती, आरएस मरकाम परिक्षेत्र अधिकारी दहीकोंगा, जीआर कोर्राम परिक्षेत्र अधिकारी कोंडागांव, शैलेन्द्र मिश्रा, रंजीत गौतम उपवनक्षेत्रपाल, सुशीलचन्द्र मिश्रा उपवनक्षेत्रपाल, नरेन्द्र पटेल परिक्षेत्र सहायक कोंडागांव, गजेन्द्र मरकाम परिसर रक्षक कोंडागांव, योगेश कोर्राम, एलसी जैन, मुख्य लिपिक, नरेन्द्र पाण्डे लेखापाल, बीएस शोरी, लेखापाल, हेमन्त यादव गणमान्य नागरिक व बच्चे सम्मिलित थे।

जिन्हे रक्षा सूत्र बांधने उपरांत वृक्षों की रक्षा हेतु जैव विविधता संरक्षण, वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण हेतु संदेश गया ।

## रक्षाबंधन पर पुलिस अधीक्षक की मुहिम, 8 वाहन मालिकों को वाहन सुपूर्द



जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के पदभार लेने के पश्चात जिले के सभी थानों का भ्रमण किया गया। थाना भ्रमण के दौरान थानों में अत्याधिक संख्या में जप्त वाहन लंबित मिले थे । सभी थाना प्रभारी को इन लावारिस, एक्सीडेंट, चोरी व अन्य प्रकरणों के वाहनों के मालिकों का पता तलाश करने व नियमानुसार वाहनो को सुपुर्द करने निर्देशित किया गया था। इस मुहिम के तहत् थाना केशकल में कई वर्षो से जप्ती वाहनों को व्यवस्थित किया गया, व इसके वाहन स्वामियों का पता लगाकर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में 08 जप्त मोटर सायकल वाहन स्वामियों के सुपूर्द किया गया है। जिले के विभिन्न थानों में वर्तमान में कई प्रकरणों के वाहन जप्त है इन जब्त वाहनों का निराकरण किया जा रहा है द्य तथा लावारिस वाहनों के वाहन स्वामियों का पता तलाश किया जा रहा है। कोण्डागांव पुलिस सभी लोगो से अपील करती है कि इन सभी प्रकार के जप्त वाहनों में यदि किसी व्यक्ति का वाहन कही गुम हुआ है, तो वह थानों से जानकारी प्राप्त कर सुपुर्दनामा हेतु संपर्क कर सकते हैं।

# सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

## मास्क पहनकर भक्त पहुंचे मंदिर, विश्व में शांति स्थापित के लिए पूजा-अर्चना

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। कोरोना संक्रमण के मदे्नजर भक्त मास्क पहनकर मंदिर पहुंचे। वही दुसरी और कोरोना संक्रमण से मुक्ति व विश्व में शांति स्थापित के लिए रूद्राभिषेक किया गया।

सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित शिवालयों में अलसुबह से ही भक्ज पहुंचने लगे। कोई मास्क लगाकर पूजा-अर्चना करते हुए नजर आया तो कई भक्त सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए महादेव के दर्शन करने पहुंचे। शिवालयों में हर-हर महादेव गूंजा। सावन का अंतिम सोमवार था इसलिए मंदिरों में अलसुबह से लेकर काफी समय तक भक्तजन पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। वही अंतिम सोमवार को दिनभर रिमझिम बारीश हुई तो देर शाम को जिला मुख्यालय समेत जोरदार बारीश हुई।



**कोरोना मुक्ति के लिए रूद्राभिषेक :** वही सावन के माह में कोरोना से मुक्ति दिलाने व विश्व में शांति स्थापित करने हेतु विशेष पूजा की जा रही थी। राधे-राधे महाराज जी ने बताया कि कोरोना संक्रमण से मुक्ति के लिए पार्थिव शिवलिंग की स्थापना कर के रूद्राभिषेक किया जा रहा है। साथ ही विश्व में शांति स्थापित हो जिसके लिए पूजा-अर्चना की जा रही है।

## रामाबूटी प्राकृतिक जलप्रपात में महादेव को भक्तों ने किया जल अर्पण



**किरंदुल।** श्रावण माह के पंचम एवं अंतिम सोमवार के दिन समुद्र तल से 4500 फीट की ऊंचाई पर स्थित रामाबूटी प्राकृतिक जलप्रपात पर अवस्थित महादेव की मूर्ति पर भक्तों ने जल अर्पण किया। आपको बता दें कोरोना संक्रमण के बढ़ रहे मामले के मद्देनजर जिला प्रसाशन द्वारा दंतेवाड़ा में लॉकडाउन की गई है। जिसके कारण कुछ एक भक्तों द्वारा ही रामाबूटी एवं किरंदुल के शिवालयों पर जल अर्पण किया।

# रक्षाबंधन पर छलका भाई का दर्द, हॉस्पिटल में नर्सों ने मरीजों को बांधे रक्षासूत्र

## कोविड हॉस्पिटल प्रबंधन की इस नेक पहल की पूरे जिले में हो रही है प्रशंसा

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में संचालित डेडिकेटेड कोविड-19 अस्पताल में आज माहौल उस वक्त भावुक हो गया,जब अस्पताल में कोरोना मरीजों की देखभाल करने वाली महिला मेडिकल स्टाफ पीपीटी पहन कर हाथों में राखी,मिठाई की थाली सजाकर अचानक वार्ड में पहुंची। सभी नर्सो एवं महिला कोरोना मरीज ने अस्पताल में भर्ती कोरोना पॉजिटिव मरीजों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधे और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया तथा उनके जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की।

गरियाबंद कोविड अस्पताल में भर्ती 8 मरीजों की कलाइयों पर आज नर्सो ने राखी बांधकर रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार मनाया।सिस्टर मिथिलेश ध्रुव, सिस्टर मालती व एक महिला पॉजिटिव मरीज माधुरी खुंटे ने अस्पताल में मौजूद सभी कोरोना मरीजों को रक्षाबंधन पर बहनों की कमी महसूस नहीं होने दी।अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती सभी मरीज अस्पताल प्रबंधन की इस भावनात्मक पहल पर भावुक हो गए।कोविड अस्पताल के मेडिकल स्टाफ ने बताया कि सभी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से



बातचीत के दौरान ही इस रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं जा पाने और बहनों से राखियां नहीं बंधवा पाने के दर्द को पहले ही महसूस कर लिया था। मरीजों की भावनाओं और इस पर्व पर बहनों को बहुत मिस करने की बात जानकर कॉविड अस्पताल के इंचार्ज ने अस्पताल में ही रक्षाबंधन मनाकर भर्ती मरीजों को कोरोना के इस संक्रमण काल में सरप्राइज देने की योजना बनाई।। सभी ने खुशी -खुशी अपनी कलाइयां आगे कर नर्सो से राखियां बँधवाई, अपनी बहनों को याद किया।कोविड-19 हॉस्पिटल के इस पहल पर वहां भर्ती मरीज पुरंदर वर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन अस्पताल में हाथों की कलाइयां राखियों से भरी होने पर उन्हें बहुत मानसिक संतोष मिला है।कोरोना पॉजिटिव होने के कारण इस अस्पताल में भर्ती मरीजों को वैसे भी घर परिवार की याद सता रही है, रक्षाबंधन जैसे पर्व पर वे अपनी बहनों की कमी महसूस कर रहे थे। उनका कहना है कि अस्पताल की नर्सो ने इस त्यौहार को कोरोना महामारी दौर में भी यादगार बना दिया है, हमें आज कोरोना वारियर्स के रूप में बहादुर बहने मिली है।मरीजों ने भावुक होकर कहा कि कोविड अस्पताल में घर जैसा माहौल है और शायद इसी कारण इस अस्पताल से कोई भी मरीज अभी तक मौत के गाल में नहीं समाया है, सभी मरीज जल्दी जल्दी ठीक होकर वापस लौट रहे हैं। कोविड अस्पताल के नर्सो ने बताया कि वे भी अपनी ड्यूटी के कारण रक्षा बंधन पर भाइयों को राखी बांधने घर नहीं जा पा रही हैं। साल भर के त्यौहार पर घर ना जा पाना और भाइयों को राखी नहीं बांध पाने का मलाल उनके भी मन में था।

### मरीज ने सोशल मीडिया में साझा की तस्वीरें

वहां भर्ती होकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीज पुरंदर वर्मा ने इसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि इस वर्ष का रक्षाबंधन सदैव अविस्मरणीय एवं चिरस्थायी रहेगा। मेरी कोरोना की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद विगत एक सप्ताह से कोविड हॉस्पिटल गरियाबंद में स्वास्थ्य लाभ ले रहा हूँ जिसके चलते घर जाना या बहनों का मुझसे संपर्क संभव नहीं हो पाया। आज कोविड हॉस्पिटल गरियाबंद की नर्सेस बहनों श्रीमती मिथिलेश ध्रुव, मालती दीदी एवं एक अन्य कोरोना पॉजिटिव बहन माधुरी खुंटे ने भाई-बहन के अप्रतिम प्रेम के इस प्रतीक पर्व पर अपनी बहनों की रिक्तिता की अनुभूति नहीं होने दी और इस पावन पर्व पर रक्षासूत्र बांधकर इस व्याधि से संत्रस्त न होकर शीघ्र रुग्णता से निरुग्ण होने की कामना की। मैंने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने एवं उनकी रक्षा और सम्मान का वचन दिया व नर्सेस बहनों को उनके सेवाभावी कार्यों के लिए आल्हादित हृदय के कोटि-कोटि एवं राशि-राशि उल्लास से धन्यवाद ज्ञापित किया। कोविड हॉस्पिटल प्रबंधन की इस नेक पहल की पूरे जिले में प्रशंसा हो रही है।

# भाई बहनों के बीच अटूट प्यार का पवित्र त्यौहार उत्साह के साथ मनाया

नगर सहित पूरे जिले में रक्षाबंधन भाइयों और बहनों के बीच अटूट प्यार का पवित्र त्यौहार पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया दिन भर शुभ मुहूर्त के चलते सुबह से ही बहनों ने भाइयों के कलाइयों में राखी बांधी और भाइयों ने बहन को सुरक्षा का वचन दिया । वर्ष में एक बार आने वाली भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की और भगवान से प्रार्थना कि भाई बहन की प्रति सदा प्यार बना रहे वही भाइयों ने बहनों की रक्षा तथा जीवन भर साथ देने खुद को समर्पित करने का वचन दिया । रक्षाबंधन के त्यौहार के दिन सुबह से ही भाइयों की कलाइयों को सजने के लिए खरीदी गई रंग-बिरंगे आकर्षक और सुंदर राखी द्वारा बांधी गई और बांधने का सिलसिला सुबह से चलता रहा परंपरागत मनाया गया इस पवित्र पर्व में छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिला ने भी अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधी और अपने बड़ों का आशीर्वाद दिया।



# नगर पालिका का अभियान एक रक्षासूत्र मास्क



आज भाई बहन के लिए पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन है। जिसमें बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बांधकर उसकी मंगल कामना करती है। तो भाई बहन की रक्षा का वचन देता है। लेकिन इस समय पूरे देश में कोरोना का कहर जारी है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण से बचाव के लिए नगर पालिका ने एक रक्षासूत्र मास्क का अभियान चला कर आज नगर पालिका के पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं व महिला पुलिस कर्मियों को मास्क वितरण किए।

# भाइयों ने बहनों को रक्षा तथा जीवन भर साथ निभाने का वचन दिया

- लॉक डाउन में मिठाई के लाले पड़े

दिलीप माहेश्वरी ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कोरोना मारी के बाद भी नगर सहित आसपास के अंचलों में सोमवार को रक्षाबंधन उत्साह से मनाया गया । वर्ष में एक बार आने वाले भाई और बहन के बीच अटूट प्यार के पवित्र त्यौहार पर बहनों ने शुभ मुहूर्त में अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनके लिए लंबी आयु की कामना के साथ ही भगवान से प्रार्थना की कि भाई-बहन के बीच सदा प्यार बना रहे भाइयों ने भी बहनों की रक्षा तथा जीवन भर साथ देने खुद को समर्पित करने का वचन दिया पहले जमाने में महिलाएं ससुराल जाने के बाद डाक के माध्यम से राखी भेजा करती थी, लेकिन आज पराया पराया अधिकांश घरों में मोबाइल एवं मोटरसाइकिल की सुविधा उपलब्ध होने के कारण महिलाएं साल में एक बार कम से कम



रक्षाबंधन पर्व के बहाने अपने मायके पहुंच जाती हैं शासन द्वारा भी शहरी क्षेत्रों में लॉकडाउन लागू किया गया है जिसके चलते लोगों को इस पवित्र पर्व में मिठाई के लिए भटकना पड़ा । गांव के दुकान में मिलने वाली बच्चों की मिठाइयां से ही अपने-अपने भाइयों को खुश करने महिलाओं ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

कोरोना के कारण चहल-पहल भले ही ना देखी हो लेकिन बहनों के चेहरे पर मुस्कुराहट जरूर देखने को मिली कोरोना महामारी के बावजूद भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का त्यौहार रक्षाबंधन के उत्साह में कमी नहीं आई पवित्र स्नेह व पवित्र राखी के चलते बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक रोली लगाकर आरती उतारकर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना भगवान से कि वही भाइयों ने भी अपनी बहन की रक्षा करने का संकल्प लिया और बहनों को नगद व उपहार दिए रक्षाबंधन को लेकर जिला मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह प्यार और उमंग के साथ संपन्न हुआ सावन के अंतिम सोमवार होने के कारण क्षेत्र के शिव मंदिर में भी शिव भक्तों का आना जाना लगा रहा।

# रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ कुरुद
www.dailypioneer.com



नगर सहित अंचल में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। भाई - बहन के अपार स्नेह वाले उत्सव में उनके चेहरों की खुशियां देखते बनी। किन्तु लाकडाउन के चलते बसों एवं आवागमन के अन्य साधन बन्द होने के चलते बहुत से लोग पर्व को मनाने से चूक गए । तो कई लोगों ने इसे डिजिटल तकनीक से भी मनाया।

# रक्षा बंधन का पर्व नगर व अंचलों में फिका नजर आया

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर में इस वर्ष रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बहनों में खासा उल्लास नही देखा गया क्योकि रक्षा बंधन के पर्व पर कोरोना संक्रमण का संकट मंड़रा रहा हैं। जिससे की लोगों में त्यौहार को लेकर खासा उल्लास नही दिखा। कोरोना संकट के चलते बहने अपने अपने भाईयों को रक्षा सुत्र बांधने के लिए अपने ससुराल से मायके आती थी । लेकिन इस समय कोरोना महामारी के भयावक रूप को देखते हुए ज्यादातर बहने, वह भाई बाहर से आना जाना करते दिखाई नही दिया। एक तरफ कोरोना का संकट हैं। तो डीजल प्रेटोल का दाम आसमान छू रहा हैं। जिससे की सड़कों पर बसे भी नहीं चल रहा है। जिसके चलते सड़कें सूनसान नजर आ रही हैं। इसलिए रक्षा बंधन के इस त्यौहार पर सड़कें खाली खाली नजर आ रही हैं। लेकिन घरों के अंदर रक्षा बंधन का पर्व पर छोटे-छोटे बच्चों में बहुत ही ज्यादा उत्साह देखने को मिला हैं। छोटे-छोटे बच्चों में राखी बधंवाने वह छोटी छोटी बहनों के द्वारा राखी बांधने का उत्साह देखते ही बन रहा था।

वही वार्ड क्रमांक दो में पत्रकार पायनियर प्रतिनिधी के बच्चों ने अपने भाईयो की कलाई में रक्षा सूत्र बांधी व रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास मनाया गया। बड़ों में कोरोना का भय भी बना हुआ था। लेकिन बच्चे अपने में ही मग्न नजर आए और छोटी-छोटी कलाइयों में राखी पहनकर अपने धरो में खूब मौज मस्ती करते देखा गया।

# संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए आठ लोगों की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

**सरायपाली।** विगत 29 जुलाई को डॉ व उनके भाई को रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी उनके संपर्क में आई उनकी प ी सहित पांच सदस्यों की पूर्व में रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है उनकी बर्तन दुकान में काम करने वाले एक लड़की एक लड़का एवं एक महिला तथा एक पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है वह दूसरे मामले में इलाज करवाने गए एक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी उनके संपर्क में आए तीन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है इस तरह सरायपाली में एक्टिव मरीजों की संख्या 24 हो गई है जबकि रात तक 44 कोरोनावायरस मरीज मिल चुके हैं और 20 मरीज को ना को हरा कर वापस लौट चुके हैं स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार बर्तन दुकान में काम करने वाली एक लड़की दो पुरुष के अलावा उनके एक बर्तन साफकरने वाली उड़िया पारा वार्ड मांक 12 निवासी महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है इसमें से लड़की अपनी बहन के साथ बस्ती शरीफपाली में रहती थी और वह भी पदमपुर रोड की एक बड़े कपड़ा दुकान में काम करती थी उसकी बहन की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है सैंपल देने के बाद दोनों बहन अपने ग्रह ग्राम राफेल निवासी हाल निवासी बस्ती सरायपाली किराए में रुक रहे थे दो सगी बहन ने शामिल है दोनों लड़कियों की उम्र 20 से 22 वर्ष बताई जा रही जबकि महिला एवं पुरुष को उम्र लगभग 45 वर्ष है मुक्त पशुओं के संपर्क में कितने लोग आए थे इसकी जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है।

# आदिवासी गोंड़ समाज ने कोरोना काल में सोशल डिस्टेंस का पालन कर भोजली पर्व धूमधाम से मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ मैनपुर
www.dailypioneer.com

सोमवार को जिला गरियाबंद के सभी ब्लॉक मैनपुर, देवभोग, छुरा, फिंगेश्वर, गरियाबन्द में गोंडी धर्म संस्कृति सरंक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंड़वाना संघ द्वारा प्रकृति एवं संस्कृति के सरंक्षण के लिए सावन पूर्णिमा के पर्व में भोजली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

यह भोजली महोत्सव को आदिवासी मूलनिवासी समाज सदियों से मनाते आ रहे थे जो कि धीरे-धीरे यह संस्कृति आज की चकाचौन्ध दुनिया में भूलते जा रहे थे, तो वही यह गोंडवाना समाज द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गोंडवाना भवन



टिकरापारा में पिछले 9 वर्षो से गोंडवाना गुरुदेव गुरुमाता के सानिध्य में मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम वृहद रूप से गोंड़वाना भवन रायपुर में आयोजित होने वाला था किंतु कोरोना महामारी की वजह से यह कार्यक्रम को अपने-अपने स्तर पर गांव-गांव में शासन के नियमानुसार मास्क पहनकर एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए मनाया गया। यह कार्यक्रम को मनाए जाने का उद्देश्य व्यक्ति से परिवार और परिवार से समाज का निर्माण होता है और हर समाज की अपनी रिति-नीति, परम्परा और संस्कृति होती हैं, और संस्कृति ही समाज की पहचान होती है। वही धर्म पिता तुल्य भाषा माता तुल्य के साथ संस्कृति और कला गोंड समाज की विशिष्ट पहचान है। इसी गोंडी धर्म संस्कृति को अक्षुण्य बनाए रखने भय भ्रम को मिटाने और नेग जोग रूढ़ि संस्कृति परम्परा को सरंक्षित करने के लिए गोंडवाना गुरुदेव दुर्गेभगत जगत एवं गुरुमाता दुर्गे दुलेश्वरी के सानिध्य से प्रति वर्ष सावन पूर्णिमा में यह पावन पर्व राष्ट्रीय स्तर पर मनाते आ रहे हैं। इस कार्यक्रम से समाज में एकता और प्रकृति तथा संस्कृति का सरंक्षण हो रहा है जिससे समाज में हर्ष है। कार्यक्रम की यह जानकारी समिति के पदाधिकारियों के द्वारा दी गई।

### भोलेनाथ से मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

# मंदिरों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, लोगों ने घरों में की पूजा

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर में इस सावन माह की आखिरी सोमवार होने के कारण भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पूजा पाठ करते हुए श्रद्धालुगण नजर आए जहां पर कभी भारी भीड़ लगा करता था वहां प्रशासन के नियमों को देखते हुए मंदिरों में भीड़ लगाना, प्रसाद बांटना, माइक डीजे चलाना सख्त मना था, जिसके चलते लोगों के द्वारा अपने अपने घरों में ही भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना करते देखा गया। साथ ही नगर के कुछ प्रसिद्ध शिव मंदिरों में लोगों के द्वारा बाहर से ही भगवान की विधि व्रत पूजा अर्चना करते देखा गया वहीं शीतला मंदिर नेवरा के प्रांगण में लगातार एक महीने तक भगवान शिव का आराधना पूजा का प्रतियोगिता होता था समापन पर पूरे नगर में भगवान भोलेनाथ भ्रमण करते थे वह उनका शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग भाग लेते थे, लेकिन इस वर्ष शोभायात्रा नहीं निकाला गया मंदिर परिसर में ही पूजा पाठ कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए प्रसाद वितरण किया गया वही जो श्रद्धालु पूरे सावन में हर सोमवार को व्रत रखते हैं वह भगवान शिव को उनके मंदिर में जाकर श्रीफल चढ़ाते हैं तभी उनका सावन सोमवार का व्रत सफल होता है इसलिए काफी मंदिरों में बंद के बावजूद श्रद्धालु गण मंदिर पहुंचे वह भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना विधि विधान पूर्वक की गई और भक्तों ने शंकर भगवान से आशिर्वाद प्राप्त कर अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की गयी।

### नगर के मंदिरों में शिव भक्तों का लगा रहा तांता



नगर के मंदिरों में इस सावन माह की आखिरी सोमवार होने के कारण भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पूजा पाठ करते हुए लोग नजर आए जहां पर कभी खासा भारी भीड़ लगा करता था वहां प्रशासन के नियमों को देखते हुए मंदिरों में भीड़ लगाना वह प्रसाद बांटना माइक डीजे चलाना सख्त मना हैं। जिसके चलते लोगों के द्वारा अपने अपने घरों में ही भगवान भोलेनाथ का विधिव्रत पूजा अर्चना करते देखा गया साथ ही नगर की कुछ प्रसिद्ध शिव मंदिरों में भक्त ो के द्वारा बाहर से ही भगवान की पूजा अर्चना करते देखा गया वहीं शीतला मंदिर नेवरा के प्रांगण में लगातार एक महीने तक भगवान शिव का आराधना पूजा का प्रतियोगिता होता था समापन पर पूरे नगर में भगवान भोलेनाथ भ्रमण करते थे वह उनका शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग भाग लेते थे लेकिन इस वर्ष शोभायात्रा नहीं निकाला गया मंदिर परिसर में ही पूजा पाठ कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए प्रसाद वितरण किया गया वही जो श्रद्धालु पूरे सावन में हर सोमवार को व्रत रखते हैं वह भगवान शिव को उनके मंदिर में जाकर श्रीफल चढ़ाते हैं तभी उनका सावन सोमवार का व्रत सफल होता है इसलिए काफी मंदिरों में बंद के बावजूद श्रद्धालु गण मंदिर पहुंचे वह भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया गया।

### अंतिम सोमवार को भक्तजनों ने पूजा अर्चना कर सुख समृध्दि की कामना की

सावन माह की आखिरी सोमवार होने के कारण भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए भगवान शिव शंभु का पूजा पाठ करते हुए लोग नजर आए जहां पर कभी भारी भीड़ लगा करता था वहां प्रशासन के नियमों को देखते हुए मंदिरों में भीड़ लगाना, प्रसाद बांटना एवंम माइक डीजे चलाना सख्त मना था जिसके चलते लोगों के द्वारा अपने अपने घरों में ही भगवान भोलेनाथ का पूजा करते देखा गया साथ ही नगर की कुछ प्रसिद्ध शिव मंदिरों में लोगों के द्वारा बाहर से ही भगवान की पूजा अर्चना करते देखा गया वहीं शीतला मंदिर नेवरा के प्रांगण में लगातार एक महीने तक भगवान शिव का आराधना पूजन का प्रतियोगिता होता था समापन पर पूरे नगर में भगवान भोलेनाथ भ्रमण करते थे वह उनका शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग भाग लेते थे लेकिन इस वर्ष शोभायात्रा नहीं निकाला गया मंदिर परिसर में ही विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए प्रसाद वितरण किया गया वही जो श्रद्धालु पूरे सावन में हर सोमवार को व्रत रखते हैं वह भगवान शिव के मंदिर में जाकर पुजा अर्चना कर श्रीफल चढ़ाया जिससे की शिव भक्तो का सावन सोमवार का व्रत सफल होता है इसलिए काफी मंदिरों में बंद के बावजूद श्रद्धालु गण मंदिर पहुंचे वह भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया गया

# कंटेंमेंट जोन से बाहर आकर फल बेचने पर एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली नगरपालिका में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ रमेश पाणिग्रही की रिपोर्ट पर व नगरपालिका प्रशासन के अनुशंसा पर कंटेन्मेंट जोन से बाहर आकर एक फल व्यवसायी को फल बेचना महंगा पड़ गया उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है । रिपोर्ट में रमेश पाणिग्रही ने बताया कि कि वार्ड नं0 10,11 व 12 में लाकडाउन के संबंध में उसकी ड्यूटी लगाई थी जिसकी निगरानी के दौरान वार्ड नं0 10 एवं 13 में करोना संक्रमित व्यक्ति पाये जाने से इन वार्डो को कन्टेनमेंट जोन में रखा गया है ।

वार्ड नं0 10 का निवासी राजेन्द्र प्रसाद शाह ने कंटेनमेंट जोन से बाहर आकर वार्ड क्रं0 12 मेन रोड में फ ल दुकान का संचालन किया जा रहा था जो कि होम क्वारान्टाईन दिशा निर्देश का उल्लंघन करने से मुख्य कार्यापालन अधिकारी नगर पालिका परिषद सरायपाली को सूचना दी गई । मुख्य कार्यापलन अधिकारी नगर पालिका परिषद सरायपाली द्वारा एक लिखित प्रतिवेदन देकर थाना दिए जाने के निर्देश के तहत उक्त प्रतिवेदन थाना में दिया गया । जसके आधार पर सरायपाली थाना द्वारा लाकडाउन नियमों का उल्लंघन करने बाबत् संदर्भ स्थल निरीक्षण किया गया व पाया गया कि नगर पालिका सरायपाली सीमान्तर्गत कोविड.19 कोरोना संक्रमण वार्ड क्रं0 10 एवं 13 में संक्रमित पाये जाने पर उक्त दोनों वार्ड को कन्टेमेंट जोन घोषित कर आसपास के घरों को उक्त क्षेत्र से बाहर नहीं निकलने हेतु निर्देशित कर वेरिकेट्स भी किया जा चुका है। उसके पश्चात भी राजेन्द्र प्रसाद शाह पिता रामजी शाह निवासी वार्ड क्रं0 10 सागर स्टेट के पास स्थित है।

# जशपुर शहर में भी हो गया कोरोना का प्रवेश नर्स के साथ 1 और व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव

**250 पहुंचा आंकड़ा, 214 व्यक्ति हो चुके हैं स्वस्थ, 36 का चल रहा इलाज, होम क्वारेंटाइन के लिए अलग कमरे, शौचालय एवं बाथरूम अनिवार्य: कलेक्टर**

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




फरवरी-मार्च महीने से चलने वाली कोरोना की हवा अब जशपुर जिला मुख्यालय तक पहुंच चुकी है। कोरोना ने जिला मुख्यालय के दो मोहल्ले में अपनी दस्तक दे दी है। सोमवार शाम को आई कोरोना वायरस की रिपोर्ट में जिले से 25 लोगों के पॉजिटिव होने की खबर आई जिसमें जिला मुख्यालय के दो केस शामिल थे। इन दो केस में एक अस्पताल की नर्स है। और एक अन्य व्यक्ति है।

पायनियर अपडेट

जिला मुख्यालय में कोरोना के दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। कलेक्टर कावरे के निर्देश पर जिला मुख्यालय के संगम चौक इलाका और घर संसार के पीछे के मोहल्ले की एक सड़क को पूरी तरह से बंद कर उसे कंटेनमेंट जोन बना दिया गया है। जिला मुख्यालय में पॉजिटिव केस आने के बाद लोगों में चिंता बढ़ गई है और सतर्कता के बारे में कहा जा रहा है।

### यहां पाए गए 26 नए पॉजिटिव

जिले में सोमवार को 26 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। पत्थलगांव में 10 (क्वा.सेंटर खारढ़ोडही 2, केराकछार 2, बालाझार 2, सुकरापारा 1, जामजुनवानी 1, होम क्वारेटाइन मुड़ेकेला में 2,) फरसाबहार में 7 (क्वा.सेंटर डाड़टोली 5, कुल्हाबुड़ा 1, बालक छात्रवास फरसाबहार 1) जशपुर में 7 ( क्वा.सेंटर झोंलगा 3, बम्हनपुरा 1, सीआरपीएफ जवान 1, जशपुर शहरी 2) दुलदुला में 2 (क्वां.सेन्टर बिपतपुर 1, सोकोडीपा 1) है।

### जिले में कोरोना की स्थिति

| विकासखंड | कुल पॉजिटिव | डिस्चार्ज | एक्टिव |
|---|---|---|---|
| पत्थलगांव | 46 | 32 | 14 |
| फरसाबहार | 32 | 23 | 09 |
| कांसाबेल | 16 | 15 | 01 |
| कुनकुरी | 40 | 39 | 01 |
| दुलदुला | 53 | 51 | 02 |
| बगीचा | 35 | 35 | 00 |
| जशपुर | 26 | 17 | 09 |
| मनोरा | 02 | 02 | 00 |
| कुलयोग | 250 | 214 | 36 |

### जवानों की निगरानी में सुरक्षा

मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कंटेनमेंट जोन की सुरक्षा के लिए पुलिस जवान की ड्यूटी लगाने की आवश्यकता बताई जिस पर पुलिस अधीक्षक श्री बालाजी राव ने कटेंटमेंट जोन एवं जहां-जहां सुरक्षा की आवश्यकता है उन जगहों पर पुलिस जवानों की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए है। जिले में लगभग 16 कंटेटमेंट जोन एक्टिव की स्थिति में है।

### कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर महादेव कावरे ने मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। ऑनलाईन से पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, सीईओ जिला पंचायत के.एस.मण्डावी, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के अधिकारी सीधे जुड़े। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए बाहर से आने वाले लोगों को अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण करें। रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद उन्हें होमक्वारेंटाईन में भेजने से पहले पुष्टि कर लें कि उनके घर में अलग कमरे, बाथरूम एवं शौचालय की व्यवस्था है कि नहीं। होमक्वारेंटाईन में रहने के लिए अलग व्यवस्था है तभी होम क्वारेंटाईन की अनुमति दें। अन्यथा ब्लॉक स्तर में बनाए गए क्वारेंटाईन सेंटर में रखने के लिए कहा गया है। उन्होंने कोरोना संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतने की हितदायत अधिकारियों को दी गई है। साथ ही ब्लॉक स्तर पर बनाए गए क्वारेंटाईन सेंटर पर निगरानी रखने और सेंटर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

जिला मुख्यालय में दो पॉजिटिव केस सामने आने के बाद इलाके को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। लोगों को सुरक्षित रहने की सलाह दी जा रही है। केस अधिक बढ़ने पर निश्चित ही लॉकडाउन किया जाएगा।

**महादेव कावरे,** कलेक्टर जशपुर

## आईएएस कावरे रक्षाबंधन के दिन मरीजों की रक्षा के लिए पहुंचे जिला अस्पताल, सुविधाओं की ली जानकारी



कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे ने रक्षा बंधन के दिन जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण करके स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से भी जिला चिकित्सालय में मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को मरीजों को कोराना संक्रमण से बचाने के लिए नियमित अस्पताल परिसर की साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली बेड सीट की नियमित साफ सफाई करने निर्देश दिए। साफ सफाई वाला ही बेड सीट उपयोग करने के लिए मरीजों को कहा गया है। उन्होंने जिला अस्पताल में स्थापित कोविड 19 अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए टूनॉट मशीन शीघ्र ही लगाने के लिए निर्देश दिए हैं। मरीजों को सोशल डिस्टेंसिग का पालन और मास्क लगाने के लिए कहा गया और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्रीन आर्मी एवं सेन समाज ने वटवृक्ष को रक्षासूत्र बांधा

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी आफ रायपुर के गुढ़ियारी जोन एवं सेन समाज के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य संस्थापकअमिताभ दुबे के निर्देशानुसार तथा शशीकांत यदु जोन प्रभारी, एवं विशेष सलाहकार निष्ठा दीदी, जोन के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर सचिव तपेश भगत एवं अन्य सभी सम्मानीय सदस्यगण के विशेष मार्गदर्शन पर रक्षाबंधन के दिवस पर धरती माता की रक्षा एवं श्रृंगार करने के लिए, बरगद के पेड़ को राखी बांधकर उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया।



गुढ़ियारी जोन के अध्यक्ष ने वृक्षों के साथ सपरिवार मनाया त्यौहार


प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी वृक्षारोपण किए पेड़ों में राखी बांधी गई। उक्त कार्यक्रम में गुढ़ियारी जोन के अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर एवं सपत्निक इंद्राणी ठाकुर, सूरज, प्रज्वल,प्रणव, विक्रम, महक, अनिल राजपूत, होरीलाल यादव आदि सभी शामिल हुए। सभी ने लगाए हुए पौधों कि सतत देखभाल करने का संकल्प लिया।

## तीन साल में 27 लोगों के खाते से 76 लाख पार, 13 एटीएम से तो 14 लोग ऑनलाइन के शिकार

तनवीर कुरैशी ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




पायनियर एक्सक्लूसिव



कम समय में पैसा दो गुना कर देने और लॉटरी लगने का झांसा देकर व बैंक खाता बंद हो जाने का डर दिखाकर जालसाजों के द्वारा देशभर के लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। इस श्रृंखला में जशपुरवासियों की फेहरिश्त भी लंबी होने लगी है। जिला पुलिस अधीक्षक, एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में विगत तीन वर्षों 2018, 2019 और 2020 में कुल 27 लोग ऑल लाइन ठगी के शिकार हुए जिसमें 76 लाख 11 हजार 323 रुपए की चपत लोगों को लगाई गई। यह वे आंकड़े हैं जो पुलिस तक अपराध दर्ज होने के बाद पहुंचे हैं। कई मामले तो ऐसे भी हैं जिसमें लोगों ने अपराध दर्ज कराया ही नहीं है। सभी मामलों को अगर सूचीबद्ध किया जाए तो ठगी की राशि का आंकड़ा 1 करोड़ को पार कर सकता है। जिला के नवपदस्थ एसपी बालाजी राव सोमवार ने बताया कि विगत तीन वर्षों में एटीएम के जरिए 13 लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया है। और 14 लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकांश मामलों को आरोपी जिले से बाहर के हैं जो एक गिरोह के माध्यम से काम को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस मामलों की जांच करती है पर मुख्य आरोपियों तक पहुंचने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एसपी राव का कहना है कि ऑनलाइन और एटीएम ठगी को एक पेशा बनाकर काम किया जा रहा है। और ऐसे पेशेवर किसी दूसरे ग्रामीण व अंजान व्यक्ति के नाम पर सिम कार्ड खरीदकर और खाते का उपयोग कर ठगी को अंजाम देते हैं। पुलिस अपराध दर्ज कर जबतक अपने सूत्रों और विवेचना के बाद अपराधियों तक पहुंचती है तबतक यह जानकारी मिलती है कि अपराध करने वाला कोई और है और बैंक खाता और मोबाइल नंबर किसी और का उपयोग किया गया है।

### 17 और 21 लाख की ठगी

एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2018 में सबसे अधिक रकम की ठगी की सूची में 4 लाख 97 हजार रुपए था। वहीं वर्ष 2019 में यह आंकड़ा एक व्यक्ति व एक खाते ठगी की राशि 17 लाख रुपए तक पहुंच गई। वहीं वर्ष 2020 में यह आंकड़ा 21 लाख 71 हजार रुपए तक पहुंच गया। ठगी की राशि में सबसे कम 5000 रुपए दर्ज किया गया है। और अबतक अधिकतम 21 लाख रुपए की ठगी है। जालसाजों के द्वारा एटीएम का पासवर्ड पूछकर और ऑनलाइन में ओटीपी पूछकर लोगों के खातों को खाली किया जा रहा है।

### सतर्क और जागरूक रहने की अपील

एसपी बालाजी राव ने ठगों से बचने के लिए लोगों से अपील की है कि वे सतर्क और जागरूक रहें। किसी भी व्यक्ति को अपने खाता की और एटीएम की जानकारी न दें। जागरूकता से ही अपने कमाई की राशि की सुरक्षा की जा सकती है।

### 27 में 18 मामले लंबित

तीन वर्षों के आंकड़ों के मुताबिक अबतक दर्ज किए गए 27 मामलों में 12 मामले लंबित प्रकरण में है। वहीं 9 प्रकरण न्यायालय तक पहुंच चुके हैं और 2 प्रकरण का खात्मा कर दिया गया है। दरअसल दर्ज मामलों में अधिकांश मामलों के लंबित होने की वजह अपराधियों का ठिकाना बाहर होना है। पुलिस सही व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाती। उन्हें अकसर गुमराही का शिकार होना पड़ता है और गलत जगह पहुंचना पड़ता है।

### एसपी राव के अनुभव

ऑनलाइन और एटीएम से ठगी के संबंध में बातचीत के दौरान अपनी इन्वेस्टिगेशन का अनुभन साझा करते हुए एसपी बालाजी राव ने बताया कि इस तरह की ठगी करने वाले बहुत शातिर होते हैं। पुलिस जब साइबर सेल और अन्य माध्यमों का सहारा लेकर अपराधियों तक पहुंचती है तो एक अलग ही हकीकत से सामना होता है। उन्होंने बताया कि एक अंजान व्यक्ति के नाम के खाते में पैसा ट्रांसफर किया जाता है और उसे एटीएम के माध्यम से टोपी पहनकर निकाल लिया जाता है। पुलिस कुछ मामलों तक पहुंची है जिसे न्यायाल में पेश भी किया जा चुका है।



बीते तीन वर्ष में ऑनलाइन और एटीएम से ठगी के 27 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिसमें 76 लाख 11 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस लोगों को जागरूक रही है और आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

**बालाजी राव,** एसपी जशपुर


## कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

# जिले में गिरदावरी और गोबर खरीदी बेहतर ढंग से हो

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। वहीं गिरदावरी, गौठानों में गोबर खरीदी, अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास, पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भण्डारण एवं वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने जिले में 01 अगस्त से प्रारंभ गिरदावरी कार्य के संबंध में सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के हल्का पटवारीवार कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि गिरदावरी में फर्जी एंट्री न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। धान फसल के बदले किसान द्वारा यदि दूसरे फसल बोआई की गई हो तो कृषि विभाग के मैदानी अमला कृषकवार हल्का पटवारी को जानकारी से अवगत करायेंगे। कलेक्टर ने जिले में गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन हेतु विकासखण्डवार नियुक्त प्रभारी अधिकारियों से संबंधित विकासखण्ड के गौठानों में गोबर खरीदी व्यवस्था, गौठान समिति के खाते में राशि जमा की जानकारी लेते हुए कहा कि गौठानों में गोबर खरीदी हेतु आवश्यक सामग्री की व्यवस्था और समय पर राशि भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अवगत कराया कि गौठानों में दोपहर 12 बजे तक गोबर की खरीदी की जायेगी। नगरीय निकायों में आवारा पशुओं के व्यवस्थापन हेतु गौठान बनाये जायेंगे, संबंधित सीएमओ विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में आवारा पशुओं, जो सड़क आदि पर अक्सर विचरण करते व बैठे पाये जाते है, ऐसे पशुओं के मालिक को चिन्हांकित कर लोक न्यूसेंस के तहत कार्यवाही किया जाए। जिले के कोविड-19 के नियंत्रण हेतु पॉजिटिव व्यक्ति कि प्रथम कांटेक्ट में आने वालों का प्राथमिकता से कोरोना जांच कराई जाए। उन्होंने सीएमएचओ को जिले में सैम्पल बढ़ाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास जिनके लिए राशि स्वीकृत हुई है, ऐसे आवासों को शीघ्र पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे हितग्राही जो राशि स्वीकृत होने के बाद काम प्रारंभ नहीं कर पाये है। उनसे राशि वसूली की कार्यवाही की जाए। उद्यानिकी विभाग को वानिकी हेतु संबंधित तहसीलदार जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कर विभाग को सूचित करे। कलेक्टर ने जिले के पीडीएस दुकानों में 01 अप्रैल से 31 जुलाई तक खाद्यान्न भण्डारण एवं वितरण की दुकानवार जानकारी उपलब्ध कराने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार नान को भी पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भण्डारण की मात्रा व विकासखण्डवार ट्रांसपोर्टर्स की जानकारी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने अब तक हुए पौधरोपण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के राम वन गमन पथ में चयनित पौधे का रोपण करने सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को महाधिवक्ता कार्यालय में विभागीय प्रकरणों पर जवाब दावा भी समयावधि में प्रस्तुत करने कहा।



### रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियबांद अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की तिथि 31 जुलाई 2020 तक निर्धारित किया गया था, जिसे 09 अगस्त 2020 तक बढ़ाया गया है। ज्ञात है कि गरियाबंद नगर पालिका क्षेत्र को 26 जुलाई से 01 अगस्त तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया था, जिसके कारण समस्त शासकीय कार्यालय को उक्त अवधि में बंद रखा गया था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 02 पद, आंगनबाड़ी सहायिका के 07 पद एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 03 रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवेदन का प्रारूप संबंधित ग्राम पंचायत एवं परियोजना कार्यालय गरियाबंद से प्राप्त किया जा सकता है।

## आज श्रीराम जन्मभूमि शिलान्यास को उत्सव के रूप में मनाएं : जितेन्द्र सुराना

पायनियर संवाददाता ✓ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जितेंद्र सुराना ने श्रीराम जन्मभूमि के शिलान्यास के अवसर पर कहा कि श्रीराम भारत वर्ष के कण कण में बसे है। श्रीराम हिंदुस्तान की आत्मा है, इसलिए सभी से राजनीतिक सीमाओं से बाहर आकर एक हिंदुस्तानी होने के नाते इस दिवस को बड़े महोत्सव के रुप में मनाने की अपील की गई है। उन्होंने सोशल मीडिया में एक वीडियो संदेश के माध्यम से सभी देशवासियों से कहा है कि लंबे संघर्ष व बलिदान के फलस्वरूप हमको यह अवसर मिला है इसलिए यह दिन इतिहास में अमर हो ऐसा हमें प्रयास करना है। ज्ञात हो कि लंबे समय के बाद 5 अगस्त को उत्तरप्रदेश के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर शिलान्यास का निर्णय लिए गया है, जिसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास की ईंट रखने हेतु जाने वाले है। भारत वर्ष में काफी लंबे समय के संघर्ष व इंतजार के बाद यह उपहार मिला है। 5 अगस्त को 11 बजे मंदिरों में आरती करने, घरो में भगवा ध्वज लगाने, रामकथा का पाठ करने के साथ ही सायं 7 बजे घरो के सामने दीप जलाने व आतिशबाजी करने, मिठाइयाँ बांटने का आग्रह लॉक डाउन के नियमो का पालन करते हुए करने की अपील की गई है।

## अयोध्या के भूमिपूजन के ऐतिहासिक पल के परोक्ष-अपरोक्ष साक्षी बने

**तिल्दा नेवरा।** भारतीय जनता पार्टी के शहर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने लोगों से अपील किया की आने वाले पांच अगस्त दिन बुधवार को भारत के राम मंदिर निर्माण के लिए जो अथक प्रयास वह मेहनत किया गया वह सफल हो रहा है। शर्मा ने कहां कि भव्यतम श्रीराम मन्दिर निर्माण भूमिपूजन 5 अगस्त 2020 को लाखों साधू संतों और भक्तों के बलिदान एवं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के उपरांत हम सबके आराध्य देव भगवान श्रीराम लला जी की जन्म भूमि अयोध्या में विशाल एवं भव्यतम मन्दिर के निर्माण की भूमिपूजन आधारशिला रखा जाना है। अतः इस अयोध्या के पावन धरती पर इस पावन अवसर की ऐतिहासिक पल का परोक्ष अपरोक्ष रूप से साक्षी बने।

अतः फिंगेशवर मंडल मे निवासरत समस्त सम्मानीय कार्यकर्ताओं राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिलापदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एव कार्यकारीगण, बुथ अध्यक्ष, प्रभारी, पालक एवम सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण एव समस्त सम्मानीय जेषठ श्रेष्ठ, कनिष्ठ कार्यकर्तागण से विनम्र अपील/ अनुरोध है कि आप सभी 5 अगस्त दिन बुधवार 2020 को निम्न कार्य करे,-सुबह 11बजे से 1बजे तक अपने अपने घरो, मन्दिर मे हवन पूजन करे अपने घर में भगवा ध्वज लगाए , शाम 7 बजे अपने अपने घरो, मन्दिर, दुकान, चौक चौराहो मे दीप प्रज्वलित करे और दीपक जलाने के लिए प्रेरितभी करे, भगवान श्रीराम चन्द्र जी के मन्दिर निर्माण के भूमिपूजन की बधाई संदेश सभी इष्ट मित्रों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भेजे शर्मा ने तिल्दा नेवरा के सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से विशेष रुप से अपील किया है।

**तहसीलदार न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /अ-19(1)19-20
ग्राम-घोठिया, प.ह.नं. 4

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनिष जॉय, संयुक्त मसीही समाज कवर्धा के द्वारा कवर्धा शहर में डायोसिस ऑफ छ.ग. सी.एन.आई. मसीही समाज की कलिसिया के लिए प्रार्थना भवन हेतु ग्राम घोठिया प.ह.नं. 04 स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 166/1 में रकबा 50 डिसमिल भूमि की मांग की गई है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 10.08.2020 को प्रातः 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27.07.2020 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -1**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी
E-mail :- rmczone!@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 17/2020-21
वार्ड का नाम - ठक्कर बापा वार्ड-17

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक-17** वार्ड स्थित भवन **7/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती एम.पापा राव S/o स्व. एम. मन्लैमा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती नेहा कुमारी साहू W/o श्री धिरेन कुमार साहू** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 1
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -1**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी
E-mail :- rmczone!@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 14/2020-21
वार्ड का नाम - ठक्कर बापा वार्ड-17

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक-17** वार्ड स्थित भवन **नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती त्रिवेणी वर्मा W/o जनक लाल वर्मा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री डाकौर राम सिन्हा S/o श्री मेहत्तर सिन्हा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 1
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -1**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी
E-mail :- rmczone!@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र.18/2020-21
वार्ड का नाम - ठक्कर बापा वार्ड-17

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक-17** वार्ड स्थित भवन **नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती (1) मनराखन S/o शिवप्रसाद (2) खोरबाहरीन W/o श्री राम (3) मंटोरा बाई बेवा शिव प्रसाद** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री बहरीन बाई W/o रामबाास यादव** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 1
नगर पालिक निगम, रायपुर

**प्रपत्र जी**
**अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
(भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन)
**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | रायगढ़ प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 19-04-2000 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज - कोलकाता |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/ सीमित दायित्व पहचान संख्या | U74140WB2000PTC091711 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 1, केवाईडी स्ट्रीट, 16ए, पैलेस कोर्ट, कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700016, भारत |
| 6 | कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 27 फरवरी, 2020 |
| 7 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 05 अगस्त, 2020 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | ग्राह्यता मानदंड विस्तृत अभिरूचि की अभिव्यक्ति प्रक्रिया दस्तावेज में वर्णित है, जिसकी प्रति cirp.raigarhproperties@gmail.com को ई-मेल भेज कर प्राप्त की जा सकती है । |
| 9 | धारा 29क के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | आईबीबीआई की वेबसाइट (https://ibbi.gov.in/legal_framework) पर उपलब्ध हैं अथवा cirp.raigarhproperties@gmail.com को ई-मेल द्वारा अनुरोध भेजें। |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 20 अगस्त, 2020 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 22 अगस्त, 2020 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 27 अगस्त, 2020 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 28 अगस्त, 2020 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 22 अगस्त, 2020 |
| 15 | समाधान योजना हेतु अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने की विधि | ग्राह्य संभावित समाधान आवेदक को इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध कराए जाएंगे |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 21 सितम्बर, 2020 |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | समाधान प्रोफेशनल को सीलबंद लिफाफे में डाक द्वारा/दस्ती के अलावा पेन ड्राइव में डिजिटल कॉपी |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 17 अक्टूबर, 2020 (माननीय एनसीएलटी कोलकाता शाखा द्वारा मंजूर किए जाने वाले बहिष्करण के अधीन) |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | कमल नयन जैन रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P00029/2016-17/10065 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | कमल नयन जैन टोडी चैम्बर्स, 2 लाल बाजार स्ट्रीट, द्वितीय तल, रूम नंबर 204 एवं 205, कोलकाता-700001, पश्चिम बंगाल ई-मेल आईडी : knjain@knjainco.com |
| 21 | पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | क्लास इन्सोल्वेंसी रिसॉल्यूशन प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड 2/7 सरत बोस रोड, वसुंधरा अपार्टमेंट, द्वितीय तल, कोलकाता-700020, निकट हिन्दुस्तान क्लब ई-मेल आईडी : cirp.raigarhproperties@gmail.com |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | अन्य विवरण cirp.raigarhproperties@gmail.com को ई-मेल भेज कर प्राप्त किया जा सकता है । |
| 23 | प्रपत्र जी के प्रकाशन की तिथि | 05 अगस्त, 2020 |

तिथि : 05-08-2020
स्थान : कोलकाता

कमल नयन जैन
समाधान प्रोफेशनल
मोहन जूट मिल्स लिमिटेड
IBBI/IPA-001/IP-P00029/2016-17/10065

संपादकीय

## राजस्थान का संकट, विधायकों के पालाबदल का अंदेशा

**राजस्थान** में अशोक गहलोत-सचिन पायलट टकराव रोज नए आयाम धारण कर संकट को गहरा रहा है। जब गहलौत अपना संख्याबल बचाए रखने में जुटे हैं, तभी कांग्रेस में पीढ़ियों का टकराव और तेज हो रहा है। अब यह मामला केवल सरकार बचाने तक केन्द्रित न होकर पार्टी बचाने के नाम पर अहंकार के टकराव में बदल गया है। यदि गहलोत फिलहाल सफल भी हो जाते हैं तो भी पायलट के नेतृत्व वाले नौजवानों में निराशा समाप्त नहीं होगी जिनको वृद्ध नेताओं के कारण राज्य में अवसर नहीं मिला। भले ही मुख्यमंत्री न बन सकें, पर यदि पायलट ज्यादा विधायकों का समर्थन जुटा लेते हैं तो गहलौत सरकार गिरा ही देंगे। कुल मिला कर इस टकराव में कांग्रेस का नुकसान होगा जो प्रशासन चलाने तथा अपना घर ठीक करने के बजाय व्यक्तियों के टकराव के चलते जनादेश का अपमान करती दिख रही है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 14 अगस्त से सदन बुलाने को मंजूरी दी है जिसमें मुख्यमंत्री विश्वास मत प्राप्त कर सकते हैं। गहलौत ने दावा किया है कि राज्यपाल द्वारा विधानसभा सदन बुलाने के लिए दिए गए 21 दिन के समय के कारण 'हार्स ट्रेडिंग बढ़ी' है और विधायकों को ज्यादा पैसों का प्रस्ताव किया जा रहा है। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी-बसपा सुप्रीमो मायावती पर आरोप लगाया है कि वे भाजपा का पक्ष लेते हुए पिछले साल 6 बसपा विधायकों के कांग्रेस में विलय पर सवाल उठा रही हैं। उन्होंने मोदी-शाह जोड़ी पर सीधे हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार 'सबको डराने धमकाने' के लिए आयकर विभाग, ईडी व सीबीआई का 'दुरुपयोग' कर रही है। देखना होगा कि क्या गहलौत की रणनीति सफल होगी।

लगता है कि राजस्थान पर कब्जा करने के लिए राज्य भाजपा को केन्द्रीय नेतृत्व से सहायता मिल रही है, हालांकि गहलौत भी 'रिजार्ट क्वारंटीन' के रास्ते पर चलते हुए अब अपने विधायकों को जैसलमेर ले गए हैं। लेकिन धनबल की वापसी से राजनीतिक विमर्श धुंधला हुआ है और महामारी के समय सीमित संसाधनों के दुरुपयोग से जनादेश पालन पर सवाल उठ रहे हैं। गहलौत की परेशानी इस तथ्य से देखी जा सकती है कि 200 सदस्यों की विधानसभा में उनके विधायकों की संख्या 101 के बहुमत से केवल एक अधिक है। आधिकारिक रूप से पायलट के पास 19 विधायक हैं और वे गहलौत सरकार को अस्थिर कर सकते हैं। कांग्रेस में विलय होने वाले 6 बसपा विधायकों के खिलाफमामला अदालत में है। इससे मामला और गंभीर हो जाता है। गहलौत की परेशानी कांग्रेस में व्यापक उथलपुथल का एक लक्षण है जो हाल में सोनिया गांधी व मनमोहन सिंह द्वारा पार्टी की एक वर्चुअल बैठक में सामने आई। राहुल गांधी के विश्वस्त राजीव सताव ने खुलेआम संप्रग-2 को सार्वजनिक जीवन में पार्टी की छवि खराब होने का दोषी बताया। उन्होंने कहा, 'उस सरकार ने कांग्रेस की छवि बरबाद कर दी, इसलिए पार्टी में संकट की जवाबदेही उस समय से तय होनी चाहिए।' इसके बावजूद बुजुर्ग नेता अपने इस विचार पर दृढ़ हैं कि 'हल्के, अनुभवहीन नौजवान' पीढ़ीगत अंतर की बात कह कर 'अनावश्यक रूप से महत्व पाने' का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन वे भूल जाते हैं कि स्वयं उनको भी युवावस्था में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई थीं जिनसे उस समय के बुजुर्ग नेता नाराज थे। लेकिन बूढ़े होने के साथ ही वे जड़ता के शिकार हो गए हैं। इसके साथ ही ऐसे युवा नेता हैं जिन्होंने जमीन पर उल्लेखनीय काम कर अपनी छाप छोड़ी है और पायलट उनमें से एक हैं। सबको शक्ति देने की तमाम बातें करने के बावजूद कांग्रेस के बुजुर्ग नेता अब भी जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को शक्ति देने या उनकी बात सुनने के बजाय केन्द्रीकृत सोच पर विश्वास करते हैं। पायलट शुरू से सर्वोच्च पद पाने के बजाय प्रशासन में अपना स्थान पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन उनको हर निर्णय-प्रक्रिया से बाहर रखा गया। गहलौत के अहंकार के कारण अब कांग्रेस को उसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है जो गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, अरुणाचल, मध्य प्रदेश व कर्नाटक में उसके सामने आई थी।

# कौशल्या के राम से है छत्तीसगढ़ का गहरा नाता आज भी लोग भांजे में देखते हैं प्रभु राम की छवि





अयोध्या की रानी एवं छत्तीसगढ़ की अस्मिता के प्रतीक माता कौशल्या के पुत्र भगवान श्री राम का भांजा के स्वरूप में गहरा नाता है। इसका जीता-जागता उदाहरण है, छत्तीसगढ़ में सभी जाति समुदाय के लोग बहन के पुत्र को भगवान के प्रतिरूप अर्थात भांजा मानकर उनका चरण पखारते हैं। मोक्ष की प्राप्ति के लिए प्रभु श्रीराम से कामना करते हैं। यह और भी प्रबल तब होता है, जब गांव-शहर-कस्बा कहीं भी हो कोई भी जाति अथवा समुदाय के हो मांमा-भांजा के बीच के रिश्ते को पूरी आत्मीयता के साथ निभाया जाता है। मांमा के साथ किसी भांजे का यह रिश्ता कई बार माता-पिता के लिए पुत्र से भी ज्यादा घनिष्ठ स्वरूप में दिखाई पड़ता है।

त्रेतायुग में जब छत्तीसगढ़ का प्राचीन नाम कोसल व दण्डकारण्य के नाम से विख्यात था, तब कोसल नरेश भानुमंत थे। वाल्मिकी रामायण के अनुसार अयोध्यापति युवराज दशरथ के राज्याभिषेक के अवसर पर कोसल नरेश भानुमंत को भी अयोध्या आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर कोसल नरेश की पुत्री एवं राजकन्या भानुमति भी अयोघ्या गई हुई थी। युवराज दशरथ कोसल राजकन्या भानुमति के सुंदर और सौम्य रूप को देखकर मोहित हो गए और कोसल नरेश महाराज भानुमंत से विवाह का प्रस्वाव रखा। युवराज दशरथ और कोसल की राजकन्या भानुमति का वैवाहिक संबंध हुआ। शादी के बाद कोसल क्षेत्र की राजकुमारी होने की वजह से भानुमति को कौशल्या कहा जाने लगा। अयोध्या की रानी इसी कौशल्या की कोख से मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म हुआ। तभी ममतामयी माता कौशल्या को तत्कालीन कोसल राज्य के लोग बहन मानकर अपने बहन के पुत्र भगवान श्री राम को प्रतीक मानकर भांजा मानते है और उनका पैर छूकर आशीर्वाद लेते है।

कालांतर छत्तीसगढ में स्मृतिशेष आठवी-नौंवी सदी में निर्मित माता कौशल्या का भव्य मंदिर राजधानी रायपुर से 27 किलोमीटर दूर आरंग विकासखण्ड के ग्राम चन्दखुरी में स्थित है। चंदखुरी भी रामायण से छत्तीसगढ़ को सीधे जोड़ता है। रामायण के बालकांड के सर्ग 13 श्लोक 26 में आरंग विकासखंड के तहत आने वाले गांव चंदखुरी का जिक्र मिलता है। माना जाता है कि चन्दखुरी सैकड़ों साल पहले चन्द्रपुरी अर्थात् देवताओं की नगरी के नाम से जानी जाती थी। समय के साथ चन्द्रपुरी, चन्द्रखुरी हो गया जो चन्द्रपुरी का अपभ्रंश है। पौराणिक दृष्टि से इस मंदिर का अवशेष सोमवंशी कालीन आठवी-नौंवी शताब्दी के माने जाते है। इसके अलावा छत्तीसगढी संस्कृति में राम का नाम रचे-बसे है। तभी तो जब एक दूसरे से मिलते समय चाहे रिश्ते-नाते हो अथवा अपरिचित राम-राम कका, राम-राम काकी, राम-राम भैइया जैसे उच्चारण से अभिवादन आम तौर पर देखने सुनने को मिल ही जाता है।

छत्तीसगढ़ के ग्राम चन्दखुरी की पावन भूमि में प्रभु श्रीराम की जननी माता कौशल्या का दुर्लभ मंदिर देश और दुनिया में एक मात्र मंदिर है। यह छत्तीसगढ़ की गौरवपूर्ण अस्मिता का प्रतीक है। प्रकृति की अनुपम छटा बिखेरते इस मंदिर के गर्भ गृह में माता कौशल्या की गोद में बालरूप में प्रभु श्रीराम जी की वात्सल्य प्रतिमा श्रद्धालुओं एवं भक्तों के मन को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। वहीं पूर्वी छत्तीसगढ़ के महानदी, जोंक नदी और शिवनाथ नदी के संगम स्थ्ल शिवरीनारायण क्षेत्र में रामनामी समुदाय में भगवान श्री राम के प्रति अकूत प्रेम एवं अराधना को परिलक्षित करता है।

स्मरणीय तथ्य है कि छत्तीसगढ़ का प्राचीनतम नाम दक्षिण कोसल था। रामायण काल में छत्तीसगढ़ का अधिकांश भाग दण्डकारण्य क्षेत्र के अंतर्गत आता था। यह क्षेत्र उन दिनों दक्षिणापथ कहलाता था। शोधकर्ताओं द्वारा वनवास काल में प्रभु श्री राम चन्द्र जी के यहां आने का प्रमाण मिलता है। शोधकर्ताओं के शोध किताबों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल के 14 वर्षों में से लगभग 10 वर्ष से अधिक समय छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया था। छत्तीसगढ़ के लोकगीतों में देवी सीता की व्यथा, दण्डकारण्य की भौगोलिकता और वनस्पतियों के वर्णन भी मिलते हैं। माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने उत्तर भारत से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने और यहां के विभिन्न स्थानों पर चौमासा व्यतीत करने के बाद दक्षिण भारत में प्रवेश किया था। इसलिए छत्तीसगढ़ को दक्षिणापथ भी कहा जाता है।

भगवान श्रीरामजी के इन्हीं स्मरणीय तथ्यों और आगमन को सहेजने के लिए छत्तीसगढ़ ने श्रीराम के यात्रा पथ को एवं जहां-जहां भगवान श्री राम, भगवान श्रीलक्ष्मण और माता सीता ने समय व्यतीत किया है, जिन-जिन स्थानों पर उन्होंने आराम किया पूजा-अर्चना की उन यादों को सहेजकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चन्दखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर से प्रारंभ कर राम-वन-गमन-पथ के रूप में विकसित करने का बीड़ा उठाया है। इससे निश्चित ही देशवासियों की आस्था का सम्मान बढ़ेगा। यह भूपेश सरकार का एक बड़ा उल्लेखनीय और ऐतिहासिक कदम हैं।

राम-वन-गमन-पथ के निर्माण से निश्चित ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिलेगी। वहीं राम वन गमन परिपथ को एक पर्यटन सर्किट के तौर पर विकसित किए जाने का निर्णय रोजगार मुहैया कराने की दिशा में भी एक कारगर प्रयास होगा। विभिन्न शोध प्रकाशनों के अनुसार प्रभु श्रीराम ने छत्तीसगढ़ में वनगमन के दौरान लगभग 75 स्थलों का भ्रमण किया। जिसमें से 51 स्थल ऐसे हैं, जहां श्रीराम ने भ्रमण के दौरान रूककर कुछ समय बिताया था। राम वन गमन पथ में आने वाले छत्तीसगढ़ के नौ महत्वपूर्ण स्थलों सीतामढ़ी-हरचौका (कोरिया), रामगढ़ (अम्बिकापुर), शिवरीनारायण (जांजगीर-चांपा), तुरतुरिया (बलौदाबाजार), चंदखुरी (रायपुर), राजिम (गरियाबंद), सिहावा-सप्त ॠषि आश्रम (धमतरी) और जगदलपुर(बस्तर) और रामाराम (सुकमा) सहित उन इक्यांवन स्थलों को चिन्हाकिंत कर विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है।

प्रथम चरण में इन नौ महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित करने के लिए राज्य सरकार ने 137 करोड़ रूपए का 'कान्सेप्ट-प्लान' तैयार किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप माता कौशल्या मंदिर के मूलस्वरूप को यथावत रखते हुए इस माह के तीसरे सप्ताह से भव्य और और आर्कषक मंदिर के निर्माण का काम शुरू होने जा रहा है। वहीं इस क्षेत्र में सौन्दर्यीकरण का काम बीते साल के दिसम्बर माह से ही शुरू कर दिया गया है। राम वन गमन पर्यटन परिपथ के लिए राज्य शासन द्वारा गत वर्ष पांच करोड़ रूप्ए और इस वर्ष 10 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया है। सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने और भव्य राम मंदिर निर्माण शिलान्यास के साथ ही अब छत्तीसगढ़ में राम वनगमन पर्यटन परिपथ के निर्माण से छत्तीसगढ़ की देश भर में खास पहचान बनेगी। भगवान श्रीराम की माता कौशल्या मंदिर के साथ ही छत्तीसगढ़ में कोरिया से बस्तर के अंतिम छोर तक राम वन गमन पथ का विकास होगा। इससे प्रदेश के पर्यटन का भी तेजी से विकास होगा।

विशेष आलेख - **ओमप्रकाश डहरिया,**
जनसंपर्क अधिकारी

# कार्यरत महिलाओं पर महामारी की मार

“ यह महत्वपूर्ण है कि वे माताएं संतानोत्पत्ति के पश्चात करियर बनाने की इच्छा रखती हैं उन्हें महामारी के दौर में या उसके बगैर भी सहयोग व संबल प्राप्त हो। ”



**रुचि सैनी**
(लेखिका मेरीलैंड विश्वविद्यालय में पीएचडी स्कालर हैं)

मेरे एक मित्र ने कहा था कि अब उसे समझ में आया कि क्यों कार्यरत माताएं भारत से आई एक फोनकाल पर नौकरी छोड़ देती हैं। वो मेरी निकटतम मित्रों में से एक हैं और मैं आधे दशक से अधिक समय बाद उनसे बात कर रही थी। वो नैसर्गिक रूप से बहुत महत्वाकांक्षी लड़की थी, और उसका बयान सुनकर मुझे धक्का लगा। ''क्या हुआ? तुम्हारे विचार बदल कैसे गए?'' मैंने पूछा। जिसका उत्तर उसने यह दिया, ''क्या यह स्वाभाविक नहीं है, महामारी के बाद बच्चे का जन्म होना।'' महामारी के कारण, वह लगभग तीन महीने से घर बैठकर काम कर रही थी, साथ में अपने 4 वर्षीय बेटे को घर में पढ़ा रही थी तथा अतिरिक्त घरेलू काम कर रही थी। दूसरी ओर, उसका पति, घरेलू कामकाज में अकुशल हैं तथा उनकी रुचि भी नहीं है।

महामारी फैलने से पहले, भारत में महिलाओं का श्रम शक्ति में हिस्सा बहुत अल्प है और महामारी के कारण यह अंतराल और बढ़ने वाला है। 2019 की विश्व बैंक की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि नेपाल में 83 प्रतिशत और चीन में 60 प्रतिशत तथा बांग्लादेश में 36 प्रतिशत की तुलना में भारत मे महिला जनसंख्या का मात्र 21 प्रतिशत हिस्सा श्रम शक्ति में शामिल है। और जबकि कार्यबल में भारतीय महिलाओं के अल्प प्रतिनिधित्व के पीछे बहुत से कारण हैं, विद्वानों से विस्तार से चर्चा की है कि किस तरह मातृत्व महिलाओं को कार्यबल से अलग होने के लिए अनिच्छुक होने के बावजूद बाध्य कर देता है। भारत में पली-बढ़ी होने के कारण मुझे सामाजिक जमावड़ों तथा विद्वानों की बैठकों के दौरान बहुत से उदाहरण देखने को मिले हैं जहां पुरुष और महिलाएं दोनों ही इसे संतान को जन्म देने का विकल्प चुनने का एक स्वाभाविक एवं दुर्भाग्यपूर्ण किंतु अपरिहार्य परिणाम मानते हैं।

हालांकि, यह मातृत्व नहीं मां बनने के पश्चात बल्कि घरों के भीतर श्रम का असमान विभाजन है जो महिलाओं को कार्यबल से अगल होने को बाध्य करता है। बच्चे को जन्म देने के पश्चात, पुरुष बच्चे को पालने संबंधी सभी कार्य कर सकते हैं, यथा, खाना पकाना, सफाई, धुलाई आदि, सिर्फ स्तनपान को छोड़कर, मगर विचित्र रूप से ऐसा करने के लिए अवस्थित नहीं होते। 2018 में आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीस महिलाएं प्रतिदिन औसतन 5 घंटे 51 मिनट का समय उन घरेलू कार्यों में लगाती हैं जिनके बदले उन्हें कुछ नहीं मिलता, जो सर्वेक्षण के दायरे में लिए गए 31 देशों में दूसरा सर्वाधिक आंकड़ा है। दूसरी ओर, भारतीय पुरुष प्रतिदिन औसतन मात्र 45 मिनट काम करते हैं तथा तीनों सर्वेक्षित देशों में सबसे निचली पादान पर हैं। घरेलू कार्यों करने के प्रति औसत भारतीय पुरुषों की अनिच्छा के चलते, महिलाएं महामारी के दौरान अधिसंख्य घरेलू काम संभाल रही हैं। मुबइ की एक कार्यशील मां, सुबर्ण घोष द्वारा प्रारम्भ की गई एक आनलाइन याचिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया गया है कि वो अपने अगले भाषण में भारतीय महिलाओं को देखरेख के काम में बराबर का हिस्सा दिए जाने के बारे में बात करें। याचिका, जिसमें इस बारे में ध्यान आकृष्ट किया गया है कि किस तरह राष्ट्रव्यापी लाकडाउन ने परिवारों को वेतन बगैर देखभाल का काम करने संबंधी मुद्दों से दो-चार होने को बाध्य किया है। याचिका पर पहले ही 71,000 लोग हस्ताक्षर कर चुके हैं।

अशोक विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट से जाहिर हुआ है कि कि मां बनने के पश्चात, कारपोरेट, मीडिया एवं विकासीय क्षेत्र में कार्यरत लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं 30 वर्ष की आयु से पहले ही नौकरी छोड़ देती हैं और इन क्षेत्रों में केवल 16 प्रतिशत वरिष्ठ नेतृत्वकारी भूमिकाओं में महिलाएं होती हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बच्चे को जन्म देने के पश्चात ''गृहकार्य, मां एवं कर्मचारी'' की तीन भूमिकाएं अत्यधिक कृतसंकल्प महिलाओं को भी काम छोड़ने पर बाध्य करती हैं। कार्यबल से प्रतिभावान एवं बुद्धिमती महिलाओं का हट जाना व्यक्ति तथा समाज दोनों के लिए विनाशकारी होता है जिसे रोका जाना चाहिए। और इस दिशा में पहला कदम होना चाहिए भारतीय परिवारों में घरेलू श्रम के मामले में लिंग आधारित श्रम विभाजन की व्यवस्था को चुनाती दिया जाना। पुरुषों द्वारा घर के काम न करने का असली कारण यह है कि यह वेतनरहित कार्य है। यह तथ्य कि अधिकतर भारतीय खानसामे पुरुष हैं इस बात को सिद्ध करता है कि जब किसी काम के लिए भुगतान मिलता है तो पुरुष न केवल उसे करते हैं बल्कि महिलाओं से बेहतर ढंग से करते हैं। परिणामस्वरूप, जब वे लड़कों का पालन पोषण कर रहे होते हैं तक माता-पिता को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे भी घर के कामकाज को महिलाओं का दायित्व समझने के बजाए स्वयं भी करें। दूसरे, कार्यस्थल के भीतर दिन की देखभाल की प्रभावी व्यवस्था लागू करने में भारत की असमर्थता, जब महिलाओं के लिए कठोर निर्णय दिए जाने के साथ जुड़ जाती है जो अपने बच्चों को दिन में देखभाल हेतु देखभाल केंद्रों में रखती हैं, तो कार्यरत मांताओं के लिए उसके विनाशकारी परिणाम होते हैं। और जबकि भारतीय मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 में कम से कम 50 कर्मचारियों वाले कार्यस्थल में क्रेश की सुविधा को अनिवार्य बना दिया गया है, मगर उसका क्रियान्वयन शायद ही हो पाता है। कुछ मामलों में जब लागू भी किया जाता है, तो गुणवत्ता सुनिश्चित न होने के कारण माता-पिता सुविधा का लाभ उठाने से परहेज करते हैं। अब जअकि भारतीय अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे पुनः खुल रही है और वायरस संक्रमण का खतरा बना हुआ है, दिवसीय देखभाल केंद्रों में बेहतर गुणवत्तापूर्ण देखभाल का अभाव कार्यरत महिलाओं को ज्यादा महसूस हो रहा है।

## फरमाया



**भूटान** में रियल इस्टेट के लिए उन्होंने जो दावे किए हैं और भारत में उन्होंने जो घुसपैठ की, वह सब चीन के इरादों के संकेत हैं।

– **माइक पोम्पियो**
अमेरिकी विदेश सचिव



**मुंबई** पुलिस सुशांत सिंह राजपूत की मौत की बिहार पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच में बाधा डाल रही है। भाजपा को लगता है कि यह मामला सीबीआई के सुपुर्द किया जाना चाहिए।

– **सुशील मोदी**
उपमुख्यमंत्री बिहार



**सीबीआई** जांच की जरूरत नहीं है। मुंबई पुलिस साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। उम्मीद है कि जांच जल्द ही पूरी हो जाएगी।

– **जयंत पाटिल**
जल संसाधन मंत्री महाराष्ट्र

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## कोरोना काल में बेहाल

**महामारी** ने किसकी दिशा व दशा नहीं बदली। एक सिरे से देखे तो, पता चलेगा कि सब कुछ बदल गया।कमाने से लेकर जीने का तरीका बदल गया,शिक्षा से लेकर रोजगार बदल गया। खिलाड़ियों के पसीने अब खेती में लगे हुए है। एक समय था, जब भारत का शीर्ष नेतृत्व कर देश को गौरवान्वित करते थे।किसी का खेल अब खेती में बदल गया,तो किसी का कंडक्टरी पर, कोई जूता बेंच रहा तो कोई ठेले पर सामान। फुटबाल के सितारे,सड़कों पर घूम रहे रोजगार के मारे मारे। वर्ष 2006 में बिहार का नेतृत्व करने वाले बाबर, छः बार अंडर 21 में जूनियर नेशनल में कास्य पदक विजेता रहे है।आज ठेला लगाकर,जीवकोपार्जन कर रहे। वर्ष 2009 में अंडर 21 फुटबाल में लगातार पांच बार संतोष ट्रॉफी में बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे,नादिर परवेज को राज्य सरकार ने दो बार सम्मान तो दिया, लेकिन आज जूते की दुकान पर काम कर रहे। तीन बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का नेतृत्व कर चुकीं और दो बार भारतीय जूनियर महिला फुटबाल में शामिल रही, ममता आज खेती कर रही हैं। रोजगार को बेरोजगार और खिलाड़ी को खेती करने पर, मजबूर हो गए हैं। उम्मीद है जल्द संकट के गहरे बादल छटेंगे और फिर से नया सवेरा होगा।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

## खाड़ी देशों में प्रवासियों की चिंता

**अभी** हाल ही में जुलाई 2020 में केरल राज्य के हाई कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को अनिवासी भारतीयों को मदद करने के लिए एक सिस्टम स्थापित करने की मांग करने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। जो किसी अन्य देश में अपना रोजगार खो चुके हैं और जीविकोपार्जन की तलाश में भारत लौट आए थे। इस याचिका में प्रवासी मजदूरों की बची हुई वेतनमान के भुगतान पर भी न्याय की मांग करें। याचिका में यह भी बताया गया कि इस कठिन दौर के समय में खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में निर्माण क्षेत्र से संबंधित कंपनियों ने प्रवासी श्रमिकों को वेतन आदि का भुगतान किए बिना अत्यधिक लाभ उठाया है। अभी वैश्विक महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों से खाड़ी देशों ने भारत सहित अन्य दक्षिण एशियाई देशों में रिवर्स माइग्रेशन देखा जा रहा है। लॉकडाउन के कुछ ही दिनों बाद काम धंधे बंद होने की वजह से श्रमिकों के सामने चुनौती है। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र की जनसंख्या विभाग की ओर से जारी अंतरराष्ट्रीय प्रवासी स्टॉक 2019 रिपोर्ट में यह दिखाया गया था कि खाड़ी देशों में प्रवासी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, कल्याणकारी तंत्र का अभाव है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## टकराव अच्छा नहीं

**राजनीतिक** जंग चलती रहती है। मगर जब यह उस मुकाम पर आकर ठहरती है जहां राजनीति शून्य हो जाती है, तो यह लोकतंत्र में रखने वाली बात होती है। मध्य प्रदेश से चला सियासी ड्रामा राजस्थान पहुंच गया है। दोनों में राज्यपाल और सरकार के बीच तनातनी बनी रही जो ठीक नहीं है। हालांकि यह विवाद कोई हालिया नहीं है वरन यह तो पुरानी सरकारों की देन है। बीते दिनों राजस्थान में सरकार और राज्यपाल के बीच विधानसभा सत्र बुलाने को लेकर जो जोर आजमाइश हुई। कभी राज्यपाल डाल-डाल तो कभी गहलोत पात पात। सब गतिविधियां इस ड्रामा में नजर आईं जो लोकतंत्र के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके पूर्व मध्य प्रदेश में भी इस तरह का विवाद गहरा चुका है। वैसे इस तरह की विवाद की स्थिति पूर्ववर्ती सरकारों मे भी होती आई है। आज इस तरह का विवाद की स्थिति बनना कम से कम लोकतंत्र की मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है। सरकार और महामहिम पद पर बैठे लोग इस तरह के विवाद से बचें क्योंकि राजपाल किसी दल विशेष के नहीं रहते। उनका निष्पक्ष क्रियाकलाप जरूरी है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

# मुख्यमंत्री की गौधन न्याय योजना ने किया कमाल, गोबर विक्रेता हुए मालामाल

## बालोद जिले में 2 हजार 131 हितग्राहियों से 11 लाख का 5 लाख किलो से अधिक खरीदी गई गोबर

### गोबर खरीदी से ग्रामीण अंचलों में खुशी का माहौल

रवि भूतड़ा बालोद
www.dailypioneer.com



सीएम भूपेश बघेल की गौधन न्याय योजना ने कमाल कर दिया है। पहली बार इस योजना के अंतर्गत गोबर विक्रेताओं को गोबर के लाखों रुपये मिलेंगे। 20 जुलाई से लेकर अब तलक जिले के 77 गौठानों में 2 हजार 131 गोबर विक्रेताओं से 2 रुपये किलो की दर से 5 लाख 63 हजार 684 किलो गोबर की खरीदी कर ली गई है। याने की कुल 11 लाख 27 हजार रुपये की गोबर की खरीदी गौठान समितियों के द्वारा की गई है। जिसका सीधा भुगतान आज 5 अगस्त को गोबर विक्रेताओं के बैंक खाते में किया जाएगा। जिसके लिए जिला पंचायत ने गौठान समितियों को राशि भी जारी कर दी है। वहीं भूपेश सरकार द्वारा गौधन न्याय योजना के जरिये की जा रही गोबर खरीदी से ग्रामीण अंचलों में गोबर विक्रेताओं में बेहद ही खुशी है। गौरतलब हो कि प्रदेश भर में 20 जुलाई से गौधन न्याय योजना की शुरुआत की गई थी। जिले में भी छग शासन के खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने इस गौधन न्याय योजना का शुभारंभ किया था। जिसके बाद से कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ




लोकेश चंद्राकर के मार्गदर्शन में गौठान समितियों के द्वारा लगातार गोबर की खरीदी सुचारू रूप से की जा रही हैं। बता दे कि इस योजना के अंतर्गत गोबर विक्रेताओं को 15 दिन के भीतर गौठान समिति को सीधे बैंक खाते में राशि का भुगतान करना है।

### गौधन न्याय योजना से महिलाएं ज्यादा उत्साहित : लोकेश चंद्राकर

जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 77 गौठानों में गौधन न्याय योजना प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत 2 हजार 131 हितग्राहियों का गोबर क्रय किया गया है। जिसकी मात्रा लगभग 5 लाख 63 हजार 684 किलो है। जिसका भुगतान कुल 11 लाख 27 हजार रुपए किया जाना है। चंद्राकर ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि इसके लिए गौठान समितियों के खाते में 40 से 50 हजार रुपये अंतरित कर दिए गए हैं और सभी हितग्राही जिन्होंने गोबर विक्रय किया है। उनका खाता नंबर गौठान समिति के माध्यम से कॉपरेटिव बैंक में पंजीकृत कर दिया गया है। जिसका भुगतान आज 5 अगस्त को होगा। एक क्लिक के माध्यम से सभी गोबर विक्रेताओं के खाते में सीधे पैसे चले जाएंगे। चंद्राकर ने बताया कि गौधन न्याय योजना से गोबर हितग्राही बेहद खुश हैं। क्योंकि जो गोबर उनके लिए इतनी उपयोगी नहीं हो पा रही थी। आज उसी गोबर का उन्हें पर्याप्त मात्रा में राशि मिल रही है। खासकर महिलाएं ज्यादा उत्साहित नजर आ रही हैं।

# सात पत्ती सोने का लाकेट, मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

24 जुलाई को प्रार्थिया सातबाई जांगडे ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 17 जुलाई को रात्रि अपनी भैंस को बांधकर चारा भूंसा देकर अपने बच्चों के साथ घर के छत में सोई थी रात्रि करीबन 02.30 से 03.00 बजे के मध्य भैंस के चिल्लाने की आवाज को सुनकर उठकर देखी तो भैंस गेरवा से छुडाकर घर के सामने खेत में चर रही थी तब मैं उसे बांधने के लिए छत से नीचे उतरकर भैंस को छेककर वापस बांधने ला रही थी वहीं पर अंधेरे में तीन आदमी खडे थे। मैं अपने गले में सात पत्ती सोने का लाकेट जिसमें बीच का लाकेट बडा और 06 लाकेट छोटे वजनी 8.750MG कीमती करीबन 38,000 रूपये पहनी थी जो चोरी करने की नियत से मेरे घर में आये थे और मेरे गले के लाकेट को चोरी कर ले गये है कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना



### चोरी के मामले का पर्दाफास

के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने तत्काल माल मुल्जिम पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। विवेचना माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान 02 अगस्त को संदेही चेतन साहू ऊर्फ छोटु ग्राम बाबा मोहतरा को उक्त चोरी की घटना के संबंध में पुछताछ करने पर बताया कि घटना दिनांक को अपने साथी कमल बंजारे, राजकुमार साहू के साथ मोटर सायकल में जाकर चोरी करना स्वीकार किये। तीनो आरोपियो चेतन साहू ऊर्फ छोटु, कमल बंजारे, राजकुमार साहू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती करीबन 40,000/- रूपये व चोरी गये मशरूका सात पत्ती सोना का लाकेट वजनी 8.750MG कीमती करीबन 38,000/- रूपये एवं मोबाईल कीमती करीबन 3000/- रूपये कुल जुमला कीमती करीबन 81,000/- रूपये को सक्षम गवाहो के समक्ष बरामद किया गया।

आरोपियो 1. कमल प्रसाद बंजारे ऊर्फ छोटू पिता सनत बंजारे उम्र 31 साल साकिन बेमेतरा 2. राजकुमार साहू ऊर्फ गोलू पिता कमल नारायण साहू उम्र 22 साल साकिन बाबामोहतरा 3. चेतन साहू ऊर्फ छोटू पिता बहल राम साहू उम्र 20 साल साकिन बाबा मोहतरा बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 03.08.2020 माननीय न्यायालय बेमेतरा में पेश किया गया।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दिनांक 20.07.2020 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी नाबालिग लडकी जो दिनांक 13.07.2020 के रात्रि 10 बजे घर से बिना बताये चली गई है। परिवार वालो एवं आस पास में पुछताछ करने पर पता चला कि मेरी नाबालिक लडकी को ग्राम डंगनिया का राजकुमार विश्वकर्मा लेकर गया है। आरोपी द्वारा नाबालिग जानते हुए भी बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है।



प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक विमल बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं थाना स्टाफ को अपहृता एवं आरोपी का पतासाजी कर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी बेमेतरा एवं थाना स्टाफ द्वारा अपहृता एवं आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था विवेचना पता साजी के दौरान दिनांक 02.08.2020 को अपहृता को आरोपी राजकुमार विश्वकर्मा के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग जानते हुए भी बहला फुसलाकर ले जाकर उनके साथ जबरन दुष्कर्म करना पाये जाने पर आरोपी राजकुमार विश्वकर्मा पिता मोहित विश्वकर्मा निवासी ग्राम डंगनिया पुलिस चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर अपराध घटित करना कबूल किया।

# सब्बो बहिनी मन ला रक्षाबंधन के यथा योग्य अभिवादन स्नेह और आशीर्वाद

**बेमेतरा।** साल 2020 वैश्विक महामारी कोरोना के कारण जीवित रहने का वर्ष बन गया है ,परंतु ऐसे विकट संघर्ष व कठिन वर्ष में अपना कर्तव्य धर्म भूल जाऊं यह मेरे लिए मृत्यु से भी बड़ा दंड होगा। इसलिए अपने धर्म बहिनी मन ला रक्षाबंधन व तीजा पोला के यथा योग्य प्रणाम आशीर्वाद व स्नेह देते हुए मां चंडी से यही प्रार्थना करता हूं कि आप सभी को महामारी से बचाएं तथा सभी कठिनाइयों से उबारें। रक्षाबंधन भाई बहन के त्यौहार में मैं आप मन के बीच उपस्थित हो कर दु:ख व कठिनाई की घड़ी में सहभागी बनना चाहता हूं, पर महामारी का यही मूल मंत्र कि हम सभी अपने-अपने घरों में ही सुरक्षित रहें, इसका पालन ही उचित होगा। ऐसी परिस्थिति में मैं बहिनी मन के प्यार और आशीर्वाद से वंचित नहीं होना चाहता। इसलिए नेवनारा के मेरे घर के पते मां चंडी आश्रम के पते या रायपुर के पते पर अपन आशीर्वाद स्नेह व प्यार के सूत्र रक्षा सूत्र राखी ला मोला भेज सकता हौ।



# रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाइयों के कलाई में बांधे राखी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्रावण महीने के अंतिम सोमवार 3 जुलाई को अंचल के शिव मंदिरों में रुद्रा अभिषेक पूजन का विशेष आयोजन कार्यक्रम संपन्न हुआ शिवालय में ब्रह्म मुहूर्त में ही पंडितों के द्वारा मंदिरों में पूजा-अर्चना प्रारंभ हो गई थी बेमेतरा नगर में माता भद्रकाली परिसर में स्थित भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना के साथ ही अशोका विहार कॉलोनी स्थित शिवालय तथा विद्युत कंपनी कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर स्थानीय लोगों की सहभागिता रही इसके अलावा सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ गई थी ग्रामीण क्षेत्रों में भी सावन महीने के अंतिम दिवस भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की गई इसमें खासतौर पर रुद्राभिषेक का कार्य म किया गया अनेक मंदिरों में दिनभर आयोजन जारी था शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद विशिष्ट मुहूर्त में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कोरोना कहर के चलते इस बार राखी का त्यौहार ज्यादातर लोग अपने अपने घरों में ही रह कर त्यौहार मनाने की परंपरा का निर्वहन किए और खास तौर पर राखी में आने जाने या बहन के घर जाकर राखी बंधवाने की परंपरा इस बार कोरोना कहर के चलते फीका रहा ज्यादातर लोग बाग अपने घरों तक ही सीमित रहे फिर भी राखी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से लोगों के द्वारा मनाया गया और बीते तीन-चार दिनों पूर्व में मिठाई दुकानों में भी भारी भीड़ रही लॉकडाउन के दरमियान दुकान सुबह 8:00 से 10:00 बजे तक खोलने की मिली छूट पर दुकानदारों ने बड़े पैमाने पर मिठाई की बिक्री कर रहे ग्रामीण क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राखी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



# एमपी के 125 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग कुमार पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस व उप. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) बेमेतरा रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत आज दिनांक 02.08.2020 को चौकी चंदनु पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम झिरिया के जागेश्वर ऊर्फ डमरू साहू अपने घर में बिना अनुज्ञप्ति पत्र के अपने कब्जे में शराब रखकर अवैध रूप से धन अर्जित करने के नियत से शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर चौकी चंदनु स्टाफ गवाहो के साथ मौके में पहुच कर आरोपी को पकडा। आरोपी 1. जागेश्वर ऊर्फ डमरू साहू पिता अक्षा साहू उम्र 54 साल साकिन झिरिया चौकी चंदनु थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के कब्जे से एमपी के 125 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब (22,500द्रव) कीमती करीबन 15,000/- रूपये जप्त कर 34 (2), 36 आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया।

# गणेश पूजा में समितियों को न करें दंडित, संबधित व्यक्ति पर हो कार्यवाही

**भिलाई।** एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह ने दुर्ग कलेक्टर और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपकर कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को देखते हुए गणेश उत्सव के संबंध में जारी आदेश के कंडिका क्रमांक 9 को संशोधित करने की मांग की है। आदित्य सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने आमजनों की आस्था का ख्याल रखते हुए विभिन्न नियम और शर्तों पर इसकी अनुमति दी है जो कि स्वागत योग्य है परंतु इसी क्रम में शासन द्वारा जारी आदेश के कंडिका क्रमांक 9 में उल्लेख है कि यदि कोई व्यक्ति बिना मास्क के मूर्ति दर्शन या पूजा के लिए बिना मास्क के आता है तो संबंधित व्यक्ति के साथ-साथ समिति के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जाए। इस आदेश के पश्चात गणेश समितियों के मन में भय एवं चिंता से व्याकुलता है। समितियों ने कहा है कि शासन के आदेश का पालन करते हुए फिजिकल डिस्टेंस का पालन भी करवाया जाएगा तथा मास्क पहनने संबंधित सभी प्रकार के जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे,परंतु यदि कोई व्यक्ति बिना मास्क के मूर्ति दर्शन एवं पूजा के लिए पंडाल में आते हैं तो संबंधित व्यक्ति के ऊपर कार्यवाही की जाए, जिससे की कड़ाई से सभी आदेशों का पालन किया जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान शरद मिश्रा, जे संजीव, आसिफ खान, फराज अहमद एवं विभिन्न गणेश समिति के लोगों ने ज्ञापन दिया।

# सार्वा परिवार की अनूठी पहल, भाइयों ने बहनों को उपहार में दिए फलदार पौधे



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का पर्व रक्षाबंधन इस बार सबने अपने-अपने अंदाज में मनाया। गुंडरदेही के सार्वा परिवार ने इस रक्षाबंधन अनूठी पहल की शुरुआत की है। रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर गुंडरदेही विकासखण्ड के ग्राम फुंडा में निवासरत सार्वा परिवार में मौजूद भाई-बहनों के बीच अटूट प्यार देखने मिला साथ ही सराहनीय पहल की शुरुआत करते हुए औरों को भी संदेश दिया। एक तरफ बहनों ने भाइयों की कलाईयों में सुंदर-सुंदर राखी बांधी तो भाईयों ने अपनी बहनों को लंबी उम्र का आशीर्वाद के साथ उपहार स्वरुप फलदार आम, नींबू, कटहल, मुनगा, अमरूद के पौधे दिए। उक्त अवसर पर भूपेश, भूपेंद्र, राजकुमारी, बिमला, कोमेश, टिकेश, राधिका, पल्लवी, यशोदा, दुर्गा, शिबू, कविता, देवश्री, दीक्षा, डिम्पल, केन्जल शामिल रहे।

# स्टॉफ नर्सों ने जल्द स्वस्थ्य होने की कामना को लेकर संक्रमितों की कलाई में बांधी राखी



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

सोमवार को देशभर में भाई-बहन के प्यार का त्यौहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोरोना पॉजिटिव मरीजो की कलाई सुनी न रहे। इसीलिए राज्य सरकार के आदेश पर जिला अस्पताल में नर्सों द्वारा कोरोना संक्रमितों को तिलक लगा, आरती उतारकर, राखी बांधी गई और उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। जिला कोविड-19 अस्पताल में कोरोना संक्रमितों का इलाज कर रही स्टॉफ नर्सों ने बहनों की भूमिका निभाते हुए संक्रमितों को राखी बांध उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की हैं। जिला कोविड-19 अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए रक्षाबंधन पर एक खास इंतजाम किया गया हैं। बता दे कि सोमवार तक कोविड-19 अस्पताल में 11 कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज जारी हैं।

# जरुरत के सामान पाकर जरुरतमंदों के चेहरे पर दिखाई दी दिव्य मुस्कान

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com

लायंस क्लब भिलाई पिनेकल ने अपने क्लब का सिग्नेचर प्रोजेक्ट दिव्य मुस्कान पिछले साल से प्रारंभ किया था। जिसका उद्देश्य जरुरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना है। क्लब की अध्यक्ष वैशाली भगत ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत क्लब हर माह एक विशेष प्रकार की गतिविधि करता रहता है। जिससे आम आदमी क्लब के कार्यो से अवगत होता ही है साथ ही जरुरत के सामान भी लोगों को मिल जाते हैं। सचिव रूपाली पलित ने बताया कि हर माह की 15 से 21 तारीख के बीच जरूरतमंदों को जरूरत का सामान वितरित किया जाता है। इसके अंतर्गत जुलाई माह में सभी जरूरतमंद लोगों को चादर बांटी गई। कोषाध्यक्ष अंजना श्रीवास्तव ने बताया की जुलाई माह में लगभग 250 चादर सिग्नेचर प्रोजेक्ट के तहत वितरित की गई। चार्टर अध्यक्ष विभा भूटानी ने बताया की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इस बार 15 से 21 यानी कुल 7 दिनों में 250 चादर बांटी गई। इस अवसर पर जोन चेयरपर्सन रश्मि लखोटिया, पूर्व अध्यक्ष नम्रता चाने, माधुरी रवानी, पूर्व सचिव अंजू अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रिया रस्तोगी, सह सचिव नीलम पाल, सह कोषाध्यक्ष शोभा डोंगरा एवं चार्टर अध्यक्ष विभा भूटानी विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

## निर्वाणी अखाड़ा में ब्रिटिश काल मे गुम्बद के नीचे मूर्ति रखने का चला था केस

# निर्वाणी अखाड़ा और अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ आज नगर के मंदिरों में लड्डू वितरण करेगी

### वैष्णव ब्राह्मण समाज ने की आतिशबाजी और दीए जलाने की अपील

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ब्रिटिश काल के दौरान सन 1940 में सर्वप्रथम वैष्णव सम्प्रदाय के निर्वाणी अखाड़ा के महंत अभिराम दास ने अयोध्या में केंद्रीय गुम्बद के नीचे भगवान राम की मूर्तियां रखी थी, जिसके लिए उन पर प्राथमिकी दर्ज हुई, और उन्हें आरोपी बनाया गया था, निर्वाणी और निर्मोही अखाड़ा के महंतो ने प्रभु राम की मंदिर स्थापना के लिए कई दशकों का संघर्ष किया है, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कहा कि 5 अगस्त को अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास अवसर के हम इस सदी के साक्षी रहेंगे, यह भी हम सभी के जीवन के महानतम उपलब्धियों में से एक है कि हमारे पूर्वजो के आध्यात्मिक आस्थाओं और मान्यताओं के केंद्र और इस देश मे आर्य और अनार्यो के जीवन मे रचे बसे और सामाजिक राजनैतिक जीवन के प्रादर्श के महानायक भगवान राम जी के जन्मस्थल पर उनकी मंदिर की पुनर्स्थापना हो रही है, हमारे पूर्वजों और इस सदी के कई साथियों ने राम मंदिर के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति तक दे डाली,मंदिर स्थापना देखने का यह सौभाग्य प्राप्त नही हो सका किंतु हमे प्राप्त यह सौभाग्य उन्ही के हिस्से का है, उनका पुण्य स्मरण है,बेमेतरा भी इस ऐतिहासिक क्षण में अपनी खुशियों के माध्यम से इस अवसर के लिए तैयार है 5 अगस्त को सभी घरों में घी से बने मोतीचूर के लड्डू सियाराम प्रसादी के रूप में घर घर वितरण किया जायेगा।

डॉ. निर्वाणी ने कहा कि निर्वाणी अखाड़ा के महंत के अयोध्या वासी शिष्यों के निर्देश अनुसार अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के बेमेतरा इकाई के सदस्यों द्वारा घी से बने मोतीचूर के लड्डू राम प्रसादी के रूप में वितरण किया जाएगा,नगर के सभी मंदिरों, सुबह से ही वितरण किया जाएगा साथ-साथ आस पास के ग्रामीण अंचलों में भी प्रसादी का वितरण किया जाएगा, राम प्रसादी वितरण के लिए योगिदीप समिति के अध्यक्ष रितेश शर्मा,अधिवक्ता संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण निर्वाणी,बावा मोहतरा के महंत विजय गोस्वामी, झिरिया के राम विशाल मिश्रा, वैष्णव महासभा के युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष प्रतुल वैष्णव, झिरिया के विनोद तिवारी, नवगांव के नीलेश वैष्णव, बहेरा के शेष तिवारी नगर के युवा व्यवसायी मुकेश भूतड़ा, मुकेश राठी, सन कपाट के अभिषेक पांडेय, रिंकु पाण्डेय उच्च न्यायल बिलासपुर के अधिवक्ता वैभव गोवर्धन, मिकेश्वर नामदेव, गुलाब धर साहू, दीपक शर्मा ,प्रतीक वैष्णव, रोशन तिवारी, रूपेश पांडेय ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया है।

# रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई में सजाया स्नेह व प्यार

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला में श्रावण माह के अंतिम सोमवार को संयोगवश रक्षाबन्धन का पवित्र त्योहार पूरे हर्षोल्लास के सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में मनाया गया। जिसमें इस दौरान छोटे छोटे बच्चों से लेकर युवाओ तक विशेष उत्साह भाई-बहन के इस अनूठे पर्व के लिए ललक देखी गयी। घर मे बहनों ने अपने भाई की कलाइयों में राखी बांधकर उससे रक्षा का वचन मांगा तो वही भाईयो ने उन्हें उपहार स्वरूप पसन्द की चीजे भेंट की। हालांकि पिछले साल की तुलना में इस बार कोरोना महामारी के प्रकोप का खासा असर देखने को मिला। एक तो लॉकडाउन ने लोगों को घरो तक बांधकर रख दिया तो वही आवागमन की व्यवस्था से काफी प्रभाव त्यौहार



पर पड़ा। चूंकि रिश्तों का यह अनूठा पर्व साल में एक बार आता है इसलिए ब्लॉक से लेकर ग्रामीण इलाकों में भी जमकर बहनों ने भाई की कलाई सजाकर मिठाई खिलाते हुए पूरे उत्साहपूर्वक त्योहार मनाया।जिसमे पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल जी के गृहग्राम रेवे, परपोड़ा, भिम्भौरी, सरदा, सोंढ, देवरबीजा, सुरजपुरा, बेरलाकला, सांकरा, कुसमी, घुघेली, आनंदगाव, बारगांव, कन्डरका, भालेसर, कुम्हिगुडा, बचेड़ी, बोरसी, सिलघट, पाहंदा, खिसोरा, डंगनिया, बांसा, तारालिम, रांका, कठिया, गोडगिरी, गाड़ामोर, टटिया, दारगांव, ठेगाभाट, भरचढ़ी, पतोरा, सिंघौरी, सिरसा, खम्हरिया-एम, लाटा, नेवनारा, पिरदा सहित सैकड़ों गाँवो में कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के मद्देनजर लॉकडाउन को ध्यान में रखते हुए हर्षोल्लास व उमंग के साथ भाई बहनों का यह अनूठा पर्व मनाया गया।

## क्विक न्यूज

### सोमवार को फिर मिले कोरोना पॉजिटिव मरीज

**रायगढ़।** जिले में तेजी से बढ़ रहे कोरोना मरीजों की संख्या को लेकर अब प्रशासन चिंतित हो रहा है। चूंकि बीते दो दिनों के भीतर रायगढ़ सहित जिले के आसपास ब्लाक एवं ग्रामीण इलाकों में 33 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। बीते दिन जहां एक साथ 18 मरीज मिले थे वहीं मंगलवार को फिर से रायगढ़ शहर सहित ग्रामीण ईलाकों में 15 और नए मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को घरघोड़ा ब्लाक में दो, लैलूंगा में एक, पुसौर में एक, गोरखा में एक, लोईंग में एक और शेष रायगढ़ शहर के विभिन्न मोहगों में मिले हैं। शहरी क्षेत्र में मिले कोरोना मरीजों में विनोबा नगर से एक, बोईरदादर सेठी नगर से तीन, बोईरदादर क्षेत्र से एक, उर्दना पुलिस लाईन से एक, बैकुण्ठपुर से एक, धांगरडिपा से एक तथा भगवानपुर क्षेत्र से एक कोरोना पॉजिटिव मिलने की पुष्टि हुई है। जिले के स्वास्थ्य अधिकारी एसएन केशरी ने बताया कि सभी मरीजों को कोविड अस्पताल भेजा जा रहा है।

# पुलिस ने जनसहयोग से बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

## मीडिया व समाजसेवियों संगठनों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा, 15 लाख से अधिक मास्क का हुआ वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला सोमवार को पूरे भारत के मानचित्र पर सोशल पुलिसिंग के चलते वर्ल्ड रिकार्ड तक पहुंच गया है और इसके हकदार रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह हैं। उनकी सोच को मीडिया जगत के साथी एवं समाजसेवी संगठनों ने उनके एक रक्षा सूत्र मास्क की सोच को न केवल अमलीजामा पहनाया। बल्कि इस महाअभियान में हिस्सा लेते हुए शहर से लेकर गांव तक पहुंचाया। दानवीर स्व. सेठ किरोड़ीमल की नगरी में सोशल पुलिसिंग के जरिए कोविड कोरोना की महामारी से लड़ने के लिए पुलिस का वो चेहरा सामने आया जो कौमी एकता के सूत्र को मजबूत करते हुए एक ऐसा संदेश लोगों के बीच दे गया जो सदियों तक याद रखा जाएगा।

रायगढ़ पुलिस के आह्वान पर रायगढ़वासियों के सहयोग से प्राप्त मॉस्क को रक्षाबंधन के दिन एक रक्षासूत्र मास्क का जागरूकता के महाअभियान के रूप में चलाया गया और लोंगों को मास्क पहनने का संदेश दिया गया। पुलिस द्वारा रक्षाबंधन के दिन कोरोना के इस समय बहनों को प्रेरित किया गया कि वो राखी के साथ रक्षासूत्र के रूप में मॉस्क भाइयों को दें और भाई गिफ्ट के रूप में मॉस्क गिफ्ट दें।

साथ ही सभी लोग व संस्थान अपने दोस्तों, परिजनों और परिचितों, कर्मचारियों को मॉस्क दें। साथ ही पुलिस द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर मास्क के प्रति जागरूकता लाने एक जागरूकता अभियान के जरिए पूरे जिले में मास्क वितरण का अभियान चलाया गया। पहले इस अभियान में 7-8 लाख मॉस्क बांटने थे, लेकिन लोगों से 12.37 लाख अंतिम दिन तक प्राप्त होने पर उसे वितरित किया गया।

रायगढ़ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि कुल 362 विभिन्न संस्थानों/संगठनों के सहयोग से प्राप्त 12.37 मॉस्क को 985 पुलिसकर्मियों, 7500 वॉलिंटियर्स के विशेष सहयोग से पूरे रायगढ़ जिले में बांटा गया। साथ ही विभिन्न संस्थाओं/लोगों ने अपने संस्थानों/अपने-अपने घरों में अनुमानित 2.5 लाख मॉस्क बांटे। जिले में रिकार्ड लगभग 14.87 लाख मास्क का वितरण। अधिकांश लोगों को एक से अधिक मॉस्क मिले, जरूरतमंदों को अधिकाधिक मास्क हुए वितरित। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा इस मुहिम को सफल बनाने के लिए एडिशनल एसपी रायगढ़ अभिषेक वर्मा, समस्त पुलिस अधिकारियों व समस्त थाना प्रभारियों को जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, छोटे-बड़े संस्थानों, सभी धर्म, समाज के लोगों, मीडिया समूह को इस अभियान से जोड़ने की जिम्मेदारी दी गयी थी।

**थानेदार विवेक पाटले ने सवा लाख मास्क बांटे** - एक रक्षासूत्र मास्क के अभियान को लेकर पूरा शहर सोमवार को एकजुट रहा। एक तरफ पुलिस महकमे ने पूरी निष्ठा से इस कार्य को संपादित किया तो दूसरी तरफ शहर के हरेक वर्ग ने इस महाअभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक की इस मुहिम को कामयाब बनाने सभी थानेदार लगे हुए थे। जो जानकारी सामने आ रही है।

### जब कोतवाल ने पहनाए नन्हे-मुन्हे बच्चों को मास्क पहनाया

कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को रोकने रायगढ़ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सोमवार को शहरवासियों के साथ पूरा पुलिस महकमा दिन भर लगा रहा। रायगढ़ पुलिस के अभियान एक रक्षासूत्र मास्क का को सफल बनाने के लिए दिनभर की जद्दोजहद में शहर का हर शख्स लगा हुआ था। ऐसे में सोमवार को खुद नगर कोतवाल एसएन सिंह पूरे अभियान की मॉनिटरिंग के अलावे खुद भी मास्क बांटने के साथ-साथ छोटे छोटे बच्चों को अपने हाथों से मास्क पहनाते रहे। बता दें की पुलिस विभाग ने जिले भर में तकरीबन दस लाख मास्क बांटने का लक्ष्य रहा था।

### धरमजयगढ़ में बांटा गया मास्क

भाई बहन के लिए पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन है। जिसमें बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बांधकर उसकी मंगल कामना करती है। तो भाई बहन की रक्षा का वचन देता है, लेकिन इस समय पूरे देश में कोरोना का कहर जारी है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण से बचाव के लिए रायगढ़ पुलिस ने एक रक्षासूत्र मास्क का अभियान चलायी। जिसमें रक्षाबंधन के दिन पूरे जिले में कई लाख मास्क वितरण का लक्ष्य रखा गया था। इस मुहिम को सफल बनाने रक्षाबंधन के दिन धरमजयगढ़ पुलिस भी गांव गांव एवं शहर के वार्डों में मास्क बांट रही थी। जिसमें जनप्रतिनिधी एवं समाजसेवियों का अच्छा सहयोग मिला। स्टाल लगाकर तो कहीं कहीं घूम घूमकर मास्क बांटा जा रहा था।

## कोयला लोड़ ट्रक पलटने से दो लोगों की दबने से मौत



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रविवार की दोपहर रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग पर उर्दना मोड़ के पास कोयले से भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसी समय सड़क पार कर रहे दो बाईक सवार उसकी चपेट में आ गए और घटना स्थल पर ही दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घटनाकारी ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उर्दना मोड़ के पास रविवार की दोपहर कोयले से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसकी चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इनमें से एक युवक शहर के चांदनी चौक फौजदारपारा का रहने वाला रमजान खान उर्फ गुड्डु पिता मकसूद खान उम्र 45 वर्ष है जो पूंजीपथरा स्थित किसी फैक्ट्री में काम करता है और लाखा का रहने वाला चंद्रु महंत उर्फ बिट्टु पिता चांदूमल महंत उम्र 19 वर्ष निवासी लाखा के साथ बाईक में लिफ्ट लेकर रायगढ़ आ रहा था। मृतक बिट्टु लाखा के प्रतिष्ठित नोहर दास महंत परिवार का सदस्य बताया जाता है। जैसे ही सिटी कोतवाली टीआई एसएन सिंह को दुर्घटना की जानकारी मिली वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कोयले में दबे दोनों युवकों को सबसे पहले जेसीबी हाइड्रा की मदद से बाहर निकालकर उनके शव को जिला अस्पताल भेजवाया तथा पुलिस ने बताया की दो युवक जिनकी मौत हुई है। जिसमें एक युवक रायगढ़ पैलेस रोड का रहने वाला और एक युवक लाखा गांव का बताया जा जा रहा है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वाहन चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घटनाकारी ट्रक को कब्जे में ले लिया है। इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया है।

### घर पर अकेली बेवा महिला से अनाचार

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बेवा महिला से बलात्कार का एक मामला सामने आया है। जिसमें चक्रधर नगर पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार घटना दो अगस्त की शाम लगभग पांच बजे की है जब बेवा महिला काम करके घर वापस आई थी और घर पर अकेली थी तभी मौका देख आरोपी चतुर्भुज संवरा उम्र 45 वर्ष कोतरललिया स्कूल पारा थाना चक्रधरनगर ने पीड़िता के घर जाकर वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## राज्य प्रशासनिक सेवा की अनुराधा अग्रवाल को मिला एसडीएम का प्रभार

- **40 माह से मुंगेली जिला कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर के रूप में सेवाएं**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा की ऊर्जावान अफसर श्रीमती अनुराधा अग्रवाल को छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुंगेली जिले के पथरिया अनुविभाग का अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का प्रभार 01 अगस्त को दिया गया है, तथा अनुराधा अग्रवाल विगत करीब 4 वर्षों से मुंगेली जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही थी, एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अनुराधा अग्रवाल छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहली ऐसी राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर है जिसने विगत माह अपने वेतन में से प्रतिमाह 1 दिन का वेतन पूरे जीवन भर जब तक वह शासकीय सेवा में रहेंगे उसे जरूरतमंदों तथा आवश्यकता अनुरूप लोगों की सेवा के लिए देने हेतु मुंगेली जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर सकारात्मक पहल की थी, जिसकी पूरे प्रदेश वासियों ने सराहना करते हुए अनुराधा अग्रवाल के इस कदम को सराहा था एवं श्रीमती अनुराधा अग्रवाल को एसडीएम का प्रभार मिलने पर जहां अधिकारी, कर्मचारियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें एक सजग एवं अपने दायित्वों के प्रति तत्परता के साथ कार्य करने वाली प्रशासनिक अधिकारी बताया है।

## शिवपूजन से साधक को होती है मनोवांछित फल की प्राप्ति : महंत

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शिव जी के संदर्भ में धर्म शास्त्रों में कहा गया है कालातीत् कल्याण कल्पान्त कारी, सदा सज्जदानंद दाता पुरारी अर्थात शिव जी हमेशा जीवों का कल्याण ही करते हैं। शिवजी का पूजन आठों कॉल बारहों महीने कभी भी किया जा सकता है लेकिन सावन के महीने में शिव पूजन से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है यह बातें राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष दूधाधारी मठ पीठाधीश्वर राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने अभिव्यक्त की उन्होंने कहा कि शिव जी प्रकृति के नियामक हैं, यह संपूर्ण ब्रह्मांड उन से संचालित है विशेषकर जब सनातन धर्म में देवशयनी एकादशी के पश्चात भगवान विष्णु गहन निद्रा में चले जाते हैं तब इस प्रकृति का संचालन भगवान शिवजी ही किया करते हैं शिवजी कल्याण स्वरूप हैं उनकी पूजा चाहे जब भी करें वह हमेशा फलदाई ही होता है किंतु यदि शिवपूजन श्रावण मास में किया जाए तो इससे साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। श्रावण मास में भी सोमवार का दिन शिव आराधना के लिए और भी अधिक शुभ माना गया है इस दिन साधक को भगवान शिव को जल अर्पण अवश्य ही करना चाहिए, हो सके तो रुद्राभिषेक करें, इसके लिए अपने आचार्य या पुरोहित के द्वारा बताए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मंत्रोच्चार के साथ दूध, घी, शक्कर, शहद, दधि, गंगाजल आदि से अभिषेक कर भगवान शिव की आराधना करनी चाहिए लेकिन यह याद रहे कि यदि आपको अपने जीवन में भगवत भक्ति प्राप्त करनी हैं तो फिर शिव जी की आराधना के साथ भगवान श्री रामचंद्र जी की आराधना अवश्य ही करना चाहिए कारण कि शिवजी और प्रभु श्री राम जी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं बिना शिव की आराधना के भगवान राम जी कभी भी प्रसन्न नहीं होते हैं और बिना राम जी के प्रसन्न हुए शिव जी कभी किसी जीव पर कृपा नहीं करते। शिव जी के श्री चरणों में अनुराग का होना ही भगवत् भक्ति का लक्षण है रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है- बिनु छल विश्वनाथ पद नेहु, राम भगति कर लक्षण ऐहू। अर्थात शिव जी के चरणों में निश्चल प्रेम का होना राम जी की भक्ति का लक्षण है।



**रायगढ़।** भाई बहनों के रिस्ते का पवित्र पर्व रक्षाबंधन आज जिले में सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस पर्व में बहनों ने अपने भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधी, तो वहीं कई भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार में मास्क व सेनिटाईजर दिया।

### लायनेस अध्यक्ष अनिता ने सदस्यों को बांधा दोस्ती का धागा



**सक्ति।** लायनेस क्लब सक्ती की अध्यक्ष लायनेस अनीता सिहं ने 02 अगस्त को फेडसिप डे के अवसर पर लायनेस सदस्यों को फेडसिप बेल्ट बांध कर एवम पौधा उपहार देकर मनाया इस अवसर पर मंजु जायसवाल,सुश्री रेखा यादव,निधि सिहं, लता नायक एवं भगवती देंवागन सहित अन्य सदस्यों ने भी एक दूसरे को बधाई दी।

### सारंगढ़ के महेंद्र अग्रवाल बनाये गए लायंस क्लब के मानद उप गवर्नर



**सक्ति।** लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3233 सी लॉयन जयप्रकाश के द्वारा महेन्द्र अग्रवाल सारंगढ़ को मानद उप गवर्नर नियुक्त किया गया है,ज्ञात हो कि उपरोक्त डिस्ट्रिक्ट में 104 क्लब पूरे छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में आते है।

## ननि ने ढिमरापुर में हटाया अतिक्रमण

- **कलेक्टर सहित एसडीएम भी रहे उपस्थित**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर के आदेशानुसार रायगढ़ शहर में नगर निगम आयुक्त रायगढ़ के निर्देशन में अतिक्रमण कारियों पर कड़ी कार्यवाही जा रही है। आयुक्त का कहना है कि जिन लोगों को अतिक्रमण हटाने बोला गया है वे स्वयं ही हटा लें अन्यथा अतिक्रमण दस्ता टीम द्वारा हटाया जा रहा है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर भीमसिंह के आदेशानुसार नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय के निर्देशन में एक जुलाई को ढिमरापुर से उर्दना चौक तक 5 से 6 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे एसडीएम उर्वसा, अतिरिक्त कलेक्टर आशीष देवांगन, तहसीलदार सोम, नायब तहसीलदार विक्रांत राठौर, आरआई, पटवारी समेत भवन अधिकारी प्रतुल श्रीवास्तव, सोनू चौधरी, नीरज सिंग ठाकुर एवं अतिक्रमण दस्ता टीम उपस्थित रही। आयुक्त ने कहा भविष्य के लिए भी कब्जाधारी सावधान रहें हम उन सभी स्थलों को चिन्हांकित कर रहे हैं जहां अतिक्रमण हुआ है जल्द ही वहां कार्रवाई की जाएगी।

**शहर के नालों से कब हटेगा अतिक्रमण?** - जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर नगर निगम द्वारा महासफाई अभियान का समापन करने के पश्चात शहर के ढिमरापुर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की पहल शुरू की गई है। मगर शहरवासी एक लंबे अर्से से शहर के भीतर नालों के किनारे हो रहे अतिक्रमण के हटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इन नालों पर लगातार अवैध कब्जे के कारण नालों का आकार छोटा होता जा रहा है और बारिश के दिनों में इसी वजह से लोगों के घरों में खासकर निचली बस्तियों में पानी घुसने लगता है। इस समस्या के निदान के लिए निगम प्रशासन की ओर से नालों पर से अतिक्रमण हटाने की जन अपेक्षा है।

## एनआर इस्पात में बड़ा हादसा, एक श्रमिक की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

- **औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग ने भेजा नोटिस**

उद्योग जगत में दुर्घटनाओं का सिलसिला बहुत पुराना है। जिसमे एक कड़ी और जुड़ गई है। विगत दिवस एनआर टीएमटी में पिघले हुए लोहे को पैडल से लेकर बार बनाने के लिए ले जाए जाने के दौरान अचानक जबरदस्त धमाका हुआ। जिसके चलते पांच कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे से एक की मौत इलाज के दौरान हो गई। पुलिस एवं उद्योग सुरक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एनआर टीएमटी में लोहे का सरिया बनाने का काम चलता है। इस दौरान पिघले हुए लोहे को पैडल से लेकर बार बनाने के लिए ले जाते हैं उस दौरान गैस अथवा अन्य कारण से उस पिघले हुए लोहे में रासायनिक समीकरण गड़बड़ाने से भारी विस्फोट हुआ। जिसके कारण आपपास काम कर रहे श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल श्रमिकों को मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ में भर्ती कराया गया, लेकिन दो श्रमिकों शिवा राज एवं कमलेश की हालत गंभीर होने से रायपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसमे से शिवा राज पिता छेदीलाल राज नामक श्रमिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया और कमलेश की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मर्ग की जानकारी मिली है कायम कर विवेचना की जाएगी। वहीं औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग ने घटना को गंभीरता से लेते हुए नोटिस भेजा है। पूरी घटना की जांच की जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन नारी शक्ति परिवार की ऑनलाइन प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता द्वारा प्रथम बार आनलाईन हरियाली तीज (रक्षा बंधन) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है,जिसमें अग्र समाज की महिला सदस्य आनलाईन पंजीयन निम्नांकित दिए गए वॉट्सएप नम्बर पर निःशुल्क करवा सकती हैं, इसके लिए संस्था का सदस्य होना अनिवार्य नहीं है, संस्था का मुख्य उद्देश्य अग्र समाज की महिलाओं में छुपी हुई प्रतिभा को निखारना है एवं उन्हें विश्वस्तरीय प्रतियोगिता का एक मंच देना है। अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन नारी शक्ति परिवार की सक्रिय एवं कर्मठ सदस्या एवं अग्र ज्योति मासिक पत्रिका की संपादक उषा केडिया मैसूर कर्नाटक ने बताया कि रजिशट्रेशन के पश्चात सभी महीलाओ को अपने घर पर ही एक मिनट तक का विडियो, कैटवाक एवं श्रृंगार साथ दिए गए वॉट्सएप नम्बर पर दिनांक 16 अगस्त 2020 को अंतिम निर्णय के लिए भेजना हैं,ताकि निर्णायक मंडली द्वारा हाथो हाथ विजेताओं के नाम की घोषणा किया जा सके,रजिशट्रेशन की अन्तिम तिथि 10 अगस्त 2020 दिन-बुधवार को रात्रि 9 बजे तक हैं।

प्रतिभागी को अपना वीडियो जिसमें सूट / साडी / बेस- श्रृंगार युक्त नृत्य या कैटवाक करते हुए का एक मिनट तक का वीडियो अपने घर पर ही बनाते हुए भेजना है। विडीयो को आप आपके मोबाइल से दिए गए नम्बर पर 16अगस्त 2020 को ही भेजना है। जिसमें सम्मिलित सभी महिलाओं के वीडियो को देखकर निर्णायक मंडल द्वारा ऑनलाइन डिजिटल कार्यक्रम के माध्यम से विशिष्ठ अतिथियों के सानिध्य में दिनांक 16 अगस्त 2020 बार रविवार शाम 5 बजे से पुरस्कार हेतु हरियाली तीज(रक्षाबंधन) क्वीन प्रथम, दितीय, तृतीय चुनी जाएगी।

## पेज 1 के शेष...

### भूमि पूजन समारोह देगा एकता का संदेश, ...

करते हुए कहा 'सरलता, साहस, संयम, त्याग, वचनबद्धता, दीनबंधु राम नाम का सार है। राम सब में हैं, राम सबके साथ हैं। भगवान राम और माता सीता के संदेश और उनकी कृपा के साथ रामलला के मंदिर के भूमिपूजन का कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व तथा सांस्कृतिक समागम का अवसर बने। जय सियाराम।' उन्होंने भगवान राम के चरित्र को एकता का सूत्र बताया और कहा कि दुनिया और भारतीय उपमहाद्वीप की संस्कृति में रामायण की गहरी और अमिट छाप है। भगवान राम, माता सीता और रामायण की गाथा हजारों वर्षों से भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक स्मृतियों में प्रकाशपुंज की तरह आलोकित है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि भारतीय मनीषा रामायण के प्रसंगों से धर्म, नीति, कर्तव्यपरायणता, त्याग, उदात्तता, प्रेम, पराक्रम और सेवा की प्रेरणा पाती रही है। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक रामकथा अनेक रूपों में स्वयं को अभिव्यक्त करती चली आ रही है। श्रीहरि के अनगिनत रूपों की तरह ही रामकथा हरिकथा अनंता है।

### यूपीएससी परीक्षा का अंतिम ...

2019 में लिखित परीक्षा आयोजित की थी। इस साल फरवरी से अगस्त के बीच हुए साक्षात्कार के बाद अंतिम परिणाम जारी किया गया। परीक्षा के आधार पर आयोग द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और केंद्रीय सेवाएं ग्रुप ए और ग्रुप बी के लिए उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए संस्तुति की गयी है।

### छत्तीसगढ़ से 5 छात्रों ने यूपीएससी ...

ने 434वां रैंक हासिल किया है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी को और उनके परिजनों को बधाई दी है। भिलाई निवासी सिमी करण के सिविल सर्विस परीक्षा-2019 में 31वां रैंक पाने पर आईएएस अवनीश शरण ने बधाई दी है.यूपीएससी सिविल सेवा के जरिए आईएएस, आईपीएस आईएफएस आदि देश की प्रतिष्ठित सर्विसेज के लिए चयन होता है. इनके अलावा इंडियन रेलवे अकाउंट्स सर्विस के तहत रेलवे ग्रुप ए और भारतीय डाक सेवा सहित कुछ अन्य सर्विसेज के लिए भी देशभर से कैंडीडेट्स चयनित होते हैं. हर साल ढ्रस, ढ्रक्स, ढ्रऋस और ढ्रस्नस ऑफिसर बनने का ख्वाब देखने वाले लाखों उम्मीदवार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा देते हैं.भारतीय प्रशासनिक सेवा ( आईएएस ) की कठिन परीक्षा को भिलाई शहर की सिमी करण ने अपनी मेहनत के दम पर पास कर लिया है. उनकी इस सफलता पर परिजन और सिमी को जानने वाले फूले नहीं समा रहे हैं. वर्ष 2015 में सिमी ने डीपीएस रिसाली से सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में टॉप किया. फिर उसने आईआईटी मुंबई से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी. टेक किया. सिमी के पिता डी.एन.करण भिलाई इस्पात संयंत्र के फायनेंस विभाग में जीएम हैं।

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के ...

छत्तीसगढ़ के इन छात्र-छात्राओं में सिमी करण को 31वां रैंक, उमेश प्रसाद गुप्ता को 162वां रैंक, सूथान को 209वां रैंक, आयुष खरे को 267 वां रैंक, जितेन्द्र कुमार यादव को 370वां रैंक और योगेश कुमार पटेल को 434वां रैंक मिला है। मुख्यमंत्री ने इन सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आपने अपने परिवार के साथ-साथ देश भर में प्रदेश का नाम रोशन किया है, यह सब आपकी मेहनत, लगन एवं आपके गुरूजनों के मार्गदर्शन का परिणाम है। देश सेवा हेतु अपनी नवीन जिम्मेदारी को आप सब कुशलता से निभाएंगे, इस विश्वास के साथ मैं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

### रायपुर के राम मंदिर में मनाया ...

ने बताया कि 5 अगस्त से एक नई परंपरा की शुरुआत की होने वाली है. पूरे भारत में भगवान राम के भक्तों के मन में एक नया उत्साह है, और तमाम संत और भक्त अपने-अपने स्थान पर अपने-अपने मन और उत्साह के अनुसार तैयारी कर रहे हैं. उसी क्रम में हमने भी तैयारियां की हैं.पुजारी ने कहा कि रामचरितमानस में कहा गया है कि जिस दिन भगवान राम का कोई काम होता है, तो वो पूरा समय मुहूर्त बन जाता है. 5 अगस्त को अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी दोपहर 12 बजे के आसपास भूमि पूजन करेंगे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक / 3696/07/वलेलि/2020-21 — जगदलपुर, दिनांक 30.07.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई.टी. क्र. निविदा क्रं | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0035 to T0040 तक | प्रत्येक कार्य रु. 20.00 लाख | जगदलपुर उपसंभाग क्रमांक 1 के उपखण्ड क्रमाकं 1, 2 एवं 3 अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का जमा कार्य/विशेष मरम्मत/ लघूमूल गौण कार्य (कुल) 06 कार्य) |
| T0041 | 9.97 | लालबाग स्थित ई 9. आवासगृह में मरम्मत/जीर्णोद्धार कार्य (कैम्प कार्यालय मान. उपाध्यक्ष बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण) |
| T0042 to T0045 तक | प्रत्येक कार्य रु. 10.00 लाख | जगदलपुर उपसंभाग क्रमांक 1 के उपखण्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई, पोताई का कार्य (कुल 05 कार्य) |
| T0046 | 5.00 | |
| T0047 | 10.00 | जगदलपुर उपसंभाग क्रमांक 1 के उपखण्ड क्रमांक 1, 2, 3 एवं मेडिकल कालेज सेक्शन अंतर्गत भवनों के संधारण के लिए (गिट्टी, रेत, ईंट इत्यादि) सप्लाई कार्य (कुल 04 कार्य) |
| T0048 | 7.00 | |
| T0049 | 7.00 | |
| T0050 | 5.00 | |
| T0051 to T0053 तक | प्रत्येक कार्य रु. 3.00 लाख | जगदलपुर उपसंभाग क्रमांक 1 के उपखण्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 अंतर्गत सड़कों के संधारण के लिए (गिट्टी) सप्लाई कार्य (कुल 03 कार्य) |
| T0054 | 37.89 | पुराने सर्किट हाउस जगदलपुर में रसोई एवं अतिरिक्त कमरों का नवीनीकरण कार्य |

**नोटः**-निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18.08.2020

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur में भी अवलोकन किया जा सकता है।

ऑनालाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।

अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रं. 1 जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. (भ./स.) उ.ब. संभाग क्र.1, जगदलपुर**

**जी-82782/5**

## क्विक न्यूज

### दिव्यांग बच्चों को मिली आर्थिक मदद

**सुकमा।** एक ही परिवार में दो दिव्यांग बच्चों के इलाज व पालन पोषण में आ रही दिक्कतों को लेकर खबर प्रकाशन होने के बाद सीमावर्ती प्रदेश उड़ीसा के मलकानगिरी जिले के व्यापारी विनोद टावरी ने 25 हजार की आर्थिक मदद की। ज्ञात हो कि जिले के मुरतोंड़ा पंचायत के मारीपारा में यह परिवार निवासरत है। इस परिवार को सरकारी मदद का इंतजार है।

### एनएमडीसी ने सीआईएसएफ चेक पोस्ट में जांच कर कर्मचारियों को भेजा

**किरंदुल।** वैश्विक महामारी कोविड 19 के बढ़ रहे मामलों को ध्यान में रखते हुए किरंदुल एनएमडीसी परियोजना में कार्यरत चारों शिफ्ट के सभी कर्मचारियों को परियोजना अस्पताल के स्टाफ द्वारा रामाबूटी सीआईएसएफ चेक पोस्ट में इंफ्रारेड थर्मामीटर से जांच कर कार्य के लिए भेजा जा रहा है। जिसमें 11बी माइनिंग,प्लांट एवं क्रेशिंग प्लांट के अधिकारी एवं कर्मचारियों को इंफ्रारेड थर्मामीटर से जाँच के उपरांत ही काम पर भेजा जाता है।

### कंटेंमेंट जोन में घूमने पर मना करने वाले पुलिस से गाली गलौज,अपराध दर्ज

**भाटापारा।** वर्तमान में सपूर्ण भारत वर्ष में कोरोना कोविड -19 को महामारी घोषित किया गया है। जिसके कारण धारा 144 प्रभावशील है व आम जनता को घर पर रहने हेतु लाकडालन किया गया है। जिससे इस महामारी को फैलने से रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला बलौदाबाजार के द्वारा उपरोक्त निर्देशो का कडाई से पालन कराने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे। जिस पर थाना प्रभारी महेश धुव के कुशल नेतृत्व थाना भाटापारा शहर में लगातार थाना पेट्रोलिग, बाईक पेट्रोलिग, फिक्स पाइट ड्यूटी लगाकर कर आम जनता को घर पर रहने की लाउड स्पीकर से लगातार अपील की जा रही है। किंतु शहर में पोजीटीव मरीजो की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसकी रोकथाम हेतु बजरंग वार्ड कंटेनमेंट जोन में ड्यूटी गलाई गई है।

### यह किस जिले का जिला पंचायत सदस्य ?

**जैजैपुर।** जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत यहां पर तो तीन जिला पंचायत के सदस्य हैं लेकिन देखने में आया है कि कांग्रेस के पदाधिकारी जो कि अपने आप को जिला पंचायत सदस्य बता रहे हैं। जैजैपुर के ग्राम पंचायत अमाकोनी के रहने वाले राजेश कुमार लहरें की पत्नी जिला पंचायत सदस्य है, जबकि उसके स्थान उनके पति स्वयं राजेश लहरे अपने आपको जिला पंचायत सदस्य घोषित कर रहे हैं। यह विडंबना कांग्रेस सरकार के लिए शर्मसार है। कॉग्रेस पार्टी को इस पर संज्ञान लेने चाहिए की जिला पंचायत सदस्य कोई और है और लिखते हैं।

# आज घर-घर दीप जलाने का आह्वान किया भाजपा कार्यकर्ताओं ने

पायनियर संवाददाता < बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

5 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के लिए भूमि पूजन अनुष्ठान करेंगे, उसी दिन रात्रि को पूरे बलौदाबाजार जिले में फैले राम भक्त व भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीपावली से पूर्व ही घर-घर दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस दिन को प्रत्येक हिंदू परिवार को गौरवमयी अवसर से जोड़ने के लिए बृहद दीप उत्सव अभियान चला रहे हैं शहर हो या गांव घर घर दीप उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है बलोदा बाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला महामंत्री मणिकांत मिश्रा जिले के वरिष्ठ नेता शशि शुक्ला अतुल केसरवानी राहुल सोनी रितेश श्रीवास्तव संजय पंजवानी पवन जयसवाल भूषण पटेल संजय श्रीवास सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता घर व मंदिरों में जाकर तेल रूई व दीया अपनी तरफ से भी छोड़ कर आ रहे हैं मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला ने बताया की 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अब मंदिर के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम होने जा रहा है तो इस मौके पर नगर वा जिले के प्रत्येक राम भक्त व हिंदू समाज को अपने अपने घरों के बाहर रंगोली डालकर और कम से कम 5 दीए जलाकर दिवाली से पूर्व एक दिवाली मनाने का आवाहन किया है।

### दीए जलाने एवं रंगोली सजाने का आग्रह



राम मंदिर के शिलान्यास पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने क्षेत्र वासियों को आह्वान कर 5 अगस्त को अपने घरों के सामने दीए जलाने एवं रंगोली सजाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हम सब अत्यंत भाग्यशाली हैं जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के भव्य एवं दिव्य मंदिर के शिलान्यास को देखने सुनने एवं उत्सव को उत्साह पूर्वक अपने घर परिवार के लोगों के साथ मनाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उत्सव को अधिक से अधिक लोग मना सकें, इसके लिए सभी लोगों का योगदान आवश्यक है। अपने घर आंगन में उत्सव का वातावरण बनाने के साथ-साथ अपने आसपास के 5 परिवारों में यह खुशी फैलाने का प्रयास करना है। इसके लिए सभी अपने आसपास के 5 घरों में संपर्क कर उत्सव मनाने, अपने अपने घरों में तोरण पताका लगाने, घरों के सामने रंगोली सजाने एवं शाम को दीपोत्सव मनाने, हनुमान चालीसा सुंदरकांड अथवा राम रक्षा स्त्रोत का जाप करने, नए वस्त्र धारण कर मिष्ठान वितरण करने सहित राम का दिव्य आरती करने का आग्रह क्षेत्रवासियों से किया गया है। राम मंदिर का निर्माण कार्य पिछले 500 वर्षों से अटका पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय एवं निराकरण के पश्चात अब जाकर हम सब श्री राम मंदिर के शिलान्यास का साक्षी बनने जा रहे हैं 5 अगस्त हमारे देश के सवा सौ करोड़ देशवासियों के लिए सौभाग्यशाली एवं महत्वपूर्ण दिन साबित होगा।

# 20 लाख के दाल चावल की अफरा-तफरी, 4 आरोपी गिरफ्तार

### मुख्य मास्टर माइंड आरोपी मोहम्मद ऐतेश्याम शेख उर्फ अब्दुल फरार

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



थाना भाटापारा ग्रामीण में 11 जुलाई 2020 को प्रार्थी दीपक सचदेव ने एक लिखित शिकायत प्रस्तुत किया था जिसमें 6 जुलाई को तिरूपति दालमील ग्राम खोखली में ओम ट्रासपोर्ट भाटापारा द्वारा ट्रक क्र. छ्त्त 04 ल्ल्न 9993 माल भरने के लिये भेजा गया था। जिसका ड्राईवर ट्रक में कुल 7 मिलरों से अनाज ट्रक में लोड किया था जिसका कुल वजन 272 क्विंटल 920 कट्टी जिसकी क़ीमत 19 लाख 91 हज़ार 475 रू थी। उक्त ट्रक को ररूंवा उड़ीसा के लिए भेजा गया था।

किन्तु ट्रक चालक द्वारा दाल चांवल को संबंधित व्यापारी के पास न पहुंचाकर बेईमानी से कही अफरा तफरी कर गबन कर देने की सूचना पर तत्काल हालात से पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला को अवगत कराकर उनके निर्देशानुसार थाना भाटापारा ग्रामीण में प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 301/2020 धारा 406 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपियों की पतासाजी हेतु सरहदी जिला के व्यापारियों से दाल चांवल के संबंध में लगातार पूछताछ किया जा रहा था। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 2 व्यक्ति तिल्दा क्षेत्र में दाल खपाने की फिराक में घूम रहे है। सूचना के आधार पर तत्काल तिल्दा रवाना होकर उक्त व्यक्तियों को पकडकर पूछताछ किया गया। जिन्होने अपना नाम पवन वर्मा तथा गुलाब अंसारी निवासी श्याम नगर तिल्दा का होना बताये तथा अपने साथी रविकांत वर्मा निवासी तिल्दा, रूपेश कुमार दुबे निवासी बिलासपुर, मोहम्मद ऐतेश्याम शेख उर्फ अब्दुल निवासी नागपुर व अन्य के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किये।

आरोपियों द्वारा पूरे माल को जूट के बोरे में पलटी कर घुरू अमेरी पल्लव भवन के पास एक गोदाम में रखना बताये। तत्काल बताये स्थान पर आरोपियों को साथ लेकर पहुचे और दबिश दिया जहा से माल बरामद किया गया। आरोपीगण के कब्जे से 250 क्विंटल दाल चावल जुमला कीमती 17,70,502 रूपये को समक्ष गवाहान मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है।

वारदात में उपयोग की गयी ट्रक जिसका वास्तविक पंजीकरण संख्या छ्त्त 22 च 9991 है को सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र से आरोपियों के निशानदेही पर बरामद कर कब्जा पुलिस लिया गया। जिसमें अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। उक्त कार्यवाही मे प्रशिक्षु डीएसपी तारेश साहू थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण तथा थाना तिल्दा नेवरा व जिला रायपुर के थाना प्रभारी एवं साइबर सेल बलौदाबाजार का विशेष योगदान रहा।

# राजादेवरी पुलिस ने बलात्कार के आरोपियों को 7 गिरफ्तार किया

पायनियर संवाददाता < कसडोल
www.dailypioneer.com

महिला से बलात्कार करने वाले आरोपियों को राजादेवरी पुलिस ने रिपोर्ट के महज 7 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल विकास खण्ड के राजादेवरी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम चांदन की एक महिला अपने 12 वर्षीय पुत्री के साथ कल 2 अगस्त को रात्रि के करीब 9.30 बजे शौच के लिए गांव से बाहर गई हुई थी।

वे लोग शौच कर वापस लौट रहे थे इसी बीच गांव के ही लाभो साहू पिता शंकर लाल साहू उम्र (36) एवं दिनेश साहू पिता रघुवीर साहू अचानक उनके पास पहुंच गए तथा आरोपी लाभो साहू ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू अड़ाकर जबर्दस्ती ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, साथ में गए दिनेश साहू ने पीड़िता के 12 वर्षीय पुत्री को पकड़ रखा था । जब आरोपी ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता को छोड़ा तब पीड़िता अपनी पुत्री के पास पहुंची तब तक दिनेश साहू पीड़िता को छोड़कर भाग गया था । पीड़िता ने अपने आप बीती अपनी पुत्री को बताई बाद में घर में जाकर अपने सास ससुर एवं पति को घटना की जानकारी दी एवं आज सुबह थाना राजा देवरी आकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई ।

प्रार्थिया के रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

# अयोध्या में भूमिपूजन को लेकर कुरूद में दिखा उत्साह

### प्राचीन श्रीराम मंदिर में अखंड रामायण आज

पायनियर संवाददाता < कुरूद
www.dailypioneer.com

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का भूमिपूजन 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। जिसका असर कुरूद में भी देखने को मिल रहा है। कुरूद में भी 5 अगस्त को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए बैठक आहूत की गई थी।



बैठक में निर्णय लिया गया कि राम जन्मभूमि में भव्य मंदिर निर्माण के भूमि पूजन उत्सव को पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत 4 अगस्त सुबह 9.00 बजे से प्राचीन श्री राम मंदिर में अखंड रामायण आयोजित की जाएगी जोकि 5 अगस्त तक आयोजित होगी तत्पश्चात यज्ञ आयोजित होगा जिसमें कुरुदक्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर मुख्य रूप से शामिल होंगे आयोजकों द्वारा 4 अगस्त को ही नगर में परिक्रमा की जाएगी और घर-घर भगवा ध्वज एवं चावल सुपारी का वितरण कर यज्ञ में आमंत्रित करने के साथ-साथ अपने अपने घरों में दीप प्रज्वलित करने एवं झंडा लगाने की अपील की जाएगी, साथ ही नगर को दुल्हन की तरह सजाए जाने का निर्णय लिया गया है यज्ञ आरती के बाद संपूर्ण नगर में प्रसाद का वितरण होगा।

बैठक उपरांत आयोजकों में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर तथा पार्षद भानु चंद्राकर ने चर्चा करते हुए बताया कि भूमि पूजन के इस उत्सव को नगर में त्योहार के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है जिसकी तैयारियों के संबंध में बैठक आहूत की गई थी बैठक में हिंदू धर्म के आस्था के प्रतीक भगवान श्री राम की मंदिर निर्माण को लेकर हम सभी में हर्ष है इसीलिए इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां बांटी गई है 2 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में सभी धार्मिक जनों को आमंत्रित भी किया जा रहा है।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर पार्षद भानु चंद्राकर सुरेश अग्रवाल लोकेश्वर सिन्हा कुलेश्वर चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि मूलचंद सिन्हा विधायक प्रतिनिधि कृष्ण कांत साहू प्रभात बैस हितेंद्र नंद भारत ठाकुर नोहेंद्र यादव सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# रक्षाबंधन के दिन जनजागरण मिशन के सदस्यों ने की सड़क की मरम्मत

पायनियर संवाददाता < सरसीवा
www.dailypioneer.com



बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम बिलासपुर टाटा के सरसीवां से सराईपाली मार्ग मेन रोड में साहू कपड़ा दुकान के पास बड़ा गड्ढा हो गया था जिसे जन जागरण मिशन के सदस्यों ने पाटा और समतल किया। आपको बतला दें कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और सड़क ठेकेदार की लापरवाही से युक्त मार्ग में बड़ा बड़ा जानलेवा गढ्ढ़ा बन गया जो हादसा होने की स्थिति बनी हुई है। बीच रोड में बड़ा सा डेढ़ दो फीट गड्ढा बना हुआ था, जिसमें बरसात का पानी भरने से गड्ढा दिखाई नहीं देता । गड्ढा पर पानी भरने से एक स्कूटी चालक मेडम व कई गाड़ी चालक दुर्घटना के शिकार हुए है । पहले गड्ढा छोटा होने के कारण उन्हें मामूली चोटे ही आई, लेकिन अब गड्ढा बड़ा हुआ तो मार्ग और खतरनाक हो गया था। ग्राम वासियों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय मेट को सूचना दी गई, तो अभी दूसरे जगह काम चल रहा है का हवाला देते हुए अपना पल्ला झाड़ दिया साथ ही बिलासपुर के मेन रोड में और कई जगह गड्ढे है,जिससे आये दिन हादसे होते रहते है।पिछले दिनों बिलासपुर में ही डोड़की तालाब के पास गड्ढे के कारण एक्सीडेंट हुआ जिसमें एक महिला का पैर टूट गया है और एक महिला को चेहरे मे अंदरूनी चोट आई है जो अभी बिलासपुर के अस्पताल में भर्ती है।

# भुरुसुदा गुजरा में छोटे नहर नाली माइनर का घटिया निर्माण की शिकायत

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर से समीपस्थ ग्राम पंचायत भुरुसुदा गुजरा में छोटे नहर नाली माइनर का घटिया निर्माण किया जा रहा हैं। जिससे की दोनों गांवों के ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने गुणवत्ताहीन मानर निर्माण के संबध में समाज सेवी व जिला पंचायत उपाध्यक्ष टंकराम वर्मा से शिकायत की। भुरुसुदा से गुजरा मार्ग से होते हुए माइनर का निर्माण घटिया रूप से किया जा रहा हैं। जिससे की समाज सेवी व जिला पंचायत उपाध्यक्ष टंकराम वर्मा एवं जनपद सदस्य रेखराम देवांगन ग्राम भुरूसुदा गुजरा में जंहा माइनर का निर्माण किया जा रहा हैं। जहां दोनों गांवों की किसानों एवं मीडिया कर्मियों व पत्रकार के साथ पहुंचकर माइनर की संपूर्ण जांच पड़ताल की। जिसमें पूर्ण माइनर निर्माण लागत राशि से भी चवन्नी हिस्सा गुणवत्ताहीन पूर्ण पाया गया। अतः समस्त ग्राम वासी एवंम कृषक गण और जनप्रतिनिधियों ने शासन प्रशासन से विनम्र अपील करते हुए। इसमें मिलीभगत अधिकारी कर्मचारियों को तुरंत बर्खास्त करे और कृषको के घर खेत,चबूतरा, चौराहा के किये नुकसान का भरपाई करा करके उस ठेकेदार का ठेकेदारी लायसेंस रद्द करें। उन लोगों पर यदि उचित कार्यवाही नहीं की गयी तो ग्राम पंचायत भुरूसुदा व गुजरा दोनों गांव के ग्रामवासियों व कृषक अपने पुरे परिवार सहित अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल करने के लिए बाद्धय हो जायेंगे जिनकी जवाबदारी शासन की होगी। अतः पूर्ण माइनर की संपूर्ण जांच पड़ताल हो यह मांग ग्राम पंचायत भुरसुदा की सरपंच सुशीला राजकुमार साहू उपसरपंच अमर नाथ साहू एंवम पंचगणों के साथ दोनों गांव के समस्त कृषकगण व ग्रामवासियों ने की हैं।

# पुलिस की तत्परता से बची घायल व्यक्ति की जान

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अरण्डी से सूचना प्राप्त हुई, कि गाड़ी अनियंत्रित होकर मोड़ पर सतीराम गोटा निवासी ग्राम बड़े खौली अपनी मोटर साइकिल सीजी 27 बी 5213 से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया है।

जिसपर थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसेन यादव के निर्देश पर उप निरीक्षक जितेन्द्र नंदे, शेखर कश्यप सहायक उप निरीक्षक ओंकार बंजारे, प्रधान आरक्षक थानसिंग चन्द्रवंशी, आरक्षक ईश्वर नेताम, शोभराज मंडावी तत्काल घटना स्थल पहुच कर उपचार हेतु घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल में भर्ती कराया गया है। एवं घायल को अस्पताल में भर्ती कर उसके परिजनों को सूचना भेजी गयी है।

# करोना वायरस से बचाव बहुत जरूरी : यदु

पायनियर संवाददाता < बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु ने आम नागरिकों से अपील की है कि जिस तरह करोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है इसकी रोकथाम जनता स्वयं ही कर सकती है। शासन प्रशासन अपना काम जिम्मेदारी से कर रहे हैं। लेकिन आम नागरिकों का भी फर्ज बनता है कि अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही काम करें वाह संक्रमित होने से बचे वह दूसरों को संक्रमित होने से बचाएं भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे सर्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहे सुरक्षा के बताए जा रहे नियमों का पालन जरूर करें जैसे हैंड ग्लोब लगाना मास्क सैनिटाइजर का उपयोग करना बाहर की चीजों को खाने से बचना सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना सुबह गरम पानी वा चाय का सेवन करना इस तरह की कुछ सुरक्षा अपनाकर अपना वह अपने परिवार का सुरक्षा हम सभी कर सकते हैं शरीर में किसी भी तरह की परेशानी जैसे बुखार आना छीक वा खांसी शरीर मे दर्द होना किसी भी चीज खुशबू ना पहचान पाना ऐसे लक्षण अगर किसी को दिखाई दे तो नजदीक के शासकीय अस्पताल वह जिला अस्पताल जाकर अपनी जांच जरूर कराएं और समय रहते उपचार कराएं जिससे जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ मिल सके यह सारी बातें बलोदा बाजार जिला पंचायत के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परमेश्वर यदु ने बताई।

### ज्ञापन व राखिया भेजने का सम्पूर्ण राज्य की प्रेरक बहनें बीड़ा उठाया

# बेरोजगार प्रेरकों ने मंत्री को राखी के माध्यम से भेजे वायदे पूरे करने का संदेश

### शासन प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुके, अभी तक आश्वासन ही मिला

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रेरक पंचायत कल्याण संघ के आह्वान पर जिला प्रेरक संघ कोंडागांव के द्वारा सभी महिला प्रेरक बहन की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एवं स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंहदेव, बस्तर सांसद दीपक बैज विधायक मोहन मरकाम को राखी के साथ ज्ञापन भेजा गया, और उनकी सरकार आने के पूर्व किये गए वायदे की याद दिलाई।

प्रदेश सचिव व जिला अध्यक्ष लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में प्रदेश के 16,802 प्रेरक में से महिला प्रेरक के द्वारा अपने क्षेत्र के विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री के नाम से प्रेरक बहन का ज्ञापन के साथ राखी भेजने का निर्णय लिया था। जिसका सम्पूर्ण राज्य के प्रेरक बहनें बीड़ा उठाई है। महिला प्रेरकों ने बताया कि साक्षर भारत कार्यक्रम के कार्यरत प्रेरक पिछले दो साल से बेरोजगार हो गये है।

### गाना बनाकर सोशल मीडिया में एक्टिव खूब हो रहा वायरल



जिला प्रेरक संघ की महिला पदधारी में कुमारी तुलेश्वरी मरकाम व सरिता राठौर ने रक्षाबंधन पर्व को लेकर गाना भी बनाया है, जिसे सोशल मीडिया में पोस्ट कर प्रेरकों ने रखी के बंधन को निभाने रोजगार की मांग की है। महिला प्रेरक सोशल मीडिया में एक्टिव है। व्हाट्सएप ग्रुप में गाना की विडियो डालकर महिलाएं मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री समेत जिले के प्रभारी मंत्री को स्थायी रोजगार दिलाने की मांग रख रही है। पिछले 15 दिनों से व्हाट्सएप ग्रुप में महिला प्रेरकों का यह वीडियो जमकर वायरल भी हो रहा है।

### प्रेरक को नियमित रोजगार देने का लिखित वादा

चुनाव से पूर्व टीएस सिंहदेव के द्वारा प्रेरक को नियमित रोजगार देने का लिखित वादा किया गया था, जिसे आज पर्यन्त तक नही किया गया है। इसलिये कोंडागांव विधायक सह अध्यक्ष प्रदेश कॉग्रेस कमेटी मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य एवं पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव को पोस्ट के माध्यम से ज्ञापन के साथ राखी भेजी गई है।

रोजगार के लिए उन्हें ठोकरे खानी पड़ रही है।

शासन प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुके है, लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिला है। जिसके कारण ही कई वर्षो तक सेवा देने के बाद आज प्रेरक बेरोजगार हो गए हैं।

# बिना मास्क वालों के खिलाफ प्रशासन ने 11 हजार जुर्माना वसूला

### लॉकडाऊन के नियमों का पालन करने का आग्रह

पायनियर संवाददाता < कसडोल
www.dailypioneer.com



सम्पूर्ण लॉक डाऊन के चलते अनावश्यक रूप से बिना मास्क लगाए घूमने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है । बिना मास्क लगाए घूमने वाले करीब एक सौ से ग्यारह लोगों से तहसीलदार ,नायब तहसीलदार तथा पुलिस विभाग द्वारा करीब ग्यारह हजार एक सौ रुपए जुर्माना वसूला गया । जिला प्रशासन द्वारा घोषित सम्पूर्ण लॉक डाऊन का आज दूसरा दिन था , कल 3 जुलाई को भाई बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन हैं इसलिए जिला प्रशासन द्वारा 1 अगस्त तक शर्तो के साथ सीमित समय के लिए किराना ,राखी तथा डेलिनीड्स के दुकानों को छूट दी गई थी लेकिन 2 अगस्त से कसडोल तहसील क्षेत्र के कसडोल एवं टुंडरा नगर पंचायत तथा व्यस्त बाजार वाले कटगी एवं गिधौरी गाँव में भी सम्पूर्ण लॉक डाऊन प्रभावी ढंग से लागू कर दिया है केवल सब्जी, फल एवं दूध की दुकानों एवं पेट्रोल पंप को सीमित समय के लिए शर्तो के साथ खोलने की छूट दी गई है । कोरोना संक्रमण के बढ़ते फैलाव को देखते हुए राज्य शासन द्वारा जिले के कलेक्टरों को जिले में संक्रमण के फैलाव को देखते हुए लॉक डाऊन लागू करने अधीकृतकिया गया है ।जिला कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन द्वारा लॉक डाऊन के नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है । तहसीलदार एस एल सिन्हा एवं नायब तहसीलदार श्रीधर पण्डा एवं टी आई डी बी उईके के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा अनावश्यक रूप से तथा बिना मास्क के घूमने वाले लोगों से जुर्माना वसूला गया। तहसीलदार एस एल सिन्हा ने सुबह कसडोल नगर के बलार चौक में बिना मास्क लगाए घूम रहे 40 लोगों से 4 हजार रुपए तथा श्रीधर पण्डा द्वारा गुरू घांसी दास चौक में 41 लोगों से 4 हजार एक सौ रुपए तथा पुलिस द्वारा 30 लोगों से 3 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया इस तरह कुल 111 लोगों से 11 हजार एक सौ रुपये वसूला गया।

सर्कुलर के विरुद्ध हो रहा शासकीय योजनाओं के लिए खातों का संचालन

# जिला पंचायत नियमों की अनदेखी कर निजी बैंकों को पहुंचा रहा फायदा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय योजनाओं हेतु प्राप्त मद के लिए निजी बैंकों में खातों का संचालन हो रहा है। यह प्रक्रिया सरासर नियमों के विरुद्ध है। लीड बैंक मैनेजर अजय त्रिपाटी ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं हेतु खातों का संचालन सरकारी या राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही किया जाना है। अगर, ऐसा नहीं हो रहा है तो जिला प्रशासन इसकी मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदार है। वहीं नगर निगम और जिला पंचायत राजनांदगांव द्वारा सरकारी योजनाओं हेतु कई खाते निजी बैंकों में खुलवाए गए हैं।

जानकारी है कि जिले में जिला पंचायत द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए निजी बैंक में खाते का संचालन हो रहा है। हाल-फिलहाल में शुरु हुई योजनाओं के लिए भी मौखिक आदेश के तहत निजी बैंकों में ही खाते खुलवाए जा रहे हैं।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव ने भी निजी बैंक में कई खाते खुलवाए हैं ऐसी जानकारी है। इन दोनों ही मामलों में अधिकारियों ने सरकार द्वारा जारी सर्कुलर की अनदेखी की है।

गौरतलब है कि सरकारी योजनाओं के तहत करोड़ों की राशि प्राप्त होती है। बैंको को इन योजनाओं के खाता संचालन से लाभ मिलता है। सरकार का आशय स्पष्ट है कि यह लाभ शासकीय व राष्ट्रीयकृत बैंकों को मिले। लेकिन, निजी बैंक इसमें सेंधमारी कर रहे हैं। अधिकारी भी फायदों को देखते हुए निजी बैंक में खाता संचालन के मौखिक आदेश दे रहे हैं। इस तरह निजी बैंकों को बड़ा फायदा मिल रहा है। वहीं इससे अधिकारियों को किस तरह का मुनाफा हो रहा है, ये समझने की जरुरत है।



## सरकारी या राष्ट्रीयकृत बैंकों को मिलना चाहिए फायदा

हितग्राहियों के खाते शासकीय बैंकों में खुलवाए गए हैं। जबकि उन्हीं योजनाओं के लिए प्रशासनिक अधिकारी सर्कुलर के खिलाफ जाकर निजी बैंकों के इस्तेमाल की अनुमति दे रहे हैं। यह स्थिति जिला प्रशासन के अधिकतर विभागों की है। निजी बैंकों से होने वाले ट्रांजेक्शन से उन्हें फायदा भी हो रहा है। नियमतः यह फायदा सरकारी और राष्ट्रीयकृत बैंकों के हिस्से आना था।

## मौखिक आदेश ही दे रहे अधिकारी

विभागीय अधिकारी इस मामले में मौखिक आदेश ही दे रहे हैं। सर्कुलर के मुताबिक तो यह मुमकिन ही नहीं है कि शासकीय योजनाओं के लिए निजी बैंक में खाते खुलवाएं जाएं। कागजी आदेश या कार्रवाई से विभाग प्रमुखों के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। लिहाजा वे इससे बचने की कोशिश कर रहे हैं। जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है कि वे ऐसे विभाग और मदों के खातों के संचालन की मॉनिटरिंग पर ध्यान दे और कार्रवाई करे।

बैंकों में खातों के संचालन को लेकर समय - समय पर सर्कुलर जारी होते हैं। एक अनुसूची भी है जिनमें शामिल बैंकों में शासकीय योजनाओं के खातों के संचालन की अनुमति है। अगर इन बैंकों के अलावा किसी बैंक में खातों का संचालन हो रहा है तो यह कार्रवाई का विषय है।

**-टोपेश्वर कुमार वर्मा,** कलेक्टर

# स्वास्थ्य महकमे की तैयारी, लक्षण विहिन मरीजों के लिए तैयार होंगे सात और सेंटर

## सात ब्लॉक मुख्यालयों में बन रहे सेंटरों में चार सौ मरीजों के इलाज की क्षमता होगी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ग्रामीण क्षेत्र में आईसोलेशन सेंटर शुरु किए जाने की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इस संबंध में कलेक्टर ने आज सीएमएचओ से जानकारी ली। दरअसल, जिले के कई हिस्सों में और आईसोलेशन सेंटर तैयार किए जा रहे हैं। बढ़ते संक्रमण के मामलों को लेकर भी यह तैयारियां की जा रही है। मौजूदा हालात में सभी मरीजों का उपचार पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में तैयार किए गए कोविड 19 अस्पताल में हो रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि अम्बागढ़ चौकी में 100, मानपुर में 50, छुरिया में 50, डोंगरगांव में 50, डोगरगढ़ में 50, खैरागढ़ में 50 एवं छुईखदान में 50 स्थानों को चिन्हांकित कर लिया गया है। जहां आइसोलेशन सेंटर बनाए जाएंगे और वहां कोरोना के लक्षण विहीन मरीजों को रखा जाएगा। कलेक्टर ने सीएमएचओ को इन स्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।



### शुरु होगा वर्मी कपोंस्ट पर काम

कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने उन्होंने कहा कि 5 अगस्त के बाद वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया आरंभ हो जानी चाहिए। हर गौठान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, वे गौठान का निरीक्षण करते रहे। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपद सीईओ को गौठानों का रखरखाव ठीक तरह रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि उपसंचालक से कहा कि वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए तकनीकी बातों के संबंध में महिला स्वसहायता समूह को अच्छी तरह जानकारी एवं प्रशिक्षण दें। 45 दिनों में वर्मी कम्पोस्ट बनकर तैयार हो जाएगा।

### चबूतरा निर्माण को लेकर सख्त कलेक्टर

कलेक्टर वर्मा ने कृषि उपसंचालक जीएस धुर्वे से खेती-किसानी के स्थिति के संबंध में जानकारी ली। सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि 40 टैंक से कृषि के लिए पानी दिया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ से धान चबूतरा के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी को कड़ी हिदायत दी इस हप्ते धान चबूतरे का निर्माण शीघ्र पूर्ण करवाए। अन्यथा वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राशन कार्ड में आधार सिडिंग के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा ने कहा है कि सभी विभाग साप्ताहिक समय-सीमा के लिए प्रकरण दर्ज कर समीक्षा करें और निराकरण करें। इसके लिए पंजियों का संधारण कर और निराकरण की जानकारी दे। इस अवसर पर डीएफओ बीपी सिंह, अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, अपर कलेक्टर सीएल मारकंडेय, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तनुजा सलाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, एसडीएम मुकेश रावटे एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर खुद जांचेंगे गिरदावरी रिपोर्ट

उन्होंने कहा कि गिरदावरी के कार्य का आरआई, नायब तहसीलदार, तहसीलदार नियमित रूप से ईमानदारी पूर्वक निरीक्षण करें। अगले साप्ताहिक दौरे के दौरान गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण का कार्य मैं स्वयं करूंगा। वन विभाग के डीएफओ श्री बीपी सिंह से पौधरोपण के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने स्कूल, आश्रम-छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्रों में एवं गौठानों में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। उद्योग विभाग के अधिकारी से उन्होंने प्रवासी श्रमिकों को स्थानीय उद्योग में कार्य दिलाने की समीक्षा की और कहा कि इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उप संचालक पशु चिकित्सा को भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने इंग्लिश मीडियम स्कूल के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षक नियुक्ति का कार्य



**महिलाओं ने फ्रंट लाइन कोरोना वॉरियर्स को राखी बांधी**

**राजनांदगांव।** रक्षाबंधन के मौके पर पूर्व महापौर, निगम में मौजूदा नेता प्रतिपक्ष शोभा सोनी और भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने फ्रंट लाइन कोरोना वॉरियर्स को राखी बांधी। इस दौरान पुलिस कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को राखी बांधने के बाद सोनी ने कहा कि हमने बहनों के नाते उन्हें प्रोत्साहित करना हमारी भी जिम्मेदारी है। वे हमारी रक्षा के लिए पहले से ही समर्पित हैं।

# महिला फंदे पर झूली, जांच जारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव शहर में मां शीतला मंदिर रोड स्थित सोनारपारा वार्ड में एक गृहणी महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची प्रोविजन डीएसपी व बसंतपुर थाना प्रभारी रुचि वर्मा ने बताया कि फिलहाल आत?महत?या के कारणों को लेकर जांच जारी है। उन्होंने कि अंदेशा है कि इसके पीछे पारिवारिक कारण हों। सुश्री वर्मा ने बताया कि पड़ोसियों ने मृतिका और उसके परिवार के आर्थिक तंगी से जूझने की बात भी बताई है। इन दोनों पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि रोज की तरह ही महिला आज सुबह भी नल से पानी भरती दिखी थीं। मृतिका के पति का अंबागढ़ चौकी में व्यवसाय है और वो आज भी वहीं के लिए सुबह ही निकल चुके थे। घटना के बाद मृतिका के पति को जानकारी दी गई और वे वापस लौटे। बताया जाता है कि घटना के दौरान मृतिका का बेटा घर पर ही मौजूद था। जानकारी के अनुसार मृतका ममता सोनी (50) बताया जा रहा है। इस बीच घटना की खबर के बाद बसंतपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी रूचि वर्मा ने मौके पर पहुंच गई।





**मधुसूदन यादव बेड रेस्ट पर**

**राजनांदगांव। पूर्व महापौर मधुसूदन यादव के कमर में चोट लगने की वजह से वो बेड रेस्ट पर हैं। इसकी जानकारी लगते ही ग्राम पंचायत सिंघोला के सरपंच मुकेश साहू ने उनके निवास जाकर सौजन्य भेंट की व उनका हालचाल जाना।**

## सिंधी पंचायत ने किया दीप प्रज्जवलन का आह्वान, बांटे दीये

**राजनांदगांव।** पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कलाणी नगर के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा प्रभु श्री राम जी के भव्य मंदिर निर्माण के शुभ अवसर पर पूरे समाज में 5 दियों का वितरण किया जा रहा है। रात्रि को सभी लोगों से दीप प्रज्वलन का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर पूज्य पंचायत की एक महत्वपूर्ण बैठक सिंधु भवन में रखी जा रही है। इसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सभी समाज के कार्यकारिणी बंधु उपस्थित होकर भगवान श्री राम की याद में उनकी स्तुति करेंगे और दीप प्रज्वलन कर भगवान राम की आरती भी की जाएगी।

पूज्य सिंधी पँचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी, घनश्याम गंगवानी, बकशाराम अंदानी ने समाज के प्रमुख लोगों से आह्वान किया है कि प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण के शुभ अवसर पर अपने घरों में दीप प्रज्वलन करें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने देते हुए समाज के कार्यकारिणी सदस्यों को उपस्थिति का आह्वान किया है।

# गायों की मौत व दुर्घटना के विषय में युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश में गायों की रोजाना होने वाली मौत व सड़क दुर्घटना को लेकर कल राजनांदगांव के युवाओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । गौरतलब है कि प्रदेश में बढ़ते दुर्घटनाओं में लगातार गायों की मौत हो रही, राजनांदगांव में भी आवारा पशुओं का रात में सड़कों पर डेरा लगा रहता है।

नेशनल हाइवे में गाय बीच सड़क में रहती है जिसके कारण दुर्घटनाओं में लोगों की जान व माल का नुकसान हो रहा है और साथ ही बेजुबान गायों की भी मौत हो रही है । राज्य सरकार ने सड़कों और शहरों को आवारा पशुओं से बचाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में गौधन न्याय योजना शुरू की है जिसका प्रबंधन राजनांदगांव में सुचारू रूप से नही हो रहा है ।

ज्ञापन में युवाओं ने इस सम्बंध में विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही और आवारा गायो को गौठान में व्यवस्थापित करने की मांग की । इस अवसर पर ज्ञानेश गुप्ता, जय शर्मा, सम्भव बैद, अभिषेक सेन, निहाल शुक्ला, प्रकाश यादव, आयुष सोनी व आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## इंदिरा फैंस क्लब ने बग्गा को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



इंदिरा फैंस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष अंजुम अल्वी की अध्यक्षता में संस्था के पूर्व अध्यक्ष व जिला युवक कांग्रेस के पूर्व महासचिव महेंद्र बग्गा को श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा शासन के नियमों का पालन करते हुए शोक सभा आयोजित की गई थी। इस दौरान पं. शशिकांत अवस्थी, निगम चेयरमेन सतीश मसीह, शीतल जैन, संजय चौरसिया, चोवराम सोनकर, आनंद सारथी, सुरेंद्र साव, दुष्यंत दास, राजीव कुरियाकोस, चुन्नी पंसारी, प्रद्युमन सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, महेश साहू, कामदेव वर्मा, राजेश भूतड़ा, श्यामसुंदर अग्रवाल, आनंद वर्गीस, डॉ. पी. जेम्स, संतोष वर्गीस, संजय बाजपेयी, जग्गी ग्रोवर, हफिज खान, डॉ. आफताब खान (मुन्ना भाई), शैलेन्द्र गुप्ता, एहतेशाम अली, अय्युब मोहम्मद कुरैशी, सुरेंद्र जायसवाल, महेश दास रात्रे, जीवन दास व अन्य उपस्थित थे।

# कलेक्ट्रेट की गली में खड़ी कार में लगी आग, हड़कंप



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के पुराना स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा कार्यालय की गली में खड़ी एक कार में आज दोपहर लगभग 1.00 बजे आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने दमकल व पुलिस को सूचित किया। मौके पर पुलिस टीम व दमकल कर्मी भी पहुंचे। कुछ ही देर में दमकल कर्मियों ने कार में लगी आग को बुझा दिया। बताया जा रहा है कि उक्त कार कबाड़ की स्थिति में थी और इसी जगह में काफी दिनों से खड़ी हुई थी। कार में आग किस वजह से लगी है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं पुलिस आगजनी के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

# खुर्सीपार में सीसीरोड के लिए भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता
◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद के ग्राम पंचायत खुर्सीपार के वार्ड 14 व 15 में सीसी रोड निर्माण हेतु भूमिपूजन हुआ। ग्राम पंचायत खुर्सीपार की सरपंच लोकेश्वरी साहू, समाजसेवी चुन्नीलाल साहू, पूर्व सरपंच मन्नूलाल गंजीर, टेकेश्वर गंजीर के आतिथ्य में विधिवत भूमिपूजन उपरान्त कार्य आरंभ हुआ। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच मोनू गंजीर, लता ठाकुर, नेतराम कोलियरी, पोहन दास साहू, विक्की साहू के अलावा रोजगार सहायक संजू साहू, फागू राम साहू, कौशल महाराज, दुष्यंत ठाकुर व ग्राम पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधियों सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## क्विक न्यूज

### हावड़ा-मुंबई स्पेशल ट्रेन को 6 अगस्त को राउरकेला से छूटेगी

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली हावड़ा-मुंबई स्पेशल ट्रेन को 5 अगस्त को हावड़ा स्टेशन के स्थान पर 6 अगस्त राउरकेला स्टेशन से छूटेगी यह गाड़ी हावड़ा एवं राउरकेला स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। 14 एवं 21 अगस्त, (शुक्रवार) को मुम्बई से हावड़ा के लिए छूटने वाली गाड़ी संख्या 02809 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (मुम्बई) - हावड़ा स्पेशल ट्रेन राउरकेला स्टेशन तक चलेगी । यह गाड़ी राउरकेला एवं हावड़ा स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। 5 अगस्त, को हावड़ा से मुम्बई के लिए छूटने वाली गाड़ी संख्या 02810 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (मुम्बई) स्पेशल ट्रेन हावड़ा स्टेशन के स्थान पर राउरकेला स्टेशन से 6 अगस्त, को मध्यरात्रि 2.11 बजे छूटेगी । यह गाड़ी हावड़ा एवं राउरकेला स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी।

### सादगी के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

कोरबा। सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व जिले भर में सादगी के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई को राखी बांधा, वहीं भाइयों ने बहन की रक्षा के लिए वचन दिया। त्योहार के कारण एक दिन के लिए लॉकडाउन में चार की बजाय छह घंटे की छूट दी गई। समय में छूट के दौरान शुभ मुहूर्त जैसा माहौल रहा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनों ने पहले से ही तैयारी कर ली थी। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। लॉकडाउन के दौरान दो घंटे की अतिरिक्त छूट होने से सुबह से ही राखी बांधने का माहौल रहा। बहनों ने भाई को राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया। भाइयों ने बहन को उपहार देकर जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया।


# 2 कोरोना पीड़ितों ने अपोलो में तोड़ा दम, तीसरी मौत सिम्स में, संभाग में 7वीं मौत

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अपोलो अस्पताल में आज कोरोना से संक्रमित दो मरीजों की मौत हो गई है। मरने वालों में एक विजयवाड़ा का ट्रैवलिंग हिस्ट्री का भी मरीज शामिल है। वहीं दूसरा आरपीएफ जवान है। आरपीएफ जवान को एक दिन पहले ही 3 जुलाई को अपोलो में भर्ती किया गया था।

जानकारी के अनुसार अपोलो अस्पताल में कोविड-19 से मंगलवार को दो मरीजों की मौत हो गयी है। बिलासपुर में अब तक कोवड-19 से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो चुकी है। आरपीएफ के जवान को एक दिन पहले 3 जुलाई को अपोलो में भर्ती किया था। कोविड-19 से वाले आरपीएफ जवान की पहचान एनआर पोर्टे पिता खम्मन सिंह पोर्टे है। उम्र 58 साल है। मंगलवार की सुबह करीब 3 बजकर 40 मिनट मौत हो गई

जबकि कोविड-19 संक्रमण से मरने वाले दूसरे मरीज की उम्र करीब 71 वर्ष है। बुजुर्ग मरीज को 18 जुलाई को अपोलो में भर्ती किया गया था। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग मरीज की ट्रैवलिंग हिस्ट्री है। भर्ती होने से पहले विजयवाड़ा से आए थे। बुजुर्ग मरीज का नाम व्ही सतीश राव है। उन्होंने आज सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है।




वहीं तीसरी मौत सस्पेंशन है यानी सिम्स में लाये गये शव की कोरोना टेस्ट किये जाने के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आया है । अब उसकी मौत कोरोना से हुई है या किसी अन्य कारण से लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी का मनना है की जिन मरीजों की मौत हुई है वह पहले से अन्य रोग से ग्रस्त थे।

प्रदेश में कोरोना से संक्रमित सावार्धिक मरीज बिलासपुर संभाग से मिले हैं और यह क्रम अभी भी जारी है मगर अब कोरना से संक्रमित मरीजों की मौत का सिलसिला शूरू हो गया है। संभाग में अब तक कोरना से संक्रमित 7 लोगों की मौत हो चुकी है।


> कोरोना से संक्रमित दो मरीजों की अपोलो में मौत हो गई है और एक कि सिम्स में , सभी की ट्रेवलिंग हिस्ट्री निकाली जायेगी, पहले शवों का अंतिम संस्कार शासन के गाइडलाइंस के मुताबिक किया जाएगा।
>
> -डॉ. प्रमोद महाजन
> सीएमएचओ

# बिलासपुर - अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में प्रति दिन सौ-सौ आरटीपीसीआर सैंपलों की जा रही है जांच

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग के लिएराहत पहुंचाने वाली खबर है बिलासपुर मेडिकल कॉलेज सिम्स व अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में भी कोविड-19 की आरटीपीसीआर जांच शुरू हो गई है। ज्ञात हो कि आईसीएमआर ने हाल ही में प्रदेश के तीन मेडिकल कॉलेजों बिलासपुर, अंबिकापुर और राजनांदगांव के नवनिर्मित उच्च स्तरीय बीएसएल-2 लैब में आरटीपीसीआर जांच की अनुमति दी थी। इनमें से अब दो मेडिकल कॉलेजों में जांच शुरू की जा चुकी है। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भी जांच जल्द शुरू हो जाएगी।

राज्य शासन कोरोना वायरस के नियंत्रण के लिए अधिक से अधिक सैंपलों की जांच पर जोर दे रही है। इसके लिए तकनीकी और मानव संसाधन लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। बिलासपुर, अंबिकापुर और राजनांदगांव मेडिकल कॉलेजों में भी



जांच की सुविधा हो जाने से सैंपल जांच की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। अंबिकापुर और बिलासपुर मेडिकल कॉलेज में अभी रोजाना 100-100 सैंपलों के साथ जांच की शुरुआत की गई है। आगे इनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी।

प्रदेश के चार अन्य संस्थानों रायपुर एम्स, डा. भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय तथा जगदलपुर और रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में पिछले कुछ महीनों से आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। प्रदेश में अधिक से अधिक सैंपलों की जांच के लिए ट्रू-नाट मशीनों और रैपिड एंटीजन किट से भी कोरोना वायरस संक्रमितों की पहचान की जा रही है। अब तक आरटीपीसीआर की जांच प्रदेश के चार अन्य संस्थानों रायपुर एम्स, डॉ. भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय तथा जगदलपुर और रायग? मेडिकल कॉलेज में पिछले कुछ महीनों से आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। प्रदेश में अधिक से अधिक सैंपलों की जांच के लिए ट्रू-नाट मशीनों और रैपिड एंटीजन किट से भी कोरोना वायरस संक्रमितों की पहचान की जा रही है।


> बिलासपुर और अंबिकापुर में आरटीपीसीआर जॉंच शुरू हो गई है, प्रदेश के चार अन्य संस्थानों में पहले से ही आरटीपीसीआर जांच जारी है, इसके अलावा राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भी जल्द ही आरटीपीसीआर जांच शुरू की जायेगी।
>
> -टी. एस. सिंहदेव
> स्वास्थ्य मंत्री
> छत्तीसगढ़ शासन

### मंत्री के निर्देश पर विधायक शैलेष पांडेय निरीक्षण के लिए पहुंचे और कहा-गम्भीरता से जांच हो

# 8 करोड़ का एनीकट घटिया निर्माण के चलते टूट गया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लगभग 8 करोड़ की लागत से कोटा में बना चाटापारा एनीकट घटिया कार्य और गुणवत्ता के कारण टूट गया है। जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के निर्देश पर आज विधायक शैलेष पांडेय जलसंसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यपालक अभियंता और अनुविभागीय अधिकारी उप अभियंता सहित कांग्रेस के पूर्व पार्षद इंजीनियर नेता शैलेन्द्र जायसवाल दीपांशु श्रीवास्तव विनय शुक्ला सहित



निरीक्षण करने पहुंचे । श्री पांडेय जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे को इस घटिया निर्माण जो 2014 और 2015 में बनाया गया है की विस्तारित रिपोर्ट देंगे । टूटे एनीकेट को देखकर बहुत दुख हुआ कि बड़ी संपत्ति भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई जिसके कारण किसानों को भी नुकसान होगा। श्री पांडेय ने एनीकट निर्माण में बरती गई लापरवाही और स्तरहीन निर्माण की गंभीरता से जांच कराए जाने की बात कही।

# लुटेरों ने रुपयों के साथ, पहने हुए कपड़े भी उतार लिये

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रामप्रीन पार्क के पास अजीबोगरीब लूट ने पुलिस को भी हैरान कर दिया ग्राहक सेवा केंद्र से पैसे निकाल कर लौट रहे युवक का रास्त रोक लुटेरों ने पैसे लूट लिए फिर उसका पहना हुआ कपड़ा जबरन उतार लिया, शिकायत के बाद पुलिस ने कुछ ही घण्टों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया । दरअसल अजय कारके नाम का युवक वर्तमान में उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास रहकर पढ़ाई करता है । वह दसवीं कक्षा का छात्र है। किसी जरूरत के लिए वह अपनी बाइक में सवार होकर पैसे निकालने ग्राहक



सेवा केंद्र तखतपुर गया था। जहां बैंक से 10 हजार निकालकर वह अपने घर वापस लौट रहा था। शाम करीब 5 बजे के आसपास जब वह ग्रीन पार्क कॉलोनी के सामने पहुंचा तो मेन रोड पर ही पेट्रोल पंप के पास दो बाइक सवार युवकों ने उसे रोका और छात्र को धमकाना शुरू कर दिया। बेवजह उन लोगों ने अजय के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच उन लोगों ने छात्र की जेब से 10 हजार निकाल लिए। इतने से ही उनका मन नहीं भरा तो उन्होंने अजय को उसके कपड़े उतारने को कहा। जबरन उससे शर्ट और पेंट उतरवाकर लुटेरों ने उसका शर्ट और पैंट पहन लिया और अपने पहने हुए कपड़े उसे पहनने के लिए देकर दोनों भाग खड़े हुए। लूटे गए छात्र ने लोगों की मदद के लिए आवाज भी लगाई लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। इससे पहले भी इसी तरह लूट की वारदात कई बार हो चुकी है लेकिन रुपए पैसे लूटने के इस तरह पहने हुए कपड़े भी उतार कर उसे पहनने की घटना शायद पहली बार हुई है। पुलिस भी हैरान है कि आखिर यह किस किस्म के लुटेरे हैं जो लोगों से कपड़े भी उतरवा लेते हैं। खैरियत यह है कि लूट के कुछ घंटों बाद ही पुलिस ने दोनों लुटेरों को पकड़ भी लिया।

# पढ़ाई तुंहर द्वार के माध्यम से टारपाली में चल रहा ऑनलाइन शिक्षण कार्य

- व्याख्याता यादव विद्यार्थियों को पढ़ा रहे भूगोल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोरोना संकट के दौर में बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसके लिए छग शासन शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को ऑनलाईन क्लास एवं अन्य कई उपायों के जरिए उन्होंने शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। ताकि ब%चों का पढ़ाई में किसी प्रकार का बाधा न आए और वे समय का उपयोग करते हुए शिक्षण कार्य में जुटे रहे।

कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन में शिक्षा विभाग द्वारा पढ़ई तुंहर द्वार के तहत जिले में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्च.माध्य.वि.टारपाली रायगढ़ में भी यह कार्यक्रम निरंतर चल रह है। भूगोल के व्याख्याता एमआर यादव द्वारा पढ़ई तुंहर द्वार, पढ़ई तुंहर पारा कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में



कक्षा 12 वीं भूगोल के छात्र-छात्राओं को सुबह 10 से 12 बजे तक अध्ययन-अध्यापन करा रहे हैं। इस मौके पर शासन की गाईड लाईन का भी विशेष ध्यान दिया रखा जा रहा है। सभी विद्यार्थी मॉस्क पहनकर आ रहे है और सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन कर रहे हैं। व्याख्याता एमआर यादव द्वारा विगत 16 जून से अब तक के बीते हुए समय को ध्यान में रखकर दो घंटा पढ़ई तुंहर द्वार और 45 मिनट ऑनलाइन द्वारा पढ़ाई करा रहे हैं। ताकि बोर्ड के परिणाम प्रभावित न हो और विद्यार्थी समय का उपयोग करते हुए अपने पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें।

# मिलावटखोरों पर करें सख्त कार्रवाई अबाकरी आयुक्त ने किया फरमान जारी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आबकारी आयुक्त ने प्रदेश के सभी जिलों के जिला आबकारी अधिकारियों को पत्र जारी कर कोचियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। आबकारी आयुक्त से जारी पत्र में कहा गया है कि दूसरे राज्यों में नकली शराब पीने से मौत को गंभीरता के साथ जिक्र किया है। बताया गया है कि नगली शराब पीने से पंजाब राज्य में कई लोगों की आंखों की रोशनी चली गयी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उपभोक्ताओं की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए आपूर्ति भी किया जाए। आबकारी आयुक्त ने जिले के सभी आबकारी महकमें के आलाधिकारियों को पत्र लिखकर शराब के अवैध परिवहन, मिलावटखोरी और अवैध बिक्री के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। पत्र में आयुक्त ने लिखा है कि कोरोना काल में मदिरा दुकाने बन्द हैं। ऐसी स्थिति में लोग नकली शराब का सेवन करने को मजबूर हैं। जिसके चलते उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को खतरा है। इसलिए उपभोक्ताओं को आवश्यकतानुसार पूर्ति शराब की पूर्ति किया जाए। साथ ही अवैध मदिरा निर्माण, परिवहन और विक्रय के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। आयुक्त ने अपने पत्र 9 बिन्दु का निर्देश भी दिया है। बताया गया है कि अमला अवैध शराब निर्माण पर प्रभावी कदम उठाए। अवैध मदिरा परिवहन पर प्रभावी कदम उठाया जाए। जांच चौकियों पर तैनात कर्मचारियों को हमेशा सतर्क रहने को कहें। मदिरा की अवैध बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। आयुक्त ने अपने पत्र में कहा है कि स्थानीय पुलिस के खिलाफ समन्वय बनाकर कार्रवाई करें। साथ ही आनलाइन डिलेवरी को मजबूत बनाते हुए उपभोक्ताओं के हितों का गभीरता से ख्याल रखें। इस बात का ध्यान रखा जाए कि मदिरा दुकानों में स्टाक की कमी ना हो।

# एक ही रात में चोरों ने दो जगह फिल्मी स्टाइल में चोरी की घटना को दिया अंजाम

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात एक ही रात में एक ठेला में संधमारी सहित 20 नग बकरियों की फिल्मी स्टाइल में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। बताया जा रहा बगल में बकरी मालिक सोया था, लेकिन उसे हवा तक नहीं लगी और चोर एक एक कर सारी बकरियां पार कर दिए। फिलहाल सूचना पाकर छाल पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ अंतर्गत छाल थाना क्षेत्र के किदा और साम्हरसिंघा गांव में एक ही रात दो जगह चोरों ने फिल्मी अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिए हैं। चोर पहले ग्राम किदा में सड़क किनारे स्थित ठेला दूकान में हाथ साफ किए। चोरों ने ठेला का ताला तोड़कर सारा सामान ले उड़े, उसके बाद आगे गांव साम्हरसिंघा के बस्ती अंदर संभु राम के 20 बकरियों को उठा ले गए।

बकरी मालिक संभु की मानें तो रात में वह बकरियों के पास ही बरामदे में सोया था, लेकिन उसे हवा तक नहीं लगी और बकरियां गायब हो गई। बकरी मालिक संभु राम की मानें तो रात में उसे कोई नशीली दवा सुंघाई गई थी इसलिए शायद उसकी आंख नहीं खुली और चोर आराम से बकरी ले गए। घंटो बाद जब उसके आंख में कीड़ा रेंगा तो उसकी नींद टूटी। देखा बकरियॉं सारी गायब थी। तब वह मदद के लिए चिंगाने लगा पर किसी का दरवाजा नहीं खुला। चोर इतने शातिर थे के मोहो के सभी घरों के दरवाजों की कुण्डी बाहर से लगा गए थे।

ताकि चोरी के दौरान कोई बाहर न निकल सके। फिलहाल छाल पुलिस सूचना पर मौका मुआयना कर पतासाजी कर रही है।

## सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने दी गई कड़ी हिदायत

कोरबा। लाकडाउन का उल्लंघन करने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने, मास्क न पहनने आदि प्रकरणों पर निगम अमले द्वारा अपने विभिन्न जोनांतर्गत 10500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। लोगों को कड़ी हिदायत दी गई कि वे बिना मास्क पहने घरों से बाहर न निकले, लाकडाउन के दौरान अपने घर पर ही रहें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। दुकानदारों को भी हिदायत दी गई कि वे दुकान खोलने के निर्धारित समय तक ही दुकान खोलें तथा सोशल डिस्टेंसिंग एवं लाकडाउन का पालन अनिवार्य रूप से करें। मास्क न पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने तथा लाकडाउन का पालन न करने वालों पर निगम अमले द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत देश में निर्मित अब तक के सर्वाधिक शक्तिशाली मालगाड़ियों के परिचालन की शुरुआत

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बड़ी उपलब्धि, 12 हजार हार्सपावर लोकोमोटिव इंजन से सफलतापूर्वक दौड़ाया मालगाड़ी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

देश में ही बने अब तक के सर्वाधिक शक्तिशाली 12 हजार अश्व शक्ति क्षमता के मालवाहक रेल इंजन का दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में वाणिज्यिक परिवहन शुरु किया गया है । बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत बिलासपुर से कोरबा तक आज मालगाड़ी का परिचालन 12 हजार हार्सपावर क्षमता के लोकोमोटिव इंजन से किया जाएगा ।

इसके पूर्व द 30 जुलाई, को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ईतवारी स्टेशन से भिलाई रेलवे स्टेशन तक मालगाड़ी का सफलतापूर्वक परिचालन इस इंजन के माध्यम से किया गया था । खास बात यह




है कि 12 हजार अश्व शक्ति वाले इस लोकोमोटिव इंजन का उपयोग मालगाडियों के संचालन के लिए होगी। इसे मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री और फासिसी कंपनी के संयुक्त प्रयास से तैयार किया गया है । इसे बनाने के साथ ही 10 हजार हार्सपावर वाले इंजन उत्पादन की तकनीक वाला दुनिया का छठा देश बन गया है । इस इंजन की मालवहक क्षमता डब्लू ए जी-9 से दोगुना है । इसकी सामान्य गति भी 100 किलोमीटर प्रति घंटा है । इसे 120 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से भी चलाया जा सकता है। लोकोमोटिव एक तीन फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव है । इसकी लंबाई 35 मीटर है। इसमें 1 हजार लीटर हाई कंप्रेसर कैपेसिटी के 2 टैंक है। इस श्री फेस लोकोमोटिव के दो यूनिट है, जिसके प्रत्येक यूनिट में ट्विन बो-बो प्रकार की बोगिया है तथा उनमें 08 ट्रैक्शन मोटर 08 एक्सलो पर स्थापित है । इन लोकोमोटिवों को इस प्रकार की संरचना के कारण ही इनका ना केवल कार्य निष्पादन अन्य लोकोमोटिव की तुलना में अत्यधिक उन्नत है, बल्कि ऊर्जा का व्यय एवं अनुरक्षण का खर्च भी कम है।

यह इंजन पारंपरिक ओएचई लाइनों वाली रेलवे पटरियों के साथ ही ऊंचे ओएचई लाइनों वाले (फ्रेट डेडिकेटेड) समर्पित माल गलियारों पर भी परिचालन करने में सक्षम है । इंजन में दोनों ही तरफ वातानुकलित ड्राइवर कैब हैं । इंजन पुनरुत्पादक ब्रेकिंग सिस्टम से लैस है जो परिचालन के दौरान पर्याप्त ऊर्जा बचत सुनिश्चित करता है । ये उच्च हॉर्स पावर वाले इंजन मालवाहक ट्रेनों की औसत गति को बढ़ाकर अत्यधिक इस्तेमाल वाली पटरियों पर भीड़ कम करने में मदद करेंगे । नई पीढ़ी की इस 12 हजार अश्व शक्ति वाले लोकोमोटिव इंजन के माध्यम से रेल परिचालन शुरू होने से चढ़ाई वाले रेल खंडो में मालगाड़ियों के पीछे लगाए जाने वाले बैंकर इंजनो की आवश्यकता समाप्त होगी एवं मालगाड़ियों की गति बढ़ने से सेक्शन में ज्यादा गाड़ियों के परिचालन के साथ ही यात्री गाड़ियों की समयबद्धता में भी सुधार होगा ।

# फोटो खिंचाऊ साबित हो रहा निगम का महासफाई अभियान : सीनू राव

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

उप नेता प्रतिपक्ष व पार्षद सीनू राव ने नगर निगम द्वारा महासफाई अभियान को फोटो खिचाऊ अभियान निरूपित करते हुए आक्रोश जाहिर किया है। उप नेता प्रतिपक्ष व पार्षद सीनू राव ने सफाई अभियान को लेकर निगम पर बड़ा हमला बोला है। साफ सफाई के लिए ठोस रोडमैप के अभाव में सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। जिन वार्डों में महासफाई अभियान का अमला जा चुका उसके बाद वहां सफाई की सुधि लेने वाला कोई नहीं है आगे पाट पीछे सपाट वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।

- उप नेता प्रतिपक्ष ने निगम की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

उन्होंने कहा कि पिछले माह भर से महाभियान के जरिये सफाई का ढिंढोरा पीटने वाला निगम अमला यह बताए कि बहुतेरे वार्ड ऐसे हैं जहाँ सफाई होने के बाद पुनः गंदगी का ढेर हो रहा है उसे कब और कैसे उठाया जाएगा। महिला अशर्फी देवी चिकित्सालय के सामने महासफाई अभियान का रथ सफाई का ढिंढोरा पिट कर जा चुका, लेकिन वहां फिर से कचरे का अंबार लग गया है। हॉस्पिटल के निकट मुख्य मार्गो की विकट स्थिति है तो अन्य वार्डों की स्थिति का अंदाज सहज लगाया जा सकता है। सड़क में मवेशियों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है इसे रोकने के लिए रोका छेका अभियान के तहत कांजी हाउस तक मवेशियों को छोड़ा जाना है, लेकिन सड़को में आवारा मवेशियों की मौजूदगी रोका छेका अभियान की पोल खोल रही है। अखबारों के माध्यम से सुर्खियां बटोरने के बजाय इस अभियान के तहत जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता उन्होंने बताया। उप नेता प्रतिपक्ष ने महासफाई अभियान व आवारा मवेशियों को पकड़ने रोका छेका अभियान की कार्यशैली से असंतोष जाहिर किया है।

# अब रमन सिंह बताएं कि पनामा पेपर्स वाले अभिषाक ही उनके बेटे अभिषेक सिंह हैं या नहीं : त्रिवेदी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह से पूछा है कि अब रमन सिंह बता दें कि पनामा पेपर्स में जिस अभिषाक सिंह का नाम है वह उनका पूर्व सांसद बेटा अभिषेक सिंह ही है या नहीं? कांग्रेस संचभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि पहले तो रमन सिंह इस बात से इनकार करते रहे कि अभिषेक सिंह अभिषाक सिंह नहीं हैं लेकिन अब वे सच बता दें।

उन्होंने कहा है कि पनामा पेपर्स में जब अभिषाक सिंह का नाम आया तो रमन सिंह कहते रहे कि वे अभिषाक सिंह को नहीं जानते लेकिन जब से कांग्रेस ने सबूत दिए हैं कि उनके बेटे और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ही अभिषाक सिंह हैं तब से वे चुप्पी साधे बैठे हैं।

पनामा पेपर्स में दिए गए पते पर सवाल उठाते हुए शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि पनामा पेपर्स में 'रमन मेडिकल स्टोर्स, विंध्यवासिनी वार्ड, कवर्धा' का पता है, अगर ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड में कालाधन जमा करवाने के लिए किसी और व्यक्ति ने इस पते का दुरुपयोग किया है तो उन्होंने मुख्यमंत्री रहते इसकी शिकायत क्यों नहीं की? उन्होंने कहा है कि अगर वे पहले इसकी शिकायत नहीं कर पाए तो अब भूपेश सरकार से इसकी शिकायत कर दें और कांग्रेस वादा करती है कि सरकार इसकी निष्पक्ष जांच करेगी।

संचार विभाग प्रमुख ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को इस बात का भी जवाब देना चाहिए कि उनके घर के पते पर विदेश में जमा हुआ काला धन अगुस्टा हेलिकॉप्टर की धांधली और दलाली से कमाया हुआ पैसा तो नहीं था? उन्होंने कहा है कि रमन सिंह छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति जवाबदेह हैं और उन्हें बताना चाहिए कि उनके पते पर खुले खाते में पैसा किसका है और कहां से आया?

शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह यह कतई न सोचें कि वे सत्ता से हटते ही जवाबदेही से मुक्त हो गए हैं. वे अपने 15 साल के कार्यकाल की हर धांधली, हर कमीशनखोरी और हर दलाली के लिए जवाबदेह हैं और उन्हें जनता को जवाब देना ही होगा. अभी पनामा पेपर्स की जांच चल रही है और आज नहीं तो कल सच तो सामने आ ही जाएगा और तब तक जनता की ओर से कांग्रेस सवाल पूछती रहेगी कि छत्तीसगढ़ का नवाज़ शरीफ़ कौन है?

# सीएम भूपेश ने रामवनपथ गमन को विकसित करने किए मंजूर 137.45 करोड़ : विकास

■ समूचे देश के साधु-संत, ऋषि-मुनि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्णय की प्रशंसा कर रहे है

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विकास तिवारी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम के ननिहाल और माता कौशल्या के मायके के उन स्थानों का जीणोद्धार और पुनर्निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जो पिछले 15 सालो के भाजपा सरकार के रमन राज में उपेक्षित था।

राम के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा ने कौशल्या माता के मायके को जानबूझकर विश्व पटल नही उकेरा था।छ्त्तीसगढ़ में भगवान राम के वनवास काल से संबंधित जिन स्थानों को पर्यटन-तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है,उनमें कोरिया जिले का सीतामढी-हरचौका तथा सरगुजा का रामगढ़ भी शामिल है। इनमें से रामगढ़ की प्रसिद्धि विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला के लिए भी है। महाकवि कालिदास ने अपनी कालजयी कृति मेघदूतम् की रचना यहीं पर की थी।वनवास के दौरान भगवान राम ने कोरिया जिले से ही छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया था। भरतपुर तहसील के जनकपुर में स्थित सीतामड़ी-हरचौका को उनका पहला पड़ाव माना जाता है। मवाई नदी के किनारे स्थित सीतामड़ी-हरचौका की गुफा में 17 कक्ष हैं। इसे सीता की रसोई के नाम से भी जाना जाता है। वहां एक शिलाखंड है जिसे लोग भगवान राम का पद-चिन्ह मानते हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं ही इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन पर मॉनीटिरिंग कर रहे है छत्तीसगढ़ के मवाई नदी तट पर स्थित गुफा को काट कर 17 कक्ष बनाए गए हैं, जिनमें शिवलिंग स्थापित हैं। इसी स्थान को हरचौका (रसोई) के नाम से जाना जाता है।

भगवान राम हरचौका से रापा नदी के तट पर स्थित सीताम?ी-घाघरा पहुंचे थे। यहां करीब 20 फीट ऊपर 4 कक्षों वाली गुफा है, जिसके बीच में शिवलिंग स्थापित है। आगे की यात्रा में वे घाघरा से निकलकर कोटाडोला होते हुए सरगुजा जिले की रामगढ़ पहाड़ी पहुंचे थे। यह अम्बिकापुर- बिलासपुर मार्ग पर स्थित है। इसे रामगिरि भी कहा जाता है। महाकवि कालिदास के मेघदूतम् में इसी स्थान के दृश्यों का अंकन हुआ है। वनवास के दौरान भगवान राम ने पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ यहां कुछ दिन बिताये थे। इसीलिए वहां स्थित गुफाएं लोक में उन्हीं के नाम से जानी जाती हैं। राम के तापस्वी वेश के कारण एक का नाम जोगीमारा, दूसरे का सीता बेंगरा एवं एक अन्य का लक्ष्मण गुफा पड़ गया।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने बताया कि भगवान राम के वनवास काल से संबंधित स्थानों का पर्यटन-तीर्थ के रूप में विकसित करने का बीड़ा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाया है और यह कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसके लिए राम वन गमन परिपथ तैयार किया जा रहा है। शासन ने राम से संबंधित 75 स्थानों का चयन किया है। पहले चरण में इनमें से 9 स्थानों का सौंदर्यीकरण एवं विकास किया जा रहा है। इसके लिए 137 करोड़ 45 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस परिपथ में अच्छी सड़कों समेत विभिन्न तरह की नागरिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार के इन निर्णय से समूचे विश्व के राम भक्तों में हर्ष व्याप्त है और देशभर के साधु संत ऋषि मुनि भी कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल की कार्यों की सराहना कर रहे हैं उनका कहना है कि योजनाओं के पूर्ण होने के बाद पूरे विश्व के राम भक्त अपने आराध्य के ननिहाल आकर माता कौशल्या के बारे में और भी जानकारी ले सकेंगे एवं रामवन पथ गमन के पावन-पुनीत स्थानों के दर्शन कर सकेंगे।

## कोरोना संक्रमण के कारण गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू नहीं मनाएंगे जन्मदिन

**रायपुर।** कोरोना महामारी संक्रमण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के गृह और लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू 6 अगस्त को अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य मे कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में भारत सहित संपूर्ण विश्व कोरोना महामारी के प्रकोप से त्रस्त है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में लॉकडाउन लागू किया गया है। उन्होंने कहा है जन्मदिन पर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से ही शुभकामनाएं, स्नेह और आशीर्वाद प्रदान कर सकते हैं।

## न्युवोको ने शिक्षा श्रेणी में फिक्की सीएसआर अवॉर्ड जीता

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, देश की प्रमुख निर्माण सामग्री निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं में से एक, ने अपनी परियोजना शिक्षित सुंदरहट्टू के लिए शिक्षा श्रेणी में फिक्की सीएसआर अवॉर्ड 2018-19 को फिक्की सीएसआर अवॉर्ड्स के अठारहवें आयोजन में जीता। पुरस्कार समारोह 27 जुलाई, 2020 को कोविड-19 के मद्देनजर वर्चुअली आयोजित किया गया था, जिसमें अनुराग ठाकुर, राज्य मंत्री, वित्त और कॉर्पोरेट अफेयर्स, भारत सरकार ने अपनी विशेष मौजूदगी दर्ज करवाई। अनुराग ठाकुर ने जॉयदीप चटर्जी, चीफ सीएसआर एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स, न्युवोको को उनके जोजोबेरा सीमेंट प्लांट, झारखंड के पास संचालित की जा रही परियोजना शिक्षित सुंदरहट्टू के लिए अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड लंबे समय से स्थायी विकास और सुधार के लिए प्रतिबद्ध है, यह कंपनी के दृष्टिकोण का एक आंतरिक हिस्सा है। न्युवोको अपने पांच सीएसआर स्तंभों के माध्यम से 103 गांवों में 1,98,000 से अधिक लोगों के जीवन में बदलाव करके समाज का समर्थन करने में सक्षम है।












सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403